श्रावण शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 273, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





इगा और सिनर सेमीफाइनल में 11
अमिताभ बच्चन ने काम करने की बताई वजह 12



RAKSHA BANDHAN & JANMASTAMI
BIG SALE 10–50%Off
ऑफर अवधि 19 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक

FABER चिमनी ₹ 6990/- से शुरु
Aquaguard R.O. ₹ 7990/- से शुरु
Orient गैस गीजर ₹ 5490/- से शुरु
फ्रिज ₹ 9990/- से शुरु
Greenchef Air Fryer ₹ 3490/- से शुरु
कुक टॉप ₹ 1990/- से शुरु

विश्वस्तरीय ब्राण्ड
SONY, Whirlpool, HITACHI, GENERAL, PHILIPS, IFB, BPL, Kelvinator, FABER, CROWN, V-GUARD, orient electric

पाठक इन्टरप्राइजेज — सीतापुर आँख अस्पताल के सामने, शाहजहाँपुर — M .: 9450445727
सिद्धि विनायक सेल्स — कृष्णानगर, निकट हॉण्डा शोरूम, शाहजहाँपुर — M .: 8787056794
पाठक इन्टरप्राइजेज — घंटाघर, स्टेशन रोड, शाहजहाँपुर — M .: 9369689185

HONDA
GRAB INCREDIBLE DEALS
ON YOUR FAVOURITE Honda2Wheeler
Instant Cashback of 5% Up TO INR 5000*
No Documentation* | Low Downpayment Starting Rs. 6999/- | No Hypothecation





FREE 3+3 Year Extended Warranty*
EASY EMI 6990/-
ENTEREST @ 6.99%
Term & Condition Apply

सिद्धि विनायक होंडा
सेल्स–कृष्णानगर, फायर स्टेशन। सर्विस सेन्टर–बंकाघाट, बिसरोत रोड, शाह०
M .: 9636122705

बुकिंग सिर्फ 5100/- से शुरु
धमाका मैरिज पैकेज बुकिंग ऑफर
मैरिज पैकेज 151000/- कीमत मात्र

| आईटम | ब्राण्ड | कीमत |
|---|---|---|
| मोटर साइकिल | हॉण्डा शाइन–100 (ऑन रोड) | 76,985/- |
| फ्रिज | केल्वीनेटर 188 ली. Ref | 18,000/- |
| वाशिंग मशीन | BPL 7kg | 13,990/- |
| LED | Crown 32" Smart LED TV | 14,490/- |
| डबल बेड | डबल बेड | 34,900/- |
| अलमीरा | त्रिवेणी अलमारी | 12,400/- |
| ड्रेसिंग टेबिल | ड्रेसिंग टेबिल | 16000/- |
| गद्दे | गद्दे | 16000/- |
| तकिया | पिलो सेट ए–वन | 1500/- |
| चादर | डबलबेड चादर गोदरेज | 900/- |
| आईटम 10 | कुल कीमत | 2,05000/- |

ऑफर अवधि 14 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक

सिद्धि विनायक सेल्स
कृष्णानगर, निकट हॉण्डा शोरूम, शाहजहाँपुर
M .: 8787056794, 9636122705

आप सभी को रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वामी शुकदेवानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर–242226
सम्बद्ध–एम0जे0पी0 रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
अध्ययन केन्द्र–इंदिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

अनुदानित पाठ्यक्रम
बी.ए. (अंग्रेजी हिन्दी, अर्थशास्त्र राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, संस्कृत)
बी–एस.सी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित)
बी.काम., बी.एड.
एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स–रेंजर्स

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम
बी.ए. (गृहविज्ञान, ड्राइंग एण्ड पेन्टिग, संगीत (गायन), इतिहास, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान एवं दर्शनशास्त्र)
बी–एस.सी. (जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान)
बी.बी.ए., बी.सी.ए.
बी.काम. आनर्स
बी.काम. फाईनेन्स, बी.काम. कम्प्यूटर, बी.एड.
एम.ए. (हिन्दी,अंग्रेजी,अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास एवं गृहविज्ञान)
एम–एस.सी. (रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं जन्तु विज्ञान)
एम.एड., एम.काम.

डा. अवनीश कुमार मिश्रा — सचिव
स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती — अध्यक्ष, प्रबंध समिति
प्रो. डा. आर.के. आजाद — प्राचार्य

Website-www.sscollegespn.org., E-mail: sspgspncollege@gmail.com

आप सभी को रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

नैक बी+ ग्रेड
स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय
मुमुक्षु आश्रम, शाहजहाँपुर–242226
(सम्बद्ध महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली एवं बार काउन्सिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)

महाविद्यालय की उपलब्धियां
- नगर का प्रथम विधि महाविद्यालय।
- बी.सी.आई. मानको के अनुसार सीटों की अधिकतम संख्या।
- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय का प्रथम विधि महाविद्यालय है, जिसे विधि परस्नातक (एलएल.एम.) पाठ्यक्रम की अनुमति प्राप्त हुई है।
- प्रतिष्ठित पूर्व छात्र – न्यायिक अधिकारियों, लोक अभियोजक, सहायक अध्यापक, बैंक अधिकारियों एवं सर्वोच्च न्यायालय तथा विभिन्न उच्च न्यायालयों में अधिवक्ता।
- उत्कृष्ट परिणाम – वर्ष 2011, 2013, 2016-2017 में कालेज के कई छात्रों ने स्वर्ण पदम हासिल किया।
- उत्कृष्ट खेल सुविधाएं – छात्र-छात्राओं के लिये महाविद्यालय में इन्डोर स्टेडियम तथा क्रीड़ागन की सुविधा उपलब्ध है।
- कालेज के द्वारा पुस्तकें और पत्रिकाएं भी प्रकाशित की गई है। महाविद्यालय द्वारा अब तक 10 से अधिक राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया है जिनमें केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपतियों, संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं विधि के प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।
- समृद्ध, वातानुकूलित पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी।
- वातानुकूलित मूट कोर्ट, सभागार की सुविधा।
- शीतवाद नियंत्रित अध्ययन कक्ष, अध्यापकों तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिये सुव्यवस्थित कक्ष एवं आधुनिक सुविधायें।

स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती — अध्यक्ष, प्रबंध समिति
डा. अवनीश कुमार मिश्रा — सचिव
डा. जयशंकर ओझा — प्राचार्य

हर घर की पसंद
AMINANT®
MILK & MILK PRODUCTS
अमिनन्त परिवार की ओर से आप सभी को
दूध, दही, छाछ, पनीर, खोया, क्रीम, मक्खन, देशी घी
रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Head Office Address: Shop No. 741-fazil Press, Opp City Railway Station, Bareilly 243001
DISTRIBUTOR ENQUIRY 7456827800, 7409911370
Follow Us : aminant milk and milk products
www.aminantmilk.in | info@aminant.in

आप सभी क्षेत्रवासियों को
रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप – संतोख सिंह संधू
अध्यक्ष, आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत
/santokhsandhu13 /santokhsandhu0001 9719979719

आप सभी क्षेत्रवासियों को
रक्षाबन्धन एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. दलजीत गुरभाग सिंह
अध्यक्ष
जिला पंचायत, पीलीभीत (उत्तर प्रदेश)

## एक नजर

### राज किशोर को मिला श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ओसीएफ इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राज किशोर मिश्रा को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि फील्ड यूनिट कानपुर के उप महानिदेशक एसके सिंह ने सम्मान स्वरूप एक हजार रुपये नगद पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

### मंचन के जरिए बताया मोबाइल का दुष्प्रभाव

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** केडी सिंह कॉलेज सुगसुगी में छात्राओं ने रविवार को अनपढ़ नेता और मोबाइल के दुष्प्रभाव पर नाटक का मंचन किया। इस दौरान सुदामा चरित्र का भी मंचन किया गया। इस अवसर पिंकी, स्नेहा, पूनम, रेशमा, दिव्यांशी यादव, प्रियाशी, शिवानी, दिव्यांशी शुक्ला, रामगोपाल, राधा, प्रशांत, देवराज, नंदनी, काजल, खुशी, अनामिका, शानू, मोहित, सुरजीत यादव आदि ने अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक संतोष सिंह, दिनेश मिश्रा, अरुण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक पाठक ने किया।

### झूठा मुकदमा दर्ज कराने की दी धमकी

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी कदीर अली ने पुलिस को बताया कि वह और उसके परिजनों की गैरमौजूदगी में उसके पुत्र साकिब की पत्नी छुन्नों अपने भाई जाबिर खां के साथ उसके घर से जेवर और 17 हजार रुपये नगद लेकर चली गई थी। कुछ माह बाद वह अपनी बहू को विदा कराने गया तो बहू ने पांच लाख रुपये की शर्त रख दी। मना करने पर बहू ने ससुराल जाने से साफ इनकार कर दिया। जबकि उसे और उसके परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी है।

### मेधावी रुद्रांश को किया सम्मानित, राशि भेंट की

**सिंधौली, अमृत विचार :** एसओएफ परीक्षा में जोनल स्तर पर प्रथम तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान पाकर योग्यता का डंका बजाने वाले आरएलडी पब्लिक स्कूल में पढ़ रहे प्राथमिक वर्ग के छात्र रुद्रांश मिश्र को विद्यालय में सम्मानित करते हुए गोल्ड मेडल पहनाकर 5000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की गई।

# रक्षाबंधन पर्व आज, बहनों को भा रहीं फैंसी राखियां और लुंबा

## भाइयों के लिए आकर्षक राखियां खरीदने को देर रात तक बाजार पहुंचती रही बहनें, मिठाई की दुकानों पर रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज मनाया जाएगा। सावन के अंतिम दिन मनाए जाने वाले त्योहार के लिए बाजार में खासी रौनक हैं। रविवार को एक ओर जहां बहनें अपने भाइयों के लिए फैंसी और आकर्षक राखियां खरीदने में जुटी रहीं, वहीं भाई भी बहनों के लिए तरह-तरह के उपहार खरीदने में जुटे रहे। त्योहार के लिए मिठाई की दुकानें भी सजने लगी हैं। वहीं राखी बांधने का मुहुर्त दोपहर बाद होने से बहनों का अतिरिक्त समय मिल गया।

श्रावण मास के अंतिम दिन मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर चहुंओर उत्साह और उमंग दिखाई दे रही है। बाजार में सड़क किनारे राखियों की सैकड़ों दुकाने सजी हुई हैं, जिन पर दुकानें खुलने से लेकर देर रात तक राखियां खरीदने वाली महिलाओं, युवतियों और बच्चों की भीड़ जुटी रही। सभी अपने भाइयों के लिए मनचाही राखी खरीदने में जुटे हैं।



रविवार को बाजार में खरीदारी करने उमड़े लोग। ● अमृत विचार

### मारवाड़ी छक्कलिया और पंजाबी एक ओंकार राखी की भी मांग

इस बार में बाजार में फैंसी राखियों की भरमार है। राखी के साथ सुहागिन महिलाओं के लिए पंजाबी और राजस्थानी लुंबे भी खूब खरीदे जा रहे हैं। त्योहार के लिए मारवाड़ी छक्कलिया, पंजाबी एक ओंकार, अमेरिकन डायमंड, लुंबा, जर्किन, कड़े वाली लेडीज राखी, ब्रैसलेट समेत चंदन, रोली-अक्षत, तुलसी समेत तमाम प्रकार की राखियों से दुकानें भरी पड़ी हैं। इसी तरह बच्चों के लिए स्पाइडर मैन, डोरेमोंस, ब्रो राखी, शिव चैन, छोटा भीम, ही मैन, मैगी, पिज्जा, बर्गर, समोसा, डोसा आदि राखियां लुभा रही हैं।

### उपहारों की दुकानों पर जुटे खरीददार

वहीं, मिठाई और तरह-तरह के उपहारों से भी दुकानें सजी हुई हैं। लोग राखी बंधवाने के बाद बहनों को गिफ्ट देने की तैयारी में जुटे रहे। साड़ी-सूट, कलाई घड़ियों से लेकर बच्चों के लिए चाकलेट, नमकीन, ब्रांडेड मिठाई आदि की डिमांड खूब रही। इसके लिए बाजारों में चारों ओर दुकानें रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रही हैं। दुकानदारों ने गिफ्ट आइटम दुकान के बाहर तखत डालकर डिस्प्ले कर दिए हैं, ताकि ग्राहकों की नजर में आ सकें। साड़ी और सूट की दुकानों पर भी देर रात तक भीड़ जुटी रही। सराफा बाजार भी खुशी से झूम रहा है। त्योहार पर बाजार की रौनक देखते ही बनती है।



दुकानों पर राखियां खरीदतीं बहनें। ● अमृत विचार



दुकान पर बहन के लिए उपहार पसंद करता भाई। ● अमृत विचार



भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक पवित्र रक्षाबंधन पर्व इस बार अपरान्ह 1.25 बजे के बाद से शुभ रहेगा। इससे पहले भद्रा लगी रहने के कारण शुभ मुहूर्त 1.25 बजे के बाद ही निकल रहा है। इससे पहले का समय अशुभ है। शुभ मुहूर्त शुरू होने के बाद बहनें अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं।

– पंडित अवधेश मिश्र, ज्योतिषाचार्य

### अभियानः खाद्य सुरक्षा की टीम ने लिए नमूने

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रक्षा बंधन त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम ने छापामारी कर 20 खाद्य पदार्थ के नमूने भरे, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया। रविवार को मोहल्ला कटिया टोला में स्थित मिठाई की दुकान पर छापेमारी कर मिठाई के नमूने लिए गए। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन व डीएम उमेश प्रताप सिंह के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। सहायक आयुक्त खाद्य चंद्रशेखर मिश्रा के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी ने 14 से 18 अगस्त तक छापामार कार्रवाई से कुल 20 खाद्य पदार्थ के नमूने लिए गए। जिनमें से पनीर के तीन नमूने, दो बूंदी के लड्डू के तीन नमूने, दूध एवं खोया से बनी मिठाई के पांच नमूने, सेवई के एक नमूने, बेसन का एक नमूना, इन नमूनों की जांच करने के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम में अनिल प्रताप सिंह , अजीत सिंह, मनोज श्रीवास्तव, कृपा शंकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए नेता जी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचारः** सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने रविवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर सुभाष चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी ।

इस दौरान संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खां एडवोकेट ने कहा कि देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाने के लिए नेताजी ने अहम योगदान दिया। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश से अंग्रेजी हुकूमत के पैरों को उखाड़ फेंका था।

तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, के उनके एक नारे ने युवाओं को आजाद हिंद फौज से जोड़ने का कार्य किया था। संस्था के पदाधिकारियों ने पुण्यतिथि पर नेताजी को नमन करते हुए उनके सिद्धांतों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संस्था के महासचिव अनूप कुमार एडवोकेट, सह कोषाध्यक्ष शालू यादव, उपाध्यक्ष नुजहत अंजुम, शिवम वर्मा, सरदार हरजीत सिंह, सचिव निखिल महेंद्रु, राजविंदर सिंह राजा, बबौरी प्रधान अनिल कुमार गुप्ता, पिलखना प्रधान अमर सिंह यादव, इंटरनेशनल खिलाड़ी अजय पाल वर्मा, अभिषेक पांडे, सुधीर कुमार, श्रवण यादव, सोनू सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एकत्र पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### हिंदू शेर सेना के कांवड़ सहयोगी भंडारे का समापन

**कांट, अमृत विचार :** जलालाबाद-शाहजहांपुर हाईवे नहर कोठी कांट रोड पर स्थित कांवड़िया सहायता शिविर व भंडारे का रविवार को समापन हो गया। जिला अध्यक्ष संदीप अग्निहोत्री नेतृत्व में सावन के पहले दिन से ही चल रहे विशाल भंडारे का आज समापन हो गया। भंडारे में शेर सेना की पूरी कमेटी का सहयोग रहा। सहायता शिविर में भक्तजनों ने सावन के पूरे माह गोला कांवड़ ले जा रहे शिव भक्तों की सेवा की। संदीप ने कांवड़िया सहायता एवं पुलिस सहयोग कैंप के समापन पर पुलिस सहयोग के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्ववनी कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विकास हिंदू, शोभित हिंदू, वीनू हिंदू, आकाश हिंदू, लालू हिंदू, हिमांशु हिंदू, सत्यम, विमल, राहुल, कुलदीप, अमन, नागेश, मुलायम, शुभम मिश्रा, विवेक, अभिषेक ,गौरव ,अभिनव आदि बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# गार्गी, शार्वी और अभिनव ने जीते पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जीजीआईसी में हुई जिला स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता
- कई कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में रविवार को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से जिला स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत में विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर तिलहर के आचार्य चंदन कुमार आर्य के संयोजन में चली प्रतियोगिता में संस्कृत गीत में संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा गार्गी रस्तोगी को प्रथम, अनंत विज्ञान संस्कृत विद्यालय शीतला पीठ के संजीव त्रिपाठी को द्वितीय और आर्य महिला इंटर कॉलेज की रमा लक्ष्मी शुक्ला को तृतीय स्थान मिला। संस्कृत वाचन में सरला देवी बालिका इंटर कॉलेज तिलहर की शार्वी को प्रथम, आर्य महिला इंटर कॉलेज की ईशा को द्वितीय और कर्नल एकेडमी ग्लोबल की अपराजिता शुक्ला को तृतीय व संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में गुरुकुल संस्कृत विद्यालय रुद्रपुर के अभिनव को प्रथम, नैतिक कुमार को द्वितीय और आयुष कुमार को तृतीय स्थान मिला।

निर्णायक मंडल में डॉ. कनक रानी, बलवीर शास्त्री, डॉ. धारणा याज्ञिकी, सत्यदेव शर्मा, डॉ. महिमा शुक्ला और संत कुमार मिश्र शामिल रहे। समापन पर मुख्य अतिथि आर्य कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना और कार्यक्रम अध्यक्ष मेजबान कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेताओं को प्रशस्तिपत्र और शील्ड भेंटकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में प्रेम शंकर सक्सेना, संजय शंकर मिश्रा, महेंद्र कुमार, राजीव श्रीवास्तव, नेहा मिश्रा, प्रदीप शर्मा, एकता सिंह, डॉ. अवधेश कुमार, मनोज कुमार आदि का सहयोग रहा।



जीआईसी में हुई संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिताओं के विजेता। ● अमृत विचार

# पेड़-पौधों को राखियां बांध लिया सुरक्षा का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की रक्षाबंधन पर चली मुहिम

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स से जुड़ी महिला सदस्यों ने रविवार को रक्षाबंधन पर्व पर पेड़-पौधों को राखियां बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। साथ ही पेड़ों के दीर्घायु होने की कामना भी की।

संरक्षक डॉ. दीपा सक्सेना, डॉ. दीपा दीक्षित आदि ने बताया कि वीआईपी ग्रुप द्वारा लगाए गए पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया जा रहा है, ताकि सभी बहनें अपने भाइयों की तरह पर्यावरण के रक्षक पेड़-पौधों को भी संरक्षित कर सकें। इस मुहिम की शुरुआत हनुमतधाम परिसर से की गई। इसके बाद सुभाष चौराहा, कारगिल शहीद रमेश चंद्र पार्क में भी पौधों को राखियां बांधी गईं। अध्यक्ष नीतू गुप्ता और ग्रुप क्रिएटर अभिनय गुप्ता के नेतृत्व में चली मुहिम में संयोजक रिद्धि बहल, पूनम वर्मा, रितिका निझावन, सोनिया बजाज, डॉ. रश्मि बहल, दीपमाला रस्तोगी, अंशिका बाथम, मानसी रोहरा, चांदनी वर्मा, चारू अग्निहोत्री आदि महिलाएं शामिल रहीं।

### मलिन बस्ती में मनाया रक्षाबंधन, दिए गिफ्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मानवता वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने रविवार को पुवायां मार्ग स्थित मलिन बस्ती में बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। सोसाइटी के सदस्यों ने बच्चियों से राखी बंधवा कर उन्हें स्कूल बैग, चॉकलेट आदि भेंटकर उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर संस्थापक अमित कुमार श्रीवास्तव, प्रतीक्षा, संजीव सक्सेना, प्रत्यक्ष, नीरा श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र, विकास कोली, सिमरन मेहरा, शगुन, आकाश आदि मौजूद रहे।

### राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**मकसूदापुर, अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र के मीरी पीरी खालसा अकादमी में रविवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राइमरी व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्राइमरी में निमरत कौर प्रथम, रासनदीप सिंह द्वितीय और जूनियर वर्ग में सिमरत कौर प्रथम, नवरीत कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दलविंदर सिंह ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रकाश डाला और सभी को स्नेहपूर्वक रहने व मन लगाकर पढ़ाई करने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मनदीप कौर, रणजीत कौर, मनजीत कौर, सुखमीत कौर, गुरविंदर सिंह, परमजोत सिंह, बसंती शर्मा, अनुकृति चौहान, प्रशांत मिश्रा, अमित जायसवाल, सत्यम शुक्ला व अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### एकल विद्यालय परिवार की बहनों ने कोतवाली में मनाया पर्व



पुवायां। रविवार को एकल विद्यालय समिति के सचिव ओमेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आचार्य बहनों ने कोतवाल हरपाल सिंह बालियान समेत पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान कोतवाल ने आचार्य बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार भाई बहन के अटूट प्यार और स्नेह का प्रतीक है। ओमेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति के इस अनूठे त्योहार से हमें यह शिक्षा मिलती है कि प्रेम और समर्पण के बिना सभी रिश्ते अधूरे हैं। कार्यक्रम में कोतवाल हरपाल सिंह बालियान, ओमेंद्र सिंह फौजी, अंकुल शुक्ला, कुमार अंचल, अभियान प्रमुख अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अमित कुमार, प्रधान शिव महान सिंह जीतूराम, अमरजीत, कोतवाली पुलिस स्टाफ एवं आचार्य सूरज विश्वकर्मा सहित तमाम बहनें उपस्थित रहीं।

### आचार्य बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**खुटार, अमृत विचार :** एकल विद्यालयों की आचार्य बहनों ने रविवार सुबह थानाध्यक्ष संजय कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों के राखी बांधकर रक्षाबंधन मनाया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष थानाध्यक्ष संजय कुमार और पूर्व बार संघ अध्यक्ष पुवायां के अध्यक्ष जय शंकर अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। आचार्य बहनों ने पुलिसकर्मियों को तिलक कर राखी बांधी और मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा कराया। आरती उतारकर उनके दीर्घायु और सलामती की कामना की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रक्षा का वचन दिया। साथ ही उपहार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान की। इस मौके पर एसआई प्रमोद कुमार, जीत सिंह, गौरव कुमार, मुकेश गिरी, अनुराग आदि पुलिसकर्मी और एकल विद्यालय के अखिलेश मिश्र, नितिन मिश्र, हरिपाल, शिवसरण वर्मा, मुनीश कुमार, सूरजपाल, भानु प्रभाकर सिंह और आचार्य बहनें मौजूद रहीं।



पुलिसकर्मियों को राखी बांधने पहुंची बहनें। ● अमृत विचार



रक्षा बंधन मनाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### भाईयों ने दिया बहन की रक्षा का वचन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** खुदागंज स्थित ऑस्कर ग्लोबल पब्लिक स्कूल में रविवार को रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की, वहीं छात्रों ने भी छात्राओं की सुरक्षा का संकल्प लिया। बच्चों ने रंग बिरंगी राखियां बनाकर कला का प्रदर्शन किया। डायरेक्टर सचिन बाथम ने बताया कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार है। भाई बहनों को सदैव रक्षा करने का वचन देते हैं। प्रधानाचार्य जिया खान ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन पर्व की पौराणिकता, पवित्रता और महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अवनीश सिंह, राहुल सिंह, शशांक सिंह, नीरज भारती, रितु, फरमान, मुस्कान, आरती, राजकुमारी, विभू , सुनील दुबे, दीपाली सिंह, रिया सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

### बच्चों को स्टेशनरी वितरित करेंगे सीनियर सिटीजन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी की साधारण बैठक रविवार को एसपी कॉलेज सभागार में हुई। इस अवसर पर शिक्षाहित को देखते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिलाध्यक्ष सरोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई बैठक में रक्तदान शिविर लगाने, स्कूली बच्चों को कॉपी-किताबें और आवश्यक स्टेश्नरी वितरित करने के प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही जिला अस्पताल में सीनियर सिटीजन के लिए अलग काउंटर की मांग करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राणा परवीन, अधिवक्ता समीर सक्सेना, उपाध्यक्ष विष्णु प्रकाश गुप्ता, सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता आदि ने विचार रखे। बैठक में हर चरण मिश्रा, राज कुमार सक्सेना, अतुल कुमार गुप्ता, महेश गुप्ता, ओंकार मिश्रा, मंजुला सक्सेना, सतीश चंद्र पांडेय, कृष्णधार मिश्रा, दिनेश चंद्र शुक्ल, रामजी लाल बाजपेई, हरि राम शर्मा, शिव नंदन सक्सेना, सुशील आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाध्यापक ने बच्चों को पीटा, वीडियो वायरल

संवाददाता, बंडा

- घास छीलने और ईंटें ढोने से मना करने पर दी सजा
- बीईओ ने कहा- मामले में जांच के बाद होगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** बच्चों के घास छीलने और ईंटे ढोने से मना करने पर प्रधानाध्यापक ने बच्चों को जमकर पीटा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में एक बच्चे के पिता ने थाने पर तहरीर देकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

एक उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने बच्चों से स्कूल की सफाई के लिए घास छिलवाने व स्कूल में हो रहे निर्माण कार्य में ईंटे ढुलाई का काम कराया जाता है। कुछ ने जब काम करने से मना कर दिया तो प्रधानाध्यापक ने डंडे से बच्चों को जमकर पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई है। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गांव तिदुआ नगरिया निवासी शिवसरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र विशाल कुशवाहा( 13 ) उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 7 का छात्र है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक की ओर से आए दिन बच्चे से पढ़ाई न करा कर घास छीलने जैसे कई काम कराए जाते हैं। मना करने पर प्रधानाध्यापक मारपीट करने लगा है। शनिवार को प्रधानाध्यापक ने लाइट के विषय में पूछने पर बच्चे को जमकर पीटा। प्रधानाध्यापक की ओर से कई छात्रों को पीटने व खाल खींचने की धमकी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

> इस समय छुट्टी पर हैं। छुट्टियां खत्म होने के बाद स्वयं इसकी जांच करेंगे। प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी।
> – **नवीन कुमार**, खंड शिक्षा अधिकारी
>
> खंड शिक्षा अधिकारी से बात कर जांच कराई जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। – **राकेश कुमार मौर्या**, थाना प्रभारी

### शाहजहांपुर महोत्सवः प्रतिभागियों ने दिया ऑडीशन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्रिएटिव आर्ट ग्रुप और उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 29 अगस्त से मनाए जाने वाले शाहजहांपुर महोत्सव के लिए रविवार को सिंगिंग, डांसिंग आदि के ऑडीशन लिए गए। ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना ने बताया कि चार दिवसीय महोत्सव में सिंगिंग, डांसिंग, किड्स मॉडलिंग एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए अटल ऑडोटोरियम में हुए ऑडीशन में प्रतिभागियों का चयन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति रामचंद्र सिंघल, ग्रुप के अध्यक्ष सचिन बाथम, ओंकार मनीषी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गायन एवं मॉडलिंग के हुनर दिखाकर निर्णायकों के समक्ष अपना दावा पेश किया। निर्णायक मंडल में मो. अजीज, गगन खन्ना, देवेश यादव शामिल रहे। ऑडिशन दिलीप गुप्ता, हर्ष कुमार, अंशिका गुप्ता, देवराज सिंह देवा, महासचिव विक्रांत बखिया आदि का योगदान रहा।



डांस का ऑडीशन देती प्रतिभागी।





लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश 11

35 साल बाद फिर से रिलीज होगी मैंने प्यार किया 12

कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या का मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, 20 को सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले का रविवार का स्वतः संज्ञान लिया और 20 अगस्त (मंगलवार) को सुनवाई करेगा।



- सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन जजों की पीठ गठित

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त 2024 को स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। 9 अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर के साथ शर्मशार करने वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14 अगस्त को उस अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया। डॉक्टर दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में देशभर के डॉक्टर लगातार जगह-जगह धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

### पद्म विजेता चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** कोलकाता की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए 70 से अधिक पद्म पुरस्कार विजेता चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा से निपटने के लिए एक विशेष कानून शीघ्र लागू किए जाने की मांग की है। अशोक वैद, हर्ष महाजन, अनूप मिश्रा, अलका कृपलानी और मोहसिन वली जैसे प्रसिद्ध डॉक्टरों ने इस खतरनाक स्थिति से निपटने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से तत्काल और व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की मांग की और सुझाव दिया।

## सपा की आदत छुड़ाने के लिए है कानून का डंडा : मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ ने कहा, सपा मुखिया दुष्कर्मियों-अपराधियों को बचाने का करते हैं काम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर आरोप लगाया कि सपा मुखिया बेशर्मी के साथ दुष्कर्मियों और अपराधियों को बचाने का काम करते हैं। ऐसा लगता है कि इनकी पार्टी का चरित्र ही ऐसा हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ये आदत छुड़ाने के लिए कानून और कानून का डंडा भी है। इन्होंने हर दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना अपने जीवन का लक्ष्य मान लिया है।

कुमारगंज स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। करीब 30 मिनट के संबोधन में आठ मिनट तक उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी और उनके मुखिया को घेरा। मुख्यमंत्री ने कोलकाता, अयोध्या और कन्नौज में बेटियों के साथ हुई हैवानियत को लेकर सपा नेताओं को कठघरे में खड़ा किया। कहा कि सपा के नेता कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ गैंगरेप को अंजाम देने वाले दुष्कर्मियों का समर्थन कर रहे हैं।



छात्रा को टैबलेट प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### युवाओं के साथ कोई अन्याय नहीं कर पाएगा

2017 से पहले नौकरियों में भ्रष्टाचार का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विपक्षी दलों की सत्ता थी, तब ये युवाओं के हकों में भी ऐसे ही डकैती डालते थे। नौकरी में भी भेदभाव होता था, कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ता था। आज हम कह सकते हैं कि साढ़े छह लाख नौजवानों को नौकरी दी और इसकी शुचिता पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है।

### अयोध्या को लहूलुहान करने वाले ही कर रहे बदनाम

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या को बदनाम करने की साजिश है। आज अयोध्या बदल रही है। पहले कितनी संकरी गलियां होती थीं, आज यह फोर लेन से जुड़ गया है। यहां के मार्ग, एयरपोर्ट दुनिया को आकर्षित कर रहे हैं। अयोध्या को बदनाम करने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने अयोध्या को लहूलुहान किया था।

MONTE CARLO
SALE START
20% to 50%
वास्तविक छूट
शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, ट्राउजर, लोअर ट्रैक सूट, लेडीज जीन्स, लेडीज टॉप, कुर्ती फुटवियर, पर्स, साड़ियाँ, लेडीज सूट, ड्रेसेज
7 DAYS OPEN
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bareilly. Mob.7088300050 | DD Puram, Bareilly. Mob.7055359111

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
मानसून ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं, बनाई जाएगी नई सूची

**69,000 शिक्षक भर्ती मामला**

बेसिक शिक्षा के सचिव तैयार करेंगे नई सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बेसिक शिक्षा और न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा- आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को मिले आरक्षण का लाभ

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार तीन माह के भीतर 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई सूची तैयार करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा और न्याय विभाग के शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार को अहम बैठक में स्थिति साफ कर दी। उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मिलना ही चाहिए।

बैठक के बाद यह भी संकेत मिल गया कि राज्य सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को उच्च न्यायालय के निर्णय के सभी तथ्यों से अवगत कराया गया। सर्वोच्च न्यायालय के ऑब्जर्वेशन एवं उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ बेंच के निर्णय के आलोक में कार्यवाही करने के लिए विभाग को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट मत है कि संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्राप्त होना ही चाहिए एवं किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम और महानिदेशक कंचन वर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती की नई सूची बनाने को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। न्याय विभाग के अधिकारियों समेत सरकारी अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से उर्ध्वाधर आरक्षण को लेकर दिए गए ऑब्जर्वेशन के क्रम में हाईकोर्ट के आदेश का बारीकियां प्रस्तुत की। बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी थे।

सूत्रों का कहना है कि बेसिक शिक्षा के सचिव सुरेंद्र तिवारी हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में नई सूची तैयार करेंगे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि नई सूची में कितने नए अभ्यर्थी शामिल होंगे और कितने नाम बाहर होंगे, अभी तय नहीं हुआ है। हालांकि अलग-अलग संख्या शिक्षक नेताओं की ओर से बताई जा रही है। सूची बनने पर ही सही आंकड़ा सामने आएगा।

### आसान नहीं था आंदोलन से कोर्ट तक का सफर

69 हजार शिक्षक भर्ती में धांधली की लड़ाई आसान नहीं थी। मुख्यमंत्री आवास से लेकर विधानसभा, भाजपा, शिक्षा मंत्री का आवास, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आवास समेत सात महीने 100 फीट ऊंची टंकी पर प्रदर्शन के साथ इस दौरान आंदोलनकारियों ने कुछ साथियों को भी खो दिया। अयोध्या के अजय जायसवाल बताते हैं कि कुछ साथियों ने सुसाइड भी किया, लेकिन मजबूती से लड़ते रहे। अंततः हाइकोर्ट से जीत मिली और अब तीन माह में नई सूची जारी होते ही नौकरी भी पक्की हो गई है। आंदोलन का नेतृत्व करने वाले रायबरेली के कृष्णचंद ने भी तमाम दुश्वारियां गिनाई।

रक्षाबंधन मनाने पिकअप से घर लौट रहे थे श्रमिक

## बुलंदशहर में बस और पिकअप की टक्कर, 10 की मौत, 27 घायल

बुलंदशहर, एजेंसी



- मुख्यमंत्री योगी ने घायलों के इलाज के दिए निर्देश
- सलेमपुर थाने के पास हुआ भीषण हादसा

जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक पिकअप और निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रविवार को पिकअप वैन और निजी बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि पिकअप वैन गाजियाबाद से संभल की तरफ जा रही थी। तभी सलेमपुर थाना के करीब यह दुर्घटना हुई।

जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद की एक ब्रेड कंपनी में काम करने वाले 35 से अधिक श्रमिक पिकअप में सवार होकर गाजियाबाद से अलीगढ़ की तहसील अतरौली के गांव रायपुर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने जा रहे थे। पिकअप जैसे ही सलेमपुर थाने के पास पहुंची तो सामने से आ रही तेज रफ्तार डग्गामार बस आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिला प्रशासन के मुताबिक, इस हादसे में कुल 37 यात्री घायल हो गए, जिनमें से 10 यात्रियों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 27 घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए उन्हें और अन्य अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

पुलिस के अनुसार इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 10 लोगों में से सात लोग अलीगढ़ जिले के हैं और एक बुलंदशहर जिले का है, जबकि दो की पहचान नहीं हो सकी है। मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के पाली थाना इलाके के अहेरिया नगला निवासी मुकुट सिंह, दीन नाथ, ब्रजेश, शिशुपाल, बाबू सिंह, गिर्राज सिंह और सुगरपाल के आवाला बुलंदशहर जिले के रामघाट थाना इलाके के ऊंचा गांव निवासी ओमकार के रूप में हुई है।

### बस चालक स्टेयरिंग फंसकर हुआ बुरी तरह जख्मी

हादसा इतना भयावह था कि बस की टक्कर के बाद पिकअप सवार लोग सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। हादसे के दौरान बस चालक भी बस के स्टेयरिंग में फंसकर बुरी तरह से घायल हो गया। लोगों ने क्रेन की मदद से बस में फंसे चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना देने के आधे घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### एक नजर

#### सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़, अंतर्राष्ट्रीय कॉल डायवर्ट करते थे चीन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने बांग्लादेश के एक नागरिक द्वारा भुवनेश्वर से संचालित किए जा रहे सिम बॉक्स गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो अंतर्राष्ट्रीय कॉल को पाकिस्तान, चीन और पश्चिम एशिया में भेजता था। सिम बॉक्स का इस्तेमाल मूल फोन नंबर को छिपाने के लिए किया जाता है। साइबर अपराध, आतंकी कृत्यों व अन्य अवैध गतिविधियों के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। पश्चिम बंगाल के रहने वाले राजू मंडल को शनिवार को भुवनेश्वर में एक मकान से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 1,000 से अधिक सिम कार्ड, राउटर आदि जब्त किए गए।

#### कोस्टगार्ड के डीजी राकेश पाल का हृदयाघात से निधन

**नई दिल्ली/चेन्नई।** तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल का रविवार शाम चेन्नई में दिल का दौरा पढ़ने से निधन हो गया। राकेश पाल को अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद चेन्नई स्थित राजीव गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए चेन्नई आए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने कहा, 'राकेश पाल के निधन से गहरा दुख पहुंचा है। वह एक योग्य तथा प्रतिबद्ध अधिकारी थे।'

## मां ने की आत्महत्या, बच्ची ने चंदा जुटा किया अंतिम संस्कार

हैदराबाद, एजेंसी

- तेलंगाना का मामला, पिता का पहले ही हो चुका है निधन

तेलंगाना में निर्मल जिले के एक गांव में रविवार को एक महिला ने आत्महत्या कर ली, जिसके बाद महिला की 12 वर्षीया बेटी ने पैसे न होने के कारण चंदा जुटाकर अपनी मां का अंतिम संस्कार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची की मां ने जिस वक्त आत्महत्या की, बच्ची पास में ही अपनी चाची के घर सो रही थी। अधिकारियों ने कहा कि अंतिम संस्कार के लिए पैसे न होने के कारण शोकाकुल बच्ची अपने घर के बाहर असहाय होकर बैठी रही और स्थानीय निवासियों ने दान के तौर पर उसे पैसे दिए। स्थानीय पुलिस ने भी अंतिम संस्कार के लिए कुछ धनराशि दी। बच्ची ने स्थानीय निवासियों की मदद से बाद में अपनी मां का अंतिम संस्कार किया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने 'एक्स' पर बताया कि उनके निर्देश पर पार्टी के स्थानीय नेता बच्ची से मिले और तात्कालिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये सौंपे। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से बच्ची से बात करूंगा और उसके सुरक्षित भविष्य के लिए योजना बनाएंगे।

## एम्स के चिकित्सक ने दवा की ओवरडोज लेकर की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के 34 वर्षीय न्यूरो सर्जन ने रविवार को दक्षिणी दिल्ली स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि गुजरात के राजकोट निवासी राज घोनिया की मौत संभवतः दवाओं के ओवरडोज के कारण हुई है, क्योंकि दक्षिणी दिल्ली के गौतम नगर इलाके में स्थित उनके घर से दवाओं की इस्तेमाल की हुई शीशियां और सीरिंज मिलीं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है। हालांकि घोनिया ने इसमें किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, "रविवार दोपहर करीब 2 बजे हौज खास पुलिस थाने को गौतम नगर इलाके में एक चिकित्सक के आत्महत्या करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और घोनिया को अचेत अवस्था में पाया।" घोनिया को एम्स ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह एम्स के ट्रॉमा सेंटर में नियुक्त थे।

- फ्लैट से सुसाइड नोट भी मिला, घरेलू कलह बताई जा रही वजह

## डिवाइडर से टकराकर पलटी पिकअप, 3 सत्संगियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हरिद्वार से सीतापुर सत्संग में शामिल होने जा रहे थे जय गुरुदेव के अनुयायी

**अमृत विचारः** हरिद्वार से सीतापुर जय गुरुदेव के सत्संग में शामिल होने जा रहे सत्संगियों की पिकअप पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में तीन सत्संगियों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हो गए। पिकअप में 24 लोग सवार थे।

जय गुरुदेव के 24 अनुयायी रविवार सुबह 6 बजे पिकअप से सीतापुर के नैमिषारण्य में सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। हाईवे पर गर्रा पुल से पहले टोल टैक्स के निकट सड़क पर एक छुट्टा पशु आ गया। उसे बचाने के चक्कर में पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इससे चीख-पुकार मच गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ पहुंचे और सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टर ने राधेश्याम निवासी बिहारगढ़ थाना मौरधा जिला मुजफ्फरनगर को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायल वीरोमो पत्नी बलवीर निवासी गोविंदगढ़ थाना लक्सर, हरिद्वार और नेत्रपाल निवासी हरिद्वार को बरेली रेफर कर दिया। दोनों की बरेली में मौत हो गई।

## मंत्री के ड्राइवर ने पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में फांसी लगाई

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के ड्राइवर राजवीर सिंह उर्फ कुंदन ने शनिवार रात फोन पर अपनी प्रेमिका से बात करते हुए पीडब्ल्यूडी गेस्टहाउस में फंदे पर लटक कर जान दे दी। भाई ज्ञानवीर की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि राजवीर की प्रेमिका उसे ब्लैकमेल कर रही थी। मंत्री धर्मपाल सिंह के लिए लखनऊ के अलीगंज में की आनंद शुक्ला की ट्रैवल एजेंसी से गाड़ी उपलब्ध कराई गई थी, जिसे बाराबंकी निवासी 25 वर्षीय राजवीर सिंह चलाते थे। राजवीर 16-17 अगस्त को सिविल लाइंस स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रुके थे। शनिवार रात करीब 10 बजे उन्हें मंत्री को लेने स्टेशन जाना था। कई बार फोन करने के बाद भी राजवीर ने कॉल रिसीव नहीं की तो मंत्री के गनर गेस्टहाउस पहुंचे तो राजवीर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। सूचना पर पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो राजवीर का शव फंदे पर पंखे के कुंडे से लटका मिला।

- प्रेमिका की ब्लैकमेलिंग से था परेशान, भाई ने लिखाई प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट

## कांवड़ियों-ग्रामीणों में चले लाठी-डंडे, कई जखमी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



- घंटों बना रहा दहशत का माहौल, पुलिस ने कांवड़ियों को सुरक्षा घेरे में हाथरस सीमा तक पहुंचाया

**अमृत विचारः** कासगंज-सिकंद्राराऊ रोड पर एक राहगीर को किसी बात पर डंडा मार देने के बाद कांवड़ियों और ग्रामीणों मे जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। कई कांवड़िये और ग्रामीण घायल हो गए। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में कांवड़ियों को हाथरस की सीमा तक पहुंचाया। इस घटना से दहशत का माहौल बना रहा।

रविवार को कांवड़ियों का जत्था सिकंदरा राऊ की ओर जा रहा था। गांव मोहनपुरा के समीप एक राहगीर और कांवड़ियों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कांवड़ियों ने राहगीर को डंडे मार दिए, जिससे वह घायल हो गया। उसने अपने गांव मोहनी में परिजनों को फोन कर दिया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर आ गए और कांवड़ियों पर हमला कर दिया। दोनों ओर से मारपीट होने लगी। कई ग्रामीण और कांवड़िये घायल हो गए।

सीओ सिटी विजय राणा, कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी, चौकी इंचार्ज सौराज सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच गए। उन्होंने जैसे-तैसे स्थिति संभाली। पुलिस ने कांवड़ियों को सुरक्षित सिकंदराराऊ बॉर्डर तक निकाला। गंभीर घायल ग्रामीणों संतोष और अनुज को हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं घायल कांवड़ियों का प्राथमिक उपचार सिकंदरा राऊ में कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने कहा कि कांवड़ियों को सुरक्षित निकालकर ग्रामीणों को भी शांत कर दिया गया है। दोनों पक्षों में हल्की कहासुनी हुई थी। बताया गया कि किसी कांवड़ यात्री ने एक ग्रामीण को डंडा मार दिया था।

## दस सीटों के लिए भी होगी सपा और कांग्रेस में खींचतान

**विधानसभा उपचुनाव**

लोस चुनाव में छह सीटें जीतने के बाद उत्साहित कांग्रेस की पांच सीटों के लिए दावेदारी, सपा सिर्फ दो देने को तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की तरह प्रदेश में विधानसभा की दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी कांग्रेस और सपा में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान संभव है। दोनों दलों में इसको लेकर एक-दूसरे पर दबाव बनाने की कवायद शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस की तरफ से जहां पांच सीटों पर दावेदारी जताई जा रही है, वहीं सपा की मंशा फिलहाल दो सीटें देने की है।

दरअसल, बीते लोकसभा चुनाव में जब यूपी में कांग्रेस और सपा का गठबंधन हुआ तो सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी थीं, जबकि कांग्रेस ने कम से कम 20 सीटों पर दावा किया था। उस चुनाव में छह सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद कांग्रेस उत्साहित है और प्रदेश में नए सिरे से अपना जनाधार खड़ा करने की इच्छा रखती है। इसी इच्छा के मद्देनजर ही कांग्रेस ने सपा पर दबाव बनाने के तहत सभी सीटों पर चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी, जबकि सपा ने रणनीति के तहत अभी छह सीटों पर ही प्रभारियों की तैनाती की है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सपा दो सीटें कांग्रेस को देने के शुरुआती प्रस्ताव में अगर संशोधन भी करती है तो ज्यादा से ज्यादा चार सीटें ही देगी। इन सीटों में खैर, गाजियाबाद, कुंदरकी व मीरापुर की सीट संभव हैं।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, सीटों के बंटवारे को लेकर राहुल गांधी की तरफ से जल्द ही पहल की जा सकती है। इस बार लखनऊ नहीं, दिल्ली में ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच सब तय हो जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के मुताबिक, अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से लिया जाएगा।

### इन 10 सीटों पर होना है उपचुनाव

उप्र. में विधानसभा की रिक्त हुई सीटों में सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर, कुंदरकी, फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर शामिल हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश की इन 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीखों की घोषणा अभी नहीं की है।

### भाजपा के दिग्गजों ने भी संभाली चुनाव की कमान

**लखनऊ।** उपचुनाव में सत्तासीन भाजपा भी कम से कम सात सीटें जीतने का पुरजोर दम लगा रही है। अभी तक भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मिलाकर पांच सीटें रही हैं। यह संख्या बढ़ाने के लिए सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय बनाकर कदमताल जारी है। इसके तहत मुख्यमंत्री के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्री को दो-दो सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें अपने-अपने क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले मंत्रीगण भी शामिल हैं।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर



डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157



प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000


# अभाविप ने फूंका पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला

## आरोपी को फांसी दो- फांसी दो, ममता इस्तीफा दो के गूंजे नारे



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन करते अभाविप कार्यकर्ता।

संवाददाता, तिलहर

- कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप के बाद हत्या की घटना के विरोध में फूटा आक्रोश

**अमृत विचार :** कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। इस दौरान आरोपी को फांसी दो-फांसी दो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकारिणी सदस्य हर्षिल ठाकुर नेतृत्व में पुरानी गल्ला मंडी पोटरगंज स्थित कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यालय पर सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने महिला डॉक्टर को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद सभी कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सर्राफा मेन बाजार चौराहे पर पहुंचे। जहां पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पुतले को आग लगाते हुए मुर्दाबाद के नारे के साथ ही दोषियों को फांसी दो, फांसी दो के नारे भी लगाए। इस दौरान छात्र नेता सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर के साथ अमानवीय कृत्य हुआ और उसके बाद उनकी हत्या कर दी गई, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। ममता बनर्जी सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में पूर्ण रूप से विफल है। ममता बनर्जी को तुरंत अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मांग की है कि दोषियों को फांसी दी जाए। इस दौरान तहसील संयोजक देव सिंह, नगर मंत्री वैभव मिश्रा, आयुष रस्तोगी, रजतपाल, संभव सिंह, रितिक गुप्ता, सचिन सिंह, विनायक, अमन सिंह, प्रिंस शर्मा, मनोज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यार्थी परिषद ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका, प्रदर्शन किया

**मदनापुर।** कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और ममता बनर्जी का पुतला फूंका। नगर सह मंत्री शिवम त्रिवेदी ने कहा कि महिला डॉक्टर के साथ हुई घटना हृदय विदारक घटना है। पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। अपराधिक तत्वों लगाम लगाने में सरकार विफल है। ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पुतला दहन करने वालों में आयुष्मान चौहान, सागर सिंह, सुमित त्रिवेदी, सुमित गुप्ता, अमन सिंह, आर्यन, निखिल सिंह आदि थे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली


## खमरिया में तेंदुआ की चहलकदमी लोगों में दहशत

**खुटार, अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर बाघ और तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। दोनों जंगली जानवर खेत पर डेरा डाले हुए हैं। वहीं, वन विभाग बेपरवाह बना हुआ है।

खुटार बंडा मार्ग पर गांव खमरिया गदियाना के समीप करीब चार दिन से तेंदुआ की खेतों में चहलकदमी से लोग दहशत में है। किसान खेतों की तरफ जाने से कतरा रहे हैं। वहीं, वन विभाग ने जानकारी से साफ इनकार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि 15 अगस्त को दिन में खेतों में तेंदुआ को देखा गया था। उसी दिन से लगातार उसकी चहलकदमी देखी जा रही है। तेंदुआ खेतों में डेरा डाले हुए हैं। इससे श्रमिकों के साथ ही किसान अनहोनी की आशंका से खेतों की तरफ नहीं जा पा रहे हैं। उधर, नगर के मोहल्ला कोट निवासी पिंटू यादव, बबलू सिंह का खेत गांव बनकटा के झाबर की ओर है, जहां धान की फसल को छुट्टा पशुओं से रखवाली करने खेत पर रोजाना जाते है। शनिवार रात को किसान खेत पर थे। खेत में छुट्टा पशु आने की आशंका से इधर उधर टॉर्च लगाकर देख रहे थे। टॉर्च की रोशनी में अचानक बाघ दिखाई पड़ा तो होश उड़ गए।

# वोविनाम स्टेट चैंपियनशिप में शाहजहांपुर को दूसरा स्थान



अतिथियों के साथ खुशियां मनाते वोविनाम चैंपियनशिप के उपविजेता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- उपविजेताओं को मेडल पहनाकर किया गया पुरस्कृत

**अमृत विचार :** काकोरी, लखनऊ में 15 और 16 अगस्त को हुई 10वीं वोविनाम स्टेट चैंपियनशिप में शाहजहांपुर को दूसरा स्थान मिला है। वापस आने पर उपविजेताओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया।

हनुमतधाम स्थित एक भोजनालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वोविनाम एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. पुनीत मनीषी ने बताया कि चैंपियनशिप में जिले के 19 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता राजेश वर्मा, विनय अग्रवाल और कार्यक्रम अध्यक्ष संघ के महानगर प्रचारक मंजीत ने बच्चों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्द्धन किया। डॉ. पुनीत ने बताया कि उनके अतिरिक्त जितेंद्र वर्मा, पार्थ अग्रवाल, अर्चित गोयल, हरजप, राजाराम ने गोल्ड मेडल, युवराज रस्तोगी, शुभांचल पांडेय, पवित्र कटियार, अरनव कटियार, आशीष यादव, खुशबू वर्मा, किरन वर्मा, निशा व अलकमा ने सिल्वर मेडल तथा विशाल शर्मा, कुणाल कश्यप, अजय भंडारी ने ब्रांज मेडल जीते। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष मंजीत और विशिष्ट अतिथि राजेश वर्मा, ओंकार मनीषी, पीयूष मिश्रा, रामकुमार, संदीप, संजय गुप्ता, उत्कर्ष गुप्ता, डॉ. अनमोल सक्सेना, डॉ. योगेश अवस्थी, अंकुर कटियार, सुबोध आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में उमड़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वरुण अर्जुन कॉलेज की ओर से तिलहर में लगाया गया नाक कान और गला रोग शिविर



मरीज की जांच करते चिकित्सक।

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में निःशुल्क नाक, कान एवं गला रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मरीजों का ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई। सामान्य दवाइयां भी निःशुल्क दी गई। जांचों व सीटी स्कैन और एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, लीवर की जांच, एलएफटी, किडनी की जांच केएफटी वा शुगर की जांच भी निःशुल्क की जाएंगी। अस्पताल में अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 में उपलब्ध है। डॉक्टर व पीआरओ ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने की सलाह दी और अस्पताल में कान व गला रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं जैसे कान का बहना, सुनाई कम पड़ना, घेंघा रोग, नाक से खून आना, नाक बंद होना, नाक की हड्डी का बढ़ना, नासूर, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना, आवाज का बदलना, गले का कैंसर आदि रोगों के उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा आदि के विषय में बताया। दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान व गले की जांच की सुविधा, ऑडियोमेट्री द्वारा सुनने की जांच की सुविधा उपलब्ध है। नाक कान एवं गला रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. शेवतांक की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन भी मौजूद रहे।

## पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**कांट, अमृत विचार :** सीओ सदर बीएस वीर कुमार ने आगामी त्योहार कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने चेहल्लुम और कृष्ण जन्माष्टमी के जुलूस के आयोजकों के साथ वार्ता कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बनाए गए नियमों का पालन करें। जिससे व्यवस्था बनी रहे।

उन्होंने जुलूस के रूट को भी चेक किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि कोई नई परंपरा नहीं डाली जाएगी।

## वरुण अर्जुन कॉलेज ने जैतीपुर में लगाया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर, 228 मरीजों को मिला इलाज और दवाइयां



ग्रामीण की जांच करते चिकित्सक।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को जैतीपुर क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 458 ने पंजीकरण कराया, जिनमें 22 मरीजों में मोतियाबिंद मिला। जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में नि :शुल्क किया जाएगा। 177 की ब्लड शुगर व लगभग 228 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। लगभग 386 को दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन और अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगों को नियमित जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी। पीआरओ ने बताया कि अस्पताल में मरीजों के लिए मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, मुफ्त नर्सिंग केयर एवं मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध है। शिविर में समाजसेवक सतेंद्र मिश्रा, राम कृष्ण गोपाल, राघवेन्द्र, सोनू गुप्ता (प्रधान), ब्रजेश मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अंजनी नायडू, डॉ. स्मृति झा, डॉ. अर्थ पटेल, डॉ. अक्षय अग्रवाल एवं मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा, अतुल गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# काम से लापता हुए मजदूर का दूसरे दिन खेत में मिला शव

## खेरा संडा गांव निवासी प्रेमपाल के शरीर पर चोटों के निशान देखकर पिता ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार :** खेरा संडा गांव में इंटरलॉकिंग काम के दौरान अचानक लापता हुए मजदूर का दूसरे दिन शव गांव के बाहर धान के खेत में मिला। शरीर पर मिले चोट के निशान के आधार पर पिता ने गांव के ही कुछ लोगों पर नाली के विवाद में हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर थाना पुलिस के अलावा एएसपी सिटी, सीओ सदर भी मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किए।


खेत पर शव मिलने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार


घटना स्थल पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार


मृतक प्रेमपाल।

थाना निगोही क्षेत्र के गांव भुंडी निवासी प्रेमपाल(26) शनिवार सुबह करीब आठ बजे अपने चचेरे भाई पवन कुमार व गांव के ही मेठ पिंटू के साथ खेरा संडा गांव में इंटरलॉकिंग का काम करने गया था। वहीं पर तिलहर के गांव हजरतपुर निवासी रामवीर और निगोही क्षेत्र के गांव सहतेपुर निवासी विशाल भी काम कर रहा था। दोपहर करीब एक बजे सभी मजदूर काम बंद करके पास में ही मंदिर पर खाना खाने के लिए बैठ गए। इसी दौरान प्रेमपाल अचानक लापता हो गया। खाना खाने के बाद दोबारा काम पर लौटे तो लोगों का ध्यान प्रेमपाल की तरफ गया। मेठ ने प्रेमपाल के मोबाइल पर कॉल की लेकिन उसका नंबर बंद जा रहा था। इसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। घर सूचना पहुंची तो पिता रामप्रसाद भी तलाश में लग गया। पूरे दिन खोजबीन के बाद उसका कुछ पता नहीं लगा। रविवार सुबह परिवार के लोग उसकी तलाश में निकले थे। खेरा संडा से निगोही जाने वाले मार्ग किनारे पवन की नजर चप्पलों पर पड़ी, जो प्रेमपाल की थी। अनहोनी की आशंका के साथ उसकी खेतों में तलाश शुरू हुई करीब 20 मीटर की दूरी पर फिजम्मिल के धान के खेत में प्रेमपाल का शव पड़ा मिला। उसके शरीर पर चोट के निशान थे और मुंह से हल्का लाल पानी निकल रहा था और पास में ही शराब के दो पाउच पड़े हुए थे। शव मिलने की सूचना पर परिवार के अन्य लोग व गांव के तमाम लोग पहुंच गए। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। पिता रामप्रसाद ने गांव के ही कुछ लोगों पर नाली के चले आ रहे विवाद में हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने मामले की जानकारी करने के साथ ही अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सदर बीएस वीर कुमार और फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। फॉरेंसिक टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट लेकर साक्ष्य इकट्ठा किए। वहीं अधिकारियों ने मौका मुआयना के साथ ही घटना की जानकारी की और निगोही पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए।इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद से मां हसमुखी, बहन सरला देवी और छोटे भाई का रो-रोकर बुरा हाल है।

- **एएसपी सिटी, सीओ सदर ने मौका मुआयना कर ली घटना की जानकारी**
- **फॉरेंसिक टीम ने एकत्र किए साक्ष्य, पोस्टमार्टम के बाद कार्रवाई का आश्वासन**

### बिलख रही पत्नी, हाय! अब मेरा क्या होगा?

प्रेमपाल की शादी करीब चार वर्ष पहले हुई थी ।उसकी पत्नी संगीता का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। उसके दो बेटे हैं, जिनमें बड़ा बेटा ढाई वर्षीय नीलेश और एक वर्ष का राजू है। बिलख रही संगीता कभी पति के शव को देखती तो कभी दोनों मासूम बच्चों की तरफ देखती। उसके मुंह से यही निकल रहा था कि हाय! अब मेरा क्या होगा।

> शनिवार दोपहर को अचानक लापता हुए मजदूर का शव खेत में मिला है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **अरविंद सिंह चौहान**, थानाध्यक्ष

## दो बाइकों की टक्कर में महिला की मौत चार लोग घायल

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कटरा जलालाबाद मार्ग पर अतिबरा गांव के सामने दो बाइकों की टक्कर हो गई। एक महिला की मौत हो गई। बेटा और भाई घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए।


मृतका सीमा।

तिलहर क्षेत्र के गांव मृगापुर निवासी अमित रक्षा बंधन के लिए बहन सीमा(25) को लेने उसकी ससुराल अल्हागंज के गांव टिकुरा गया था। रविवार की शाम वह बहन और भांजे आदित्य(3) को लेकर बाइक से अल्हागंज से तिलहर आ रहा था। कटरा-जलालाबाद मार्ग पर अतिबरा गांव के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह और उसकी बहन सीमा, आदित्य घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक परमिंदर व राकेश निवासी बंथरी थाना जैतीपुर घायल हो गए। जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सीएचसी पर लेकर आई। डॉक्टर ने सीमा को मृत घोषित कर दिया। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## करंट से मजदूर की मौत


मृतक जावेद।

**जैतीपुर।** अगरौली गांव में काम करते समय लोहे की सरिया बिजली के तार छू जाने से मजदूर की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा भगवानपुर निवासी जावेद(22) रविवार को अगरोली गांव में मजदूरी करने गया था। शाम चार बजे बीम की सरिया ठीक कर रहा था। अचानक सरिया बिजली के तार से छू गई और उसे करंट लग गया। परिवार वाले उसे बरेली ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# बदायूं के भाजपा नेता की कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, पांच लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कटरा में हाईवे पर भाजपा नेता की कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव डभौरा निवासी निसार अहमद ई-रिक्शा चलाता है। रविवार को शाम चार बजे चालक ई-रिक्शा से सवारियां लेकर तिलहर से कटरा आ रहा था। हाईवे पर पर सकटु गांव के सामने पीछे से आ रही बदायूं के भाजपा नेता की कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे चालक निसार अहमद, सत्यपाल निवासी भमौरी थाना निगोही, गुड्डी देवी एवं रामकली निवासी मोरनी थाना निगोही घायल हो गए। घायलों को तिलहर सीएचसी भेजा गया। यहां से डॉक्टर ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

घायलों ने बताया कि कार बदायूं के एक भाजपा नेता की थी। पुलिस कार और चालक को थाने ले आई थी। हालांकि कार में केवल चालक ही था। जिसके बाद स्थानीय नेता कार व चालक को छुड़ाने के लिए थाने में पहुंचने लगे। घायलों के परिजनों का आरोप है कि पुलिस कार और चालक को छोड़ने की फिराक में है। परिवार वालों ने मांग की है कि चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि चालक के खिलाफ तहरीर नहीं आई है और दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है।

- **तिलहर से सवारियां लेकर कटरा जा रहा था ई-रिक्शा चालक**

### ई-रिक्शा पलटा महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्रीनगर गांव के सामने ई-रिक्शा अचानक पलट गया। उसमें बैठी महिला घायल हो गयी। उसे पीएचसी लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परौर थाना क्षेत्र के गांव खजुरी निवासी सन्नी देवी(50) पत्नी रिब्बूलाल शनिवार को पटना देवकली मंदिर में पूजा करने गई थी। गांव के चार लोग भी साथ में थे। शनिवार शाम पांच बजे सभी कलान से ई-रिक्शा से परौर लौट रहे थे। श्रीनगर गांव केसामने ई-रिक्शा पलट गया। सन्नी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को पीएचसी ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। जबकि अन्य महिलाओं के मामूली चोट आई थी। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में था। परौर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़क हादसे में दंपती घायल, एक गंभीर

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार-पुवायां रोड पर गोमती नदी के समीप सामने से आ रही बाइक ने दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पुवायां के पकड़िया हकीम के दंपती घायल हो गए।

दिउरिया कॉलोनी निवासी शंकर पाल (48) रविवार शाम करीब पांच बजे पत्नी माया (45) को साथ लेकर बाइक से जनपद लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव ममरी ससुराल जा रहे थे। खुटार-पुवायां रोड पर गोमती नदी के समीप सामने से आ रही बाइक ने दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दंपती घायल हो गए।

हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल शंकरपाल को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। उधर, दूसरा बाइक सवार घटनास्थल से वापस घर लौट गया।

# हादसों में युवक की मौत, दंपती सहित पांच घायल

संवाददाता,खुटार

**अमृत विचार :** खुटार-पूरनपुर मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। एक हादसा शनिवार रात नवदिया छुटई पांडे मोड़ के पास वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी जान चली गई। उसके शव के ऊपर से कई वाहन निकल गए, जिससे शव क्षत-विक्षत हो गया। उसकी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस उसे मानसिक मंदित बता रही है। दूसरा हादसा रविवार दोपहर लौहंगापुर जंगल में स्थित गुरुद्वारा के सामने हुआ। यहां पर दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं, जिसमें दंपती समेत पांच लोग घायल हो गए।


घायल कासिम।


घायल शहबान।

खुटार पूरनपुर मार्ग पर नवदिया छुटई पांडे ( हैचरी मोड़) मोड़ के पास शनिवार रात करीब 10:30 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कई वाहन शव के ऊपर से निकलते रहे। इससे वाहन में फंसकर युवक का शव सड़क से रगड़ता हुआ दूर चला गया। सूचना पर थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां युवक का शव पहचान में नहीं आ रहा था और कुछ अवशेष दूर तक क्षत विक्षत मिले। काफी कोशिश के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि युवक की उम्र तकरीबन 30 वर्ष है और पता चला है कि युवक मानसिक मंदित है। शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था और गांव रुजहा के साथ ही सड़क किनारे यह घूमता हुआ नग्न अवस्था में देखा गया। शनिवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। चर्चा है कि घटनास्थल पर सड़क किनारे खड़ी झाड़ियां टूटी हुई थी। घटनास्थल पर एक जूता और पैसे पड़े हुए थे। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

- **पूरनपुर मार्ग पर नवदिया छुटई पांडे मोड़ के पास हादसे में गई युवक की जान**
- **कई वाहन शव के ऊपर से निकलते रहे, मानसिक मंदित बताया जा रहा मृतक**

उधर, पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खाड़ेपुर निवासी नियामत अली ने बताया कि उसका छोटा भाई कासिम अली(30) अपनी पत्नी नियाजमीन(28), पुत्र शहबान(7) अली के साथ बाइक से रविवार को पूरनपुर किसी काम से जा रहे थे। उधर, खुटार के गांव सरायं नवदिया के मजरा रारुआ निवासी दिनेश कुमार गौतम अपने तहेरे भाई मनोज कुमार के साथ बाइक से गांव कजरी में धान की फसल में घास निकालने जा रहे थे। लौहंगापुर जंगल में दोनों की बाइक बराबर आने के बाद अनियंत्रित होकर टकरा गई। इससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर 108 एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी ले जाया गया। सूचना पाकर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और घायलों के बारे में जानकारी की। हादसे के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने गंभीर घायल दिनेश कुमार गौतम, शहबान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी गई।

## मजदूरों के बीस हजार रुपये और दो मोबाइल चोरी

**जलालाबाद।** क्षेत्र गांव कटका कटकिया में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण कर रहे ओएचटी के वर्कर रामू सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार रात नेम सिंह पुत्र बाबू निवासी कीलापुर जो कि उनके यहां काम करते थे। चोर उनके मजदूरों को देने के लिए रखे बीस हजार रुपये व दो मजदूरों के मोबाइल चोरी करके रात में फरार हो गया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# शोहदे से परेशान थी छात्रा, कर ली आत्महत्या

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** 15 जुलाई को फंदे पर लटक कर जान देनी वाली छात्रा शोहदे से परेशान हो गई थी। आरोपी ने उसे रात में घर बुलाया था और नहीं आने पर वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी दी थी।

इसीलिए वह खुद को कमरे में बंद करके फंदे लटक गई थी। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- **रात में घर नहीं आने पर वीडियो वायरल करने की दी थी धमकी**
- **15 जुलाई को कमरे में फंदा लगाकर दे दी जान, रिपोर्ट दर्ज**

ग्रामीण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 15 वर्षीया पुत्री कक्षा 10 में पढ़ती थी। उसे स्कूल आते- जाते समय गांव का लछमन छेड़ता था और अपने साथ शादी करने का दबाव बना रहा था। लछमन ने जबरन अपने साथ बेटी के अंतरग फोटो भी खींच लिए थे। कहता था कि अगर तू मेरी नहीं हुई तो किसी की नहीं होने दूंगा। पुत्री ने अपनी मां को सारी बात बताई। पत्नी ने लोक लाज के डर से यह बात किसी को नहीं बताई। 15 जुलाई को गांव में मेला लगा था। मेले में उसकी पुत्री को लछमन मिला और बोला रात को मेरे पास आना। नहीं आई तो फोटो व वीडियो नेट पर डाल दूंगा। तू कहीं मुंह दिखाने के काबिल नहीं बचेगी। पुत्री ने घर जाकर यह बात अपनी मां को बताई। पत्नी ने उसे आकर जानकारी दी तो वह घर पहुंचा।

कमरे का दरवाजा अन्दर से बंद था। पुत्री को कई आवाजें दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो तब दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में बेटी फंदे पर लटकी हुई थी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**रोजा।** शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती शनिवार दोपहर जेल रोड स्थित अस्पताल से दवा लेकर निकली। टेंपो को रुकवाकर उसमें बैठ गई। टेंपो चालक उसे जमुका गांव ले गया। जहां उसके साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर वह उसे जबरन चकभिठारा ले गया। जहां उसके फिर प्रयास करने पर युवती कूदकर एक घर में घुस गई। इसके बाद उसने मां को सूचना दी और थाने पहुंचकर तहरीर दी। मां की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने टेंपो चालक समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दो दिन तक शव की झाड़ फूंक कराते रहे परिजन

संवाददाता, जैतीपुर/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खेत पर सांप ने एक युवक के पैर में डस लिया था। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के मृत घोषित करने के बावजूद परिजनों को विश्वास नहीं हुआ। परिवार वाले दो दिन तक कई जगह झाड़ फूंक कराते रहे। असर न दिखने पर परिजन उसका शव लेकर घर आ गए और पुलिस को सूचना दी।

- **खेत पर ग्राम सेवक को सांप ने डस लिया था, तीन जगह कराई झाड़-फूंक**
- **डॉक्टर के मृत घोषित करने पर भी ले गए बदायूं जिले के ओझा के पास**


मृतक ग्राम सेवक।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव पिपरथरा निवासी कुंदन लाल का पुत्र ग्राम सेवक(26) शुक्रवार की रात एक बजे खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था। वह चारपाई पर लेटा था।इसी बीच कही से आए सांप ने उसके पैर में डस लिया। उसने फोन करके पिता कुंदन लाल को बताया। परिजन उसे सरकारी अस्पताल न ले जाकर पड़ोस में भिला गांव में झाड़फूंक वाले के पास ले गए। जहां उक्त व्यक्ति ने उसके पैर में चीरा लगाया और झाड़ फूंक करता रहा। परिवार वाले शनिवार की सुबह पांच बजे उसे घर ले आए। आधे घंटे बाद शरीर नीला पड़ने लगा। सुबह दस बजे मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों को विश्वास नहीं हुआ कि ग्राम सेवक मर गए है। परिवार वाले बदायूं के नगला गांव ले गए। वहां झाड़फूंक करने के बाद कह दिया कि ले जाओ, इसमें कुछ नहीं है। परिवार वाले यहां के बाद उसे बंडा के सुनासिरनाथ ले गए। वहां भी ना होने के बाद परिजन रात नौ बजे उसका शव लेकर घर ले आए और गढ़िया रंगीन थाने पर सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का नाम अंशु देवी और तीन साल की एक बेटी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
VAMCRH SHAHJAHANPUR
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के
चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा
अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** एसओजी, सर्विलांस व पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है।दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कलान में शिव ज्वैलर्स की दुकान में हुई लूट और खुदागंज-जलालपुर रोड पर खाद की दुकान से 80 हजार रुपये चोरी किए जाने की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लुटेरों से लूट का माल, नगदी और असलाह भी बरामद किए हैं।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- **कलान में आठ जून को ज्वैलर्स की दुकान में हुई थी लूट, माल बरामद**
- **खुदागंज-जलालपुर रोड पर खाद की दुकान से चोरी हुए थे 80 हजार**

शनिवार रात एसओजी, सर्विलांस व थाना कलान पुलिस की संयुक्त टीम को चेकिंग के दौरान ग्राम नौगवां मुबारिकपुर से कुछ दूर आगे मिर्जापुर की तरफ से आती हुई एक बाइक दिखाई दी, जिसे टार्च की रोशनी से रुकने का इशारा किया। पुलिस ने भी रुकने को कहा तो वह बाइक सवार दोनों लोग बाइक मोड़कर वापस जाने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने दोनों को दौड़ाकर रोकने की कोशिश की, तो भागते समय हड़बड़ाहट लुटेरों की बाइक सड़क किनारे फिसल गई। पुलिस को पीछे आता देखकर दोनों लुटेरे बाइक छोड़कर खेतों की तरफ भागने लगे, तभी एक लुटेरे ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया। जिससे पुलिस पार्टी बाल-बाल बच गई। तब तक दूसरा व्यक्ति फायर करता रहा। इतने में पुलिस ने दौड़ाकर चारों तरफ से घेरकर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों में जलालाबाद के गांव बांसखेड़ा खुर्द निवासी प्रमोद मिश्रा, थाना जलालाबाद के नयागांव महसूल निवासी विवेक गुप्ता शामिल हैं। पकड़े गए लोगों के पास से तीन चेन, चार अंगूठी और 11,500 रुपये नगद , दो तमंचा, चार कारतूस, लूट में प्रयुक्त बाइक ,एक रियलमी मोबाइल बरामद हुआ।

पूछताछ में बताया कि यह तीनों चेन व चार अंगूठियां 8 जून को कलान में शिव ज्वैलर्स से लूटी थी। जिसे बेचने कंपिल जा रहे थे। प्रमोद मिश्रा ने अपने पास से बरामद 11500 रुपये के बारे में बताया कि मैंने 24 जुलाई को खुदागंज में जलालपुर रोड पर खाद की दुकान के गल्ले में से 80,000 चुराए थे। बाकी खर्च हो गए। विवेक गुप्ता ने बताया कि मेरे पास मिले 900 रुपये मेरे अपने खर्चे के हैं। जेवरात बिक गया होता तो उसमें से आधा-आधा हिस्सा हम दोनों को मिलता। बाइक के बारे में पूछने पर बताया कि यह बाइक प्रमोद मिश्रा की है लेकिन इसके कागजात नहीं है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

### चोरी के मोबाइल समेत युवक गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया 28 मई को आकांक्षा सिंह निवासी मझिला खुदागंज के यहां से मोबाइल चोरी हो गया था। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने हरियल निवासी चकौरा थाना खुदागंज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी का मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

शाहजहांपुर की खबरें पेज 9 पर भी पढ़ें

### अज्ञात लोगों ने झोपड़ी में लगाई आग, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी छोटे ने पुलिस को बताया कि वह गांव नवदिया नवाजपुर में मुर्गी पाल करता है। आरोप है कि 16 अगस्त की रात अज्ञात लोगों ने मुर्गी पालन की जगह में पड़ी झोपड़ी में आग लगा दी। सूचना पर वह पहुंचा तब तक झोपड़ी जलकर राख हो गई थी। जिसमें रखा बारदाना आदि जल गया। जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि झोपड़ी में मुर्गियां नहीं थीं। पीड़ित छोटे ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

# मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



# सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202




पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करती बड़ी संख्या में बहनें। ● अमृत विचार



शहर के नौगवां चौराहे पर रोडवेज बस में बैठते यात्री। ● अमृत विचार

# बाजारों में उमड़ी भीड़, खूब बिकीं राखियां व मिठाइयां



स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही सीट पाने के लिए दौड़ पड़ीं बहनें। ● अमृत विचार



शहर की एक दुकान पर राखियां खरीदतीं बहनें। ● अमृत विचार



रक्षाबंधन के लिए मिठाइयां खरीदते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** रक्षाबंधन पर्व के लिए रविवार देर शाम तक बाजार में मिठाइयों और राखियों की जमकर खरीदारी की गई। इस बार खाटू श्याम की राखी लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। बच्चों को डोरेमोन, स्पाइडरमैन, मोटू-पतलू, पिकाचू व अन्य कार्टून की राखियां लुभा रही हैं। महिलाओं को ब्रेसलेट पसंद आ रहा है। दुकानदारों की मानें तो इस बार बाजार में नई वैरायटी की राखियां आई हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में खाटू श्याम की राखियों की मांग ज्यादा हैं।

रक्षाबंधन का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर चार दिन पहले से राखियों का बाजार सज चुका है। शुरुआत में दुकानों पर भीड़ कम रही। शनिवार को बाजार में भीड़ बढ़ना शुरू हुई। रविवार को सुबह से ही बाजार में राखियां खरीदने वाली महिलाओं की ज्यादा भीड़ रही। सुबह से देर शाम तक राखी खरीदने का सिलसिला चला। शहर के स्टेशन रोड, गैस चौराहा, चावला चौराहा, छिपियान मस्जिद, लक्ष्मी टॉकीज, चौक बाजार आदि स्थानों पर दिनभर भीड़ उमड़ती रही। सबसे ज्यादा फैंसी राखियों की बिक्री हुई। भैया-भाभी राखी का सेट आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अलावा मिठाई और सोने- चांदी की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई।

उधर, दूध और खोए की मिठाइयों के साथ ड्राई फ्रूट से विशेष तरह की मिठाइयों का स्टॉक तैयार है। रविवार को मिठाइयों की जमकर खरीदारी हुई। तमाम दुकानदारों ने सड़क पर अस्थायी रूप से मिठाई की दुकानें लगा रखीं हैं। बाजारों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल चौकन्ना रहा। हर तिराहे-चौराहे पर पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। किसी भारी वाहन को बाजार के अंदर नहीं जाने दिया गया। इसके बाद भी कई जगह जाम की समस्या रही।

### ट्रेनें-रोडवेज बसें फुल, घंटों करना पड़ा सवारी का इंतजार

रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व रविवार को रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की जबरदस्त भीड़ नजर आई। ट्रेन और बसें फुल होने लोगों को जैसे-तैसे अपना सफर तय करना पड़ा। शहर के प्रमुख चौराहों पर लोग बसों का इंतजार करते देखे गए। पर्याप्त मात्रा में बसों का संचालन न होने से तमाम लोगों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ा। तमाम लोगों ने बाइकों पर सफर तय किया। रविवार को सुबह से रेलवे स्टेशन पर टनकपुर और बरेली की ओर से जाने वाली ट्रेनों का मुसाफिर इंतजार करते दिखाई दिए। तो वहीं नौगांव चौराहा, छतरी चौराहा, ईदगाह फाटक आदि पर भी यात्री बसों को इंतजार करते देखे गए। पूरे दिन यही सिलसिला जारी रहा।

# बिजली समस्या को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



मोहल्ला ग्यासपुर में बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** कभी ट्रांसफार्मर फुंकने तो कभी केबल जलने से आजिज आ चुके लोगों का रविवार को गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्ले के लोगों ने ट्रांसफार्मर के समीप इकट्ठे होकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। बिजली की समस्या का जल्द समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर के मोहल्ला ग्यासपुर का ट्रांसफार्मर आए दिन फुंक जाता है। कभी केबल जल जाता है तो कभी फेस गायब हो जाता है। बिजली न आने पर उमस भरी गर्मी में लोगों परेशानी का सामना करना पड़ता है। बार-बार शिकायत करने के बाद अफसर व कर्मचारी समस्या का समाधान नहीं करते हैं। इससे रविवार को मोहल्ले वासियों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने ट्रांसफार्मर के समीप एकत्र होकर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में राजा अली, नवाज शरीफ, उस्मान हाजी, शाहनवाज, इमरान, हफीज, जहूर अहमद, अजीम, इरशाद अली आदि रहे।

# आज मध्यरात्रि तक महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में सफर मुफ्त

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** सरकार ने इस बार भी महिलाओं को भाई के घर जाने के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त सफर का तोहफा दिया है। यह सुविधा सोमवार 19 अगस्त को रात 12 बजे तक मिलेगी। रक्षाबंधन के अलावा पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी भी रोडवेज बसों में मुफ्त सफर कर सकेंगे। हालांकि मुफ्त यात्रा कराना रोडवेज के लिए चुनौती साबित होगा। अधिकारी इन चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी में जुटे हैं। एआरएम की ओर से सभी लोकल और लंबे रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाने का दावा किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार की ओर से इस बार भी रोडवेज बसों में मुफ्त में सफर करने का तोहफा दिया गया है। मुफ्त सफर की सुविधा रविवार 12 बजे से शुरू हो गई, जो सोमवार रात 12 बजे तक जारी रहेगी। पीलीभीत डिपो के अधिकारियों ने रक्षाबंधन को लेकर इंतजाम पूरे कर लिए हैं। दो दिनों के लिए बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। बरेली, बीसलपुर, दियोरिया, चंदिया हजारा, गभिया, कसगंजा, बिलसंडा, न्यूरिया, घुंघचाई के लिए चलने वाली बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। 35 से अधिक बसें दिल्ली रूट पर चल रही है।

वर्कशॉप में खड़ी बसों को भी लोकल रूटों पर चलाया जाएगा। दो दिनों तक महिलाओं के साथ ही छात्राएं मुफ्त में सफर करेंगी। अगर किसी महिला के साथ बालक सफर करता है तो उसका टिकट लगेगा। जबकि बालिका का कोई टिकट नहीं लगेगा। इसके बाद 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन होना है। भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को भी रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके लिए उनको अपने प्रवेश पत्र की एक छाया प्रति परिचालक को देनी होगी।

### चालक-परिचालकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

एक सितंबर तक ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालकों समेत सभी कर्मचारियों को रोडवेज प्रोत्साहन राशि देगा। चालक-परिचालकों के लिए 4500 किमी चलने पर तीन हजार रुपये, 4200 किमी पर 2250 और 3900 किमी पर 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे अधिक चलने पर 55 पैसे प्रति किमी की दर से भुगतान किया जाएगा। इसके साथ कम से कम 64 फीसदी लोड फैक्टर की शर्त होगी। वर्कशॉप कर्मियों को 15 दिन ड्यूटी करने पर 1200 रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। 14 दिन पर एक हजार और 13 दिन ड्यूटी करने पर 800 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

> रक्षाबंधन को लेकर बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। सभी चालक परिचालकों को ऑन ड्यूटी रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। रक्षाबंधन पर महिलाओं को फ्री सफर का ऐलान किया गया है। पुलिस परीक्षा के अभ्यार्थियों को भी बसों में मुफ्त सफर की सुविधा मिलेगी। इसके लिए उन्हें परिचय पत्र देना होगा।
> –पवन कुमार श्रीवास्तव, एआरएम

# अधिवक्ताओं ने रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा

संवाददाता, पूरनपुर



पूरनपुर में स्टेशन मास्टर को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **यात्री ट्रेनों का संचालन न किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी**

**अमृत विचारः** पीलीभीत-मैलानी रेल प्रखंड पर लगभग छह वर्षों से ट्रेनों का संचालन बंद है। इससे अधिवक्ताओं, छात्रों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें यात्री ट्रेनों का संचालन जल्द शुरू करने की मांग की गई है। साथ ही ट्रेनों का संचालन न किए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

रविवार को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन, सेंट्रल बार एसोसिएशन, प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन और दैनिक रेल यात्री संघ के पदाधिकारी और अधिवक्ता पूरनपुर स्टेशन पहुंचे। उन्होंने रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन स्टेशन मास्टर को सौंपा। इसमें कहा गया कि पीलीभीत-मैलानी रेल प्रखंड पर वर्ष 2018 से यात्री ट्रेनों का संचालन बंद है। ब्रॉडगेज का काम पूरा होने के बावजूद ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं किया गया। इससे दैनिक यात्रियों, अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों और व्यापारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों का संचालन न किए जाने से लोग डग्गामार वाहनों पर जान जोखिम में डालकर बरेली और पीलीभीत की यात्रा करने को मजबूर है। ज्ञापन में कहा गया कि पीलीभीत-मैलानी रेल खंड पर चार यात्री ट्रेनों का संचालन जल्द से जल्द किया जाए, जिससे रोजाना जाने वाले यात्री 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंच सके। इसके अलावा कार्यदायी संस्था के निर्धारित समय में काम पूरा न करने पर उसे ब्लैक लिस्ट करने की मांग की गई है।

अधिवक्ताओं ने कहा कि दैनिक ट्रेनों का संचालन अति शीघ्र नहीं शुरू किया गया तो अधिवक्ता आंदोलन करेंगे। इस दौरान शिव शर्मा, अरुण कुमार मिश्रा, संजय सिंह तोमर, अमिताभ मिश्रा, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अनुराग मिश्र, संजय पांडे, मुकेश गुप्ता आदि रहे।



छापामारी के दौरान दुकान पर एफएसडीए टीम को घेरे खड़े लोग। ● अमृत विचार

# छापा मारने गई एफएसडीए की टीम को लोगों ने घेरा

संवाददाता, बरखेड़ा

- **टीम ने एक दुकानसे सैंपल लिया तीन दुकानों पर 15 किलो मिठाई नष्ट कराई**

**अमृत विचारः** डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रविवार को कस्बे में अभियान चलाकर मिठाई की दुकानों पर छापा मारा। जहां एक दुकान से मिठाई का सैंपल लेकर जांच को भेजा गया। साथ ही तीन दुकानों से 15 किलो खराब मिठाई नष्ट कराई। इस दौरान लोगों ने टीम का घेराव कर हंगामा किया।

रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनंत स्वरूप वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तेज बहादुर और प्रेम कुमार यादव के साथ कस्बे में सत्तार अहमद की मिठाई की दुकान पर छापा मारा। जहां से सैंपल लिया गया। जानकारी लगते ही भीड़ जमा हो गई और सैंपलिंग का विरोध करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी की गाड़ी का घेराव कर लिया। टीम किसी तरह भीड़ को समझाने के बाद वहां से निकल पाई। इस वजह से सिर्फ तीन दुकानों पर छापामार कार्रवाई हो सकी।

# 20 के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पांच आरोपी नामजद

संवाददाता, पूरनपुर

- पिपरिया जयभद्र में आरोपियों ने दूसरे समुदाय के घर में घुसकर की थी मारपीट

**अमृत विचारः** पिपरिया जयभद्र में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। इसमें पांच आरोपी नामजद हैं। पुलिस ने चार लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान किया है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया जयभद्र निवासी रहीमुद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार रात लगभग नौ बजे वह अपने चाचा खुदा बख्श, चाची बिठाना बेगम, भाई चांद मियां, गुड्डू, पप्पू, शहाबुद्दीन, भतीजे अकरम, जुल्फिकार और असलम घर में मौजूद थे। तभी गांव के रामकृष्ण, संजीव, राम गोपाल, अजय, आकाश व लगभग 15 अन्य लोग लाठी-डंडा लेकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान रामगोपाल ने डंडा मारकर बिठाना बेगम का हाथ तोड़ दिया। मारपीट में अन्य कई लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। आरोपियों ने एक वाहन भी तोड़ दिया।

दो समुदायों के बीच मारपीट की जानकारी लगने पर रात में ही सीओ विशाल चौधरी माधोटांडा और घुंघचाई थाने की पुलिस के साथ गांव जा पहुंचे। हालांकि तब तक मामला शांत हो गया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से बिठाना व खुदा बख्श को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने रहीमुद्दीन की ओर से मारपीट करने वाले 20 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रात में ही पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। रविवार को उनका शांति भंग में चालान कर दिया गया।

## वन्यजीवों की आवाजाही के लिए विकसित होगा गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर, जंगल विहीन क्षेत्र में गन्ने की खेती के लिए किसानों को किया जाएगा प्रोत्साहित

# ताकि एक जंगल से दूसरे जंगल में स्वच्छंद घूम सकें बाघ एवं अन्य वन्यजीव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जंगल में कॉरिडोर के रास्ते व्यवधान रहित होंगे तो बाघों की प्रजाति और संख्या में बढ़ोतरी हो सकेगी। इसी के मद्देनजर पीटीआर प्रशासन बाघ व अन्य वन्यजीवों के एक से दूसरे जंगल में स्वच्छंद आवागमन के लिए गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी में लगा है। हालांकि इस कॉरिडोर के क्षेत्र में कुछ इलाका जंगल विहीन भी है। पीटीआर प्रशासन इस जंगल विहीन इलाके में वन्यजीवों के लिए वातावरण तैयार करने के साथ किसानों को गन्ने की खेती एवं पापुलर आदि के पेड़ लगाने को प्रेरित करेगा।


पीटीआर में चहलकदमी करता बाघ।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैला है। पिछले कुछ सालों में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान में यहां 71 से अधिक बाघ है। बाघों के स्वच्छंद विचरण और आवाजाही के लिए कॉरिडोर मैनेजमेंट बेहद जरूरी है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में दो मुख्य कॉरिडोर हैं। इनमें एक लग्गा भग्गा-टाटरगंज-बराही कॉरिडोर है, जो एक ओर से पड़ोसी देश नेपाल की शुक्ला फांटा सेंचुरी से सटा है।

दूसरी ओर दुधवा टाइगर रिजर्व की किशनपुर सेंचुरी तक जाता है। इसके साथ ही माला रेंज में गढ़ा बीट से लालपुर होते हुए दियोरिया रेंज के जंगल तक वन्यजीवों का कॉरिडोर है। इसे गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है।

> गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर को विकसित किया जाना है। गढ़ा से लालपुर होते हुए दियोरिया जंगल तक के कॉरिडोर में कुछ बाधाएं हैं। जिन्हें दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण कॉरिडोर के लिए कार्य शुरू किया गया है। किसानों को गन्ने की खेती और खाली पड़ी भूमि पर पापुलर आदि के पेड़ लगाने को प्रेरित किया जाएगा। फिलहाल यह कार्य लंबे समय तक चलेगा। **–मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व**

### वन्यजीवों के स्वच्छंद विचरण में आ रही बाधाओं को किया जाएगा दूर

**पीलीभीत।** गढ़ा लालपुर कॉरिडोर बहुत पुराना है। पीटीआर की माला रेंज का यह कॉरिडोर गढ़ा बीट से लालपुर होते हुए दियोरिया रेंज के जंगल तक जाता है। इस कॉरिडोर के क्षेत्र में कुछ स्थानों पर अतिक्रमण है। साथ ही लालपुर और दियोरिया के जंगल के बीच करीब 10 किमी क्षेत्र जंगल विहीन है। इस क्षेत्र में कई स्थानों पर खेती होने लगी है। ऐसे में माला रेंज से दियोरिया जंगल तक बाघ व अन्य वन्यजीवों के स्वच्छंद आवागमन में बाधा आती है। अक्सर यहां मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति बन जाती है। पीटीआर प्रशासन ने अब गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर को विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। वन अफसरों के मुताबिक गढ़ा-लालपुर कॉरिडोर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के साथ जिस स्थान पर जंगल नहीं है, वहां के किसानों को गन्ने की खेती के साथ पापुलर व अन्य प्रजातियों के पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष को भी रोका जा सके और बाघ व अन्य वन्यजीव एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्वच्छंद आ जा सके।

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

# कहासुनी होने पर किशोर को पीटा, दो के खिलाफ रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी अय्यूब खां ने पुलिस को बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र फरहान 16 अगस्त को जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद गया था। जहां किसी बात को लेकर उसकी वहीं के आमिर शाह व एक अन्य युवक से कहासुनी हो गई। इसी को लेकर दोनों युवकों ने फरहान से मारपीट शुरू कर दी। लोहे के पाइप से सिर पर वार करने से वह गंभीर घायल हो गया। छत से फेंकने का भी प्रयास किया गया।

आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। घटना की शिकायत करने पर आरोपी युवक के परिजनों से भी गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। गंभीर हालत में किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# बाघ ने गोवंश को बनाया निवाला न्यूरिया में तेंदुआ ने जमाया डेरा

## वन कर्मियों की टीम ने शुरू की निगरानी, तेंदुआ की निगरानी को दो कैमरे लगाए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जंगल से निकलकर माधोटांडा क्षेत्र में आबादी के किनारे पहुंचे बाघ ने पालतू गाय को अपना निवाला बना लिया। वहीं, न्यूरिया क्षेत्र में एक गांव के समीप तेंदुआ देखे जाने से लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल के बाद निगरानी शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के मुताबिक रविवार को गांव डगा निवासी एहसान खां की पालतू गाय खेतों में घूम रही थी। तभी खारजा नहर की ओर से आए बाघ ने खेत में घूम रही गाय पर हमला बोल दिया और झाड़ियों के अंदर ले जाकर उसे निवाला बना लिया। कुछ ग्रामीणों की नजर मृत गाय पर पड़ी तो उन्हें माजरा समझते देर न लगी। बाघ के गाय को मारने की जानकारी लगते ही गांव में दहशत फैल गई। कुछ ही देर में तमाम ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। फिर ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास क्षेत्र में जांच पड़ताल की। बाघ की निगरानी के लिए टीम मौके पर लगा दी गई।


न्यूरिया क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने के बाद जांच पड़ताल करते वन विभाग के कर्मचारी।

वन दरोगा रामाधार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल बाघ की निगरानी बढ़ाने के साथ ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इधर, डगा के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बाघ गांव के आसपास मंडरा रहा है।

### तेंदुआ के गांव के पास डेरा जमाने से दहशत में लोग

**मझोला।** न्यूरिया क्षेत्र में एक गांव के समीप तेंदुआ देखे जाने से लोगों में हड़कंप मच गया। बताते हैं कि तेंदुआ गांव के श्मशान घाट पर डेरा जमाए है। सूचना पर पहुंची सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है। तेंदुआ पर नजर रखने के लिए दो कैमरे लगाए गए हैं। न्यूरिया क्षेत्र के गांव ढकिया हुलकरी के समीप रविवार को तेंदुआ देखा गया। बताते हैं कि कुछ ग्रामीण गांव के पास खेतों की ओर गए। इस बीच उनकी निगाह एक तेंदुआ पर पड़ी, जिसे देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ गांव के बाहर श्मशान घाट पर बैठा है। इधर, ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी। सूचना मिलने के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग की वन दरोगा सोनी सिंह टीम के साथ मौके पर जा पहुंचीं। टीम में शामिल वन दरोगा के अलावा राजीव ढाली, राम अवतार आदि ने निगरानी शुरू कर दी है। इस संबंध में वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि निगरानी बढ़ा दी गई है। लोकेशन ट्रेस करने के लिए दो कैमरे लगाए गए हैं।

# नकली मावा की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रिंस भारद्वाज ने खाद्य निरीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि कस्बा बरखेड़ा में बाहरी इलाके के कुछ कारोबारी काफी समय से दूषित खोया व खोया से बनी मिठाई नगर के स्थानीय दुकानदारों को सप्लाई कर रहे हैं।

जिस कारण स्थानीय दुकानदार सस्ता दाम होने के लालच में कोल्ड स्टोरेज वाला खोया एवं काफी समय पहले बनी दूषित मिठाइयां खरीद कर उनकी बाजार में बिक्री कर रहे हैं। रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी के त्योहार पर इन दूषित मिठाइयों की बिक्री अत्यधिक होती है। ऐसे में इन दूषित मिठाइयों का सेवन करने बालों पर विभिन्न रोगों का संकट बना रहता है।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने शिकायती पत्र में ऐसे कारोबारी के दुकानों व गोदाम का निरीक्षण कर उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिससे लोगों की सेहत खराब न हो।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महोफ में बंजर जमीन पर अवैध कब्जा करके बोयी धान की फसल जुतवाई

**अमृत विचार।** प्रशासन की ओर से रविवार को अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान न्यूरिया क्षेत्र में अवैध तरीके से विकसित की जा रहीं चार कॉलोनियों में कराए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। वहीं, महोफ में बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर बोयी गई धान की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासन की ओर से हुई इस कार्रवाई से अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मचा रहा।

सदर तहसील क्षेत्र के न्यूरिया हुसैनपुर में गाटा संख्या 211, 233, 109 और गाटा संख्या 122 पर अवैध कॉलोनी विकसित करने के लिए प्लाटिंग की जा रही है। एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह के निर्देश पर तहसीलदार राम ऋषि रमन ने टीम के साथ न्यूरिया क्षेत्र में पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान चार स्थानों पर अवैध कॉलोनियां विकसित करने के लिए प्लाटिंग किया जाना पाया गया। इस पर चारों अवैध कॉलोनियों में कराए गए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया।

सदर तहसील क्षेत्र के गांव महोफ में अभिलेखों में दर्ज बंजर जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा करके धान की फसल लगा दी। एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बंजर भूमि पर अवैध तरीके से बोयी गई धान की फसल को ट्रैक्टर से जुतवाकर कब्जा मुक्त करा दिया।

तहसीलदार सदर ने बताया कि सरकारी भूमि पर न्यूरिया निवासी मुहम्मद जकी पुत्र अहमद जिलानी, मुहम्मद रज़ा पुत्र शाहिद, अहमद मुस्तफा पुत्र वाहिद एवं पीलीभीत निवासी मुहम्मद सईम पुत्र अहमद जिलानी द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था। टीम में तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, राजस्व निरीक्षक मान सिंह, लेखपाल सुरेश शर्मा, चंद्रभान सिंह शामिल रहे। एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि न्यूरिया क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई कर सभी को चेतावनी दी गई है।


महोफ में बंजर भूमि पर कब्जा हटवाने के दौरान नजरी नक्शा देखते एसडीएम सदर।


न्यूरिया में अवैध कॉलोनी में कराए गए निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी।

# दहेज न देने पर जिंदा जलाने की धमकी, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलशेर खां निवासी जुगन पुत्री श्रीकृष्ण ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उसका विवाह उत्तराखंड के टनकपुर निवासी अनिल से 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग प्लॉट खरीदने के लिए 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। दहेज देने से मना करने पर मारपीट कर उसे पीटकर घर से निकाल दिया, जिससे वह मायके चली गई। इसके बाद आठ मई को दोपहर दो बजे ससुरालियों ने मायके आकर दहेज की मांग की। दहेज के बिना वापस आने पर जिंदा जलाने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पीड़िता के पति अनिल, जेठ रामपाल, सुनील, जिठानी आशा और अनु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# 60 साल के वृद्ध ने सात वर्ष की बच्ची से की दरिंदगी की कोशिश

संवाददाता, गजरौला/ पीलीभीत

- बच्ची को चीज दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया था आरोपी
- ग्रामीणों ने जमकर पीटा, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**अमृत विचारः** करीब 60 साल के वृद्ध ने सात वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कर दुष्कर्म की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर लोग मौके पर जा पहुंचे। गुस्साए लोगों ने आरोपी वृद्ध को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने बच्ची की दादी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

थाना गजरौला क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को बताया कि उसके साथ सात वर्षीय पौत्री रहती है। उसका बेटा और बहू गांव से बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। शनिवार शाम पांच बजे उसकी पौत्री घर के बाहर खेल रही थी। तभी 60 वर्षीय लौकाराम वहां पहुंच गया। वह उसकी पौत्री को चीज दिलाने का लालच देकर अपने साथ गांव के बाहर खड़ी ट्राली के पास ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। आरोपी बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने लगा। इससे घबराई बच्ची चीखने चिल्लाने लगी। उसके रोने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर जा पहुंचे। बच्ची को निर्वस्त्र हालत में देखा तो दंग रह गए। उन्होंने आरोपी को पकड़ लिया और जमकर पिटाई की। इसकी सूचना मिलने पर बच्ची के परिवार वाले भी पहुंच गए।

उधर, घटना की सूचना मिलते ही गजरौला इंस्पेक्टर राजीव कुमार शर्मा मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसे थाने ले जाया गया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### चोरी का विरोध करने पर तमंचा लेकर धमकाया

**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम भैसहा ग्वालपुर निवासी बेनीगिरी पुत्र मेवा गिरी ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि उसके गांव का रिश्तेदार जोगेंद्र गिरी पुत्र शिवचरन गिरी ने लगभग 15 दिन पूर्व घर में रखे गेहूं के कट्टो में एक कट्टा गेहूं का चुरा कर ले जाकर बेच दिया था। इसकी शिकायत करने पर 15 मई 2024 को दिन के 3 बजे घर के अन्दर तमंचा लेकर घुस आया। आरोपी ने गाली गलौच करते हुए उसकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में वह घायल हो गया। इसकी शिकायत थाना बरखेड़ा पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर थाना बरखेड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बंदर ने हमला कर ग्रामीण को किया लहूलुहान

**पूरनपुर।** कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव साकरिया के रहने वाले राजवीर पुत्र रामचंद्र रविवार को घर में खाना खा रहे थे। इस दौरान एक बंदर ने उन पर हमला कर दिया।बीस राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर परिजनों ने उन्हें बचाया। उपचार के लिए राजवीर को पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# 15 लाख की लागत से बनेंगे तीन पंचायत लर्निंग सेंटर

## क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण के उद्देश्य से तैयार किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद की तीन ग्राम पंचायतों में पंचायत लर्निंग सेंटर खोले जाएंगे। इन सेंटरों के माध्यम से ग्राम पंचायत की क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। प्रथम चरण में जिले में तीन पंचायत लर्निंग सेंटर खोले जाने हैं। इसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी ने बीडीओ और एडीओ पंचायत से प्रस्ताव मांगे हैं।

ग्राम पंचायतों में अक्सर प्रशासनिक एवं तकनीकी क्षमता को लेकर प्रश्नचिन्ह लगता रहा है। ऐसे में अब क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण के लिए पंचायत लर्निंग सेंटर स्थापित किए जाने की तैयारी की गई है। इससे पंचायतों में सुशासन, समग्र दक्षता, पारदर्शिता एवं भागीदारी बढ़ेगी। यह पंचायत लर्निंग सेंटर उन ग्राम पंचायतों में खोले जाएंगे, जो शासन के निर्देशानुसार मानकों के अनुरूप कार्य कर रही है। प्रत्येक पंचायत लर्निंग सेंटर पर पांच-पांच लाख रुपये खर्च किए जाएंगें। अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में तीन पंचायत लर्निंग सेंटर खोले जाने हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) से इस संबंध में प्रस्ताव मांगे हैं। इनका चयन होने के बाद इन्हें मानक के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

### चार कक्ष और एक हॉल वालों को मिलेगी वरीयता

शासन की ओर से पंचायत लर्निंग सेंटर बनाने के लिए मानक निर्धारित किए गए हैं। चार कक्ष और एक हॉल वाले पंचायत भवन को वरीयता दी जाएगी। वहीं, संबंधित पंचायत भवन में फर्नीचर, कंप्यूटर, पुस्तकालय, सोलर लाइट आदि की व्यवस्था होना चाहिए। साथ ही लर्निंग सेंटर की स्थापना के लिए यह भी जरूरी है कि उसकी कनेक्टिविटी जिला, विकासखंड एवं अन्य पंचायतों से हो। ताकि प्रशिक्षण केंद्र के रूप में अन्य पंचायतों को भी लाभ पहुंचा सके। पंचायत प्रतिनिधि शिक्षित एवं स्वयं के प्रयासों से आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हो। साथ ही पंचायत की तरफ से स्वयं की आय के साधन विकसित करने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा हो।

> शासन के निर्देशानुसार तीन पंचायत लर्निंग सेंटर खोले जाने हैं। इसको लेकर प्रस्ताव मांगे गए हैं। प्रत्येक लर्निंग सेंटर पर पांच लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। मानक पूरा करने वाली पंचायतों में पंचायत लर्निंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। –सतीश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी

## बिजली की मेन लाइन में आए दिन हो रहे फाल्ट, लोग परेशान

**बिलसंडा, अमृत विचारः** भीषण गर्मी में बिजली खूब रुला रही है। बीसलपुर से आने वाली मेन लाइन में आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। हवा में झूलता बंच केबल और बिजली के तार फाल्ट का सबब बने रहे हैं। इस समस्या के चलते पिछले कुछ दिनों से बिजली सप्लाई बद से बदतर हो चुकी है। बिलसंडा उपकेंद्र के लिए बीसलपुर से मेन लाइन आई है। यह लाइन इतनी जर्जर होने से आए दिन फाल्ट हो रहे है। इसकी वजह से समूचे क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान हैं। यहां आए दिन बिजली तारों के आपस में टकराने की वजह से फाल्ट हो रहे हैं। तारों के टूटने से घंटों आपूर्ति बाधित रहती है। नगर के कुछ मोहल्लों में ही बंच केबल की व्यवस्था है। जबकि अधिकांश हिस्से में पुराने तारों की लाइन है, जिसकी वजह से हर रोज किसी न किसी मोहल्ले में फाल्ट होते रहते है। इन फाल्ट के कारण घंटों बिजली सप्लाई बाधित रहती है। इस समस्या को लेकर कुछ दिन पूर्व चेयरमैन डीके गुप्ता ने एसडीओ को ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया। जबकि लोग कई बार निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं।

# मो. नबी मिस्टर व माही मिस फ्रेशर चयनित

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** हरप्रसाद रामप्यारी डिग्री कॉलेज में शनिवार को नवागत छात्र-छात्राओं के स्वागत में फ्रेशर डे मनाया गया। सीनियर छात्र व छात्राओं ने नवागत छात्र व छात्राओं के बैच लगाकर स्वागत किया। एवं वरिष्ठ छात्रा अपर्णा व सरोज एवं रोशनी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। इस दौरान नवागत छात्र व छात्राओं ने भी कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र रिजवान ने पंजाबी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रथम सेमेस्टर के ही छात्र दीपक ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। नवागत छात्र व छात्राओं ने लाल किला एवं कुतुब मीनार के मॉडल बनाए। जिनकी सराहना की गई। मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के चुनाव में कक्षा में उपस्थित एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। जिसका निर्णय निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले जोकि केवल प्रथम सेमेस्टर के छात्र व छात्रा के बीच रहा। जिसमें मिस्टर फ्रेशर बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद नबी और मिस फ्रेशर बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा माही डंगवाल चुनी गई। इस प्राचार्य डॉ. वंदना शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर प्रबंध समिति के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, अनूप बेरी, चीफ प्रॉक्टर कौशल कुमार गंगवार, मोहम्मद इलियास, राकेश कुमार, अर्जुन शर्मा, सोमपाल, महेंद्र पाल गंगवार, हेमेश्वर मिश्र, मोहन स्वरूप, सीमा रानी, पुष्पा बिस्ट, दीक्षा सक्सेना व कांती उपस्थित रहे।



मिस्टर और मिस फ्रेशर को सम्मानित करते कॉलेज के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### नेकी की दीवार ने की ग्रामीण की सहायता

**पूरनपुर, अमृत विचार :** रविवार को समाजसेवी संस्था नेकी की दीवार ने गांव चांट फिरोजपुर में एक ग्रामीण को रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुएं और खाद्य सामग्री आदि की सहायता की। ग्रामीण की दो छोटी बेटियों की पढ़ाई के लिए पाठ्य सामग्री आदि की व्यवस्था भी संस्था की ओर से को गई।संस्था ने ग्रामीण को रोजगार दिलाने का आश्वासन भी दिया। संस्था के अध्यक्ष गुरमेल सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से ग्रामीण की हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान संरक्षक रामगोपाल,कपिल कक्कड़, केवल कृष्ण कक्कड़ अमनदीप सिंह सिंह, डा .निरंजना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पपिंग सेट चोरी करने वाले गैंग का खुलासा, तीन दबोचे


घुघचिहाई पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद पंपिंग सेट। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचारः** पुलिस ने रविवार को एक नाबालिग और तीन युवकों को गिरफ्तार पंपिंग सेट चोरी का खुलासा कर दिया। आरोपियों के पास चोरी के पंपिंग सेट बरामद हुए।

घुंघचिहाई थाना क्षेत्र में बीते दिनों खेतों पर लगे पंपिंग सेट चोरी हो गए थे। रविवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग पुन्नापुर तिराहा के पास पंपिंग सेट चोरी कर ले जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीन लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की गई। उन्होंने अपना नाम अशोक व उसका भाई शेर सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह बताया। एक आरोपी नाबालिग है। सभी आरोपी ग्राम रघुनाथपुर थाना पूरनपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से एक तमंचा और बाइक बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे रेकी करके पंपिंग सेट को टारगेट करते थे। रात में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। नाबालिग को इसलिए साथ में रखते हैं कि कोई चोरी का शक न करें।

## प्रसव के बाद नवजात की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** नगर के एक क्लीनिक में प्रसव के बाद शिशु की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। नगर से सटी पंकज कॉलोनी को रहने वाली महिला को प्रसव पीड़ा होने पर कोतवाली रोड स्थित एक नर्सिंगहोम में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने जांच के बाद सब कुछ ठीक होने की बात कहकर साधारण प्रसव कराने का वादा किया। शाम को लगभग चार बजे महिला को प्रसव पीड़ा होने पर डाक्टर महिला को प्रसव कक्ष में ले गए। आरोप है वहां प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसकी जानकारी लगने पर परिजन भड़क गए। उन्होंने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही महिला के अन्य रिश्तेदार भी पहुंच गए। इससे वहां भीड़ लग गई। परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग की है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में कई महत्व निर्णय लिए गए। कर्मचारी सम्मेलन आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। वहीं मंत्री द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने पर सर्वसम्मति से उन्हें हटाने का निर्णय लिया गया। विकास भवन स्थित गोमती सभागार में रविवार को जिलाध्यक्ष हशमुद्दीन खां की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय का लेखा जोखा पेश किया गया।

पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में प्रांतीय स्तर पर मिले निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने की बात कही गई। फ्रीज किए गए डीए को मुक्त कराने के संबंध में शासन से पत्राचार किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में परिषद के मंत्री संजय प्रकाश द्वारा पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने पर सर्वसम्मति से उन्हें हटाने एवं धर्मपाल सिंह द्वारा उनके स्थान पर संजय तोमर का प्रस्ताव रखा गया।


गोमती सभागार में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हशमुद्दीन खां। ● अमृत विचार

● **सर्वसम्मति से संजय जिला मंत्री और सुधीर जिला संयुक्त मंत्री मनोनीत किए गए**

जिस पर सर्वसम्मति से संजय तोमर को जिला मंत्री पद पर नामित किया गया। रिक्त चल रहे संयुक्त मंत्री पर सर्वसम्मति से सुधीर कुमार को नामित किया गया। वहीं रिक्त चल रहे उपमंत्री पद पर हरिपाल को नामित किया गया।

इस दौरान कर्मचारी सम्मेलन आयोजित करने भी विचार विमर्श किया गया। समापन पर संरक्षक रूपलाल ने जिला मंत्री, संयुक्त मंत्री व उपमंत्री को शपथ दिलाई। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, रामसेवक, अनीता तिवारी समेत तमाम सदस्य मौजूद रहे।

## खिरकिया बरगदिया में ग्रामीणों ने शुरू किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार।** बाढ़ से ग्रसित बरगदिया के ग्रामीणों ने गांव में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शारदा नदी में समाई जमीन का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। इसके अलावा गांव को बाढ़ से बचाने के लिए तटबंध बनाने, ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर बसाने और बैंकों द्वारा वसूली के लिए परेशान न करने की मांग की गई। हल न निकलने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव खिरकिया बरगदिया के सैकड़ों ग्रामीण मांगो को लेकर गांव में धरने पर बैठ गए। उन्होंने एसडीएम को भेजे पत्र में कहा कि शारदा नदी हर साल किसानों की जमीन, फसल और अनाज को नुकसान पहुंचती है। पिछले दो सालों से शारदा नदी में समाई जमीन का अभी तक सर्वे नहीं कराया गया और न ही किसानों को मुआवजा दिया गया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि शारदा नदी के कटान में जाने वाली जमीन का सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दिलाया जाए। खिरकिया बरगदिया के सभी लोगों को सुरक्षित स्थान पर बसे गांव ढक्का चांट में बसाने की मांग की गई। इसके अलावा गांव को बचाने के लिए ग्रामीणों ने तटबंध बनाने की भी मांग उठाई। कटान के बाद बैंक ग्रामीण को लोन चुकता करने के लिए परेशान कर रही हैं। ग्रामीणों ने वसूली के लिए बैंकों द्वारा परेशान न करने की मांग भी धरना प्रदर्शन के दौरान की। उन्होंने बताया कि सोमवार को रक्षाबंधन के बाद मंगलवार को ग्रामीण अधिकारियों से वार्ता करेंगे। समस्याओं का समाधान न निकलने पर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान फूलमती, राजकुमार, रामसुख, उघाई, रामधारी, अजीत सिंह, राजमंगल, बसंत, राजकुमार, रामसूरत, अलाउद्दीन आदि रहे।

# डीएम ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार को माधोटांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा डीएम कलीनगर तहसील क्षेत्र की दो गोशालाओं का निरीक्षण किया। जहां गंदगी मिलने पर डीएम ने साफ-सफाई के निर्देश दिए।

डीएम संजय कुमार सिंह रविवार को अचानक माधोटांडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्टाफ के संबंध में जानकारी ली। स्टाफ रजिस्टर भी चेक किया। हालांकि मौके पर स्टाफ पूरा मिला। डीएम ने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि सभी चिकित्सक समय पर उपस्थित रहते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावा डीएम ने कलीनगर तहसील क्षेत्र की राधा-कृष्ण गोशाला ककरौआ व अस्थाई गोशाला माधोटांडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था ओं का जायजा लिया। उन्होंने पशु चिकित्सक से गोवंश की संख्या जानने के साथ उनकी नियमित देखरेख के निर्देश दिए। गोशाला परिसर में पौधरोपण करने को भी कहा। गंदगी मिलने पर उन्होंने गोशालाओं में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आशुतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।


सीएचसी में उपस्थिति रजिस्टर देखते डीएम। ● अमृत विचार

● **दो गोशालाओं में गंदगी मिलने पर साफ सफाई के दिए निर्देश**


मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

## सुंदरकांड के समापन पर हुआ भंडारा

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लक्ष्मी नारायण मंदिर देवी प्रसाद धाम श्याम मंदिर चौक बाजार में चालीस दिनों से चल रहे सुंदर कांड पाठ का समापन हुआ। आचार्य गीता मिश्रा ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में चालीस दिनों से रोज सुबह-शाम चल रहे सुंदरकांड पाठ का रविवार को समापन हुआ। रविवार को सुबह नौ बजे संकीर्तन सुंदरकांड पाठ शुरू होकर 12 बजे तक चला। जहां भक्तों सुंदरकांड पाठ में पहुंचकर मंत्र-मुग्ध होकर नृत्य भी किया। इसके बाद बाबा की आरती की गई। मंदिर परिसर में स्थापित सभी विग्रहों को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की गई। सुन्दरकांड पाठ में मनीष अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रमा सक्सेना, पूनम सक्सेना, सुधा अग्रवाल, संजय सीए का विशेष सहयोग रहा।

# चार अधिवक्ताओं के परिवार वालों को दी पांच-पांच लाख की सहायता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ओर से पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता चेक जनपद के चार दिवंगत अधिवक्ताओं के परिजनों को दिए गए। इस दौरान गांधी सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया।

गांधी सभागार में रविवार को डीएम संजय कुमार सिंह एवं अपर जिला जज शिवा पांडे ने जनपद की अंजू मिश्रा पत्नी स्वर्गीय सुनील कुमार मिश्रा निवासी बीसलपुर, सुषमा शर्मा पत्नी स्वर्गीय भगवान दास शर्मा निवासी पुरानी पीलीभीत, शोभा जायसवाल पत्नी स्वर्गीय अनिल कुमार जायसवाल निवासी गैस चौराहा एवं शाहीन जहां पत्नी स्वर्गीय मुजीबुलहक निवासी पीलीभीत को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता के चेक सौंपकर परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला जज आतिफ शमीम ,अपर सत्र न्यायाधीश गीता सिंह, जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, महामंत्री आनंद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष अशोक बाजपेई , शासकीय अधिवक्ता हर्षवर्धन पांडे, महेंद्र पाल गंगवार, वीएम दीक्षित, कुश कुमार वर्मा,राजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।


दिवंगत अधिवक्ता के परिजन को सहायता राशि का चेक देते अपर जिला जज व डीएम।

● **गांधी सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**


बिलसंडा में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते अभाविप के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# ममता सरकार के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से रविवार को विरोध प्रदर्शन किया गया।

कमल पार्क पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी की सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कैंडल मार्च निकाला। जिला संयोजक कुनाल प्रजापति ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ हो रहे बलात्कार एवं निर्मम हत्याओं तथा वहां की ममता सरकार द्वारा बलात्कारियों व दुर्दांत अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मेडिकल इंटर्न छात्रा के साथ होने वाली ये घटना बेहद दिल दहलाने वाली है। महिलाओं के नाम पर शासन करने वाली ममता बनर्जी की ओर से कोई कार्रवाई न करना शर्मनाक है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आह्वान किया है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व नगर मंत्री प्रांजल शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष मंशु प्रजापति, नगर सह मंत्री विजय प्रजापति जी, विनय मिश्रा, अंश वर्मा, रविंद्र कश्यप उपस्थित रहे।

**विरोध** पीलीभीत में डॉक्टरों ने कैंडल मार्च निकाला, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और डॉक्टर सुरक्षा अधिनियम लागू करने की उठाई मांग

# हर तरफ उठ रही आवाज, डॉक्टर बेटी को मिले न्याय

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पश्चिम बंगाल में आरजी मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में डॉक्टरों में जबरदस्त रोष है। इसको लेकर आईएमए की ओर से इस घटना की निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया।

आईएमए के आह्वान पर गांधी स्टेडियम में जिले के समस्त डॉक्टर एकत्र हुए। जहां आईएमए अध्यक्ष डॉ. रश्मि चौधरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें आईएमए के साथ मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट, एमआर एसोसिएशन, ड्रजिस्ट एसोसिएशन, इनर व्हील क्लब के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। लिटिल एंजेल्स और मॉम्स प्राइड स्कूल के बच्चों ने विरोध रैली में हिस्सा लिया।


कोलकाता की घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकालते आईएमए के डॉक्टर। ● अमृत विचार

आईएमए अध्यक्ष डॉ. रश्मि चौधरी ने कहा कि यह अत्याचार सिर्फ एक महिला पर नहीं हुआ है। अपितु पूरे महिला समाज पर हुआ है। वह देश की बेटी पहले थी बाद में डॉक्टर। यदि एक पढ़ी-लिखी लड़की इस देश में सुरक्षित नहीं है तो और कौन होगा। सरकार को जरूरत है कि वह ऐसे सख्त कानून बनाए की भविष्य में रेप करने से पहले अपराधी की रूह कांप जाए।

इसके बाद डॉक्टरों ने कैंडल जलाकर दिवंगत डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कैंडल मार्च गांधी स्टेडियम से शुरू होकर सुनगढ़ी थाना, गैस चौराहा, चावला चौराहा, अन्य रूट होते हुए नई तहसील पर पहुंची।डॉक्टरों की मांग है कि दोषियों के खिलाफ सख्त सजा का प्रावधान किया जाए। साथ ही डॉक्टरों की सुरक्षा के विषय में कानून लागू हो। ताकि वह अपना कार्य बेहतर ढंग से कर सके। इस दौरान आईएमए सचिव डॉ. नीरज, डॉ. ज्ञान प्रकाश,डॉ. के एन तिवारी, डॉ एस के अग्रवाल, डॉ. महेश चंद्र, डॉ. मधु सचान, डॉ. नीलम, डॉ. पीयूष अग्रवाल,डॉ. भारत सेठी,डॉ. भरत कंचन,डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. के पी शर्मा,डॉ. उपेंद्र,डॉ. शैलेंद्र,डॉ. भगवानदास, डॉ. भरत कंचन,डॉ. राकेश सिंह, डॉ. पीडी सिंह ,डॉ. संजीव अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के कंसलटेंट डॉ. नितिन मलिक, डॉ. सतीश चंद्र, नीमा संगठन के प्रेसिडेंट डॉ. प्रदीप अग्रवाल ,डॉ. सचदेवा, डॉ. प्रवीण गुप्ता, एमआर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट हितेश शुक्ला ,जगदीश, अशोक शर्मा, इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट नीना मल्होत्रा, रोटरी क्लब के संरक्षक डॉ. संधू मौजूद रहे।

# पिकअप पलटते ही महिलाओं और बच्चों में मची चीख पुकार

## बच्चों को तलाश रही थीं खून से लथपथ महिलाएं, मालिक और चालक हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** हरिद्वार से चली पिकअप में ज्यादा महिलाएं और बच्चे सवार थे। पिकअप में एक जाल बना था। कुछ जाल के ऊपर और कुछ जाल के नीचे बैठे थे। पिकअप के पलटते ही महिलाओं और बच्चों में चीख पुकार मचने लगी। खून से लथपथ महिलाएं अपने बच्चों को तलाश कर रही थी। पुलिस और परिवहन विभाग की लापरवाही उजागर हुई क्योंकि हरिद्वार से यहां तक किसी ने पिकअप को चेक नहीं किया।

सीतापुर के नैमिषारणय में आज से शुरू होने वाले सत्संग के लिए हरिद्वार से सीतापुर जाने के लिए पिकअप किराए पर की गई थी। जयगुरुदेव के करीब 20 अनुयायी हरिद्वार से सीतापुर सत्संग में शामिल होने जा रहे थे। जिसमें बच्चे भी शामिल थे। रविवार को गर्रा पुल से करीब सौ मीटर पहले पुराना टोल टैक्स के सामने जानवर को बचाने के चक्कर में डिवाइडर से टकराकर पलट गई थी। पिकअप में सवार मुजफ्फर नगर के राधेश्याम और हरिद्वार के नेत्रपाल व वीरोमो की मौत हो गई। जबकि मुजफ्फरनगर के गांव भुआपुर के विनीत, संगीता, हरिद्वार के गांव नंदपुर के मौनी, धमेंद्र, हरिद्वार के मोहल्ला पंडितपुर के मंजू, गांव टिकोला के दर्श, मुजफ्फर नगर के गांव बिहार गढ़ के मंगल, गांव मोरना के परवहां, खुशी, हरिद्वार के नंदपुर रुक्मणी, बिजनौर के गांव राजापुर की पिंकी, मुजफ्फर नगर के गांव राजपुर बबिता, फूलमती व मखमली घायल हो गए। पिकअप में अधिकांश महिलाएं और बच्चे सवार थे। राहगीरों ने महिलाओं और बच्चों को पिकअप से बाहर निकाला।


हादसे में घायल बालक परिजनों के साथ। ● अमृत विचार

- **हरिद्वार से बुक की गई पिकअप में बने जाल में कुछ ऊपर तो कुछ बैठे थे जाल के नीचे**
- **लापरवाही: हरिद्वार से यहां तक किसी ने पिकअप को चेक ही नहीं किया**


क्षतिग्रस्त पिकअप वाहन। ● अमृत विचार


सड़क किनारे पड़ा सत्संगियों का सामान। ● अमृत विचार

> हरिद्वार निवासी पिकअप को किराए पर करके ले जा रहे थे। पुलिस ने पिकअप मालिक व चालक को हिरासत में ले लिया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। – **राजीव तोमर**, प्रभारी निरीक्षक

## मायके से वापस नहीं आई पत्नी अवसाद में दी जान

**बदायूं, अमृत विचार :** मायके में रह रही पत्नी के लौटकर न आने पर एक युवक अवसाद में आ गया। पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। अगले दिन ग्रामीणों ने शव देखा तो परिजनों को सूचित किया।

थाना उसावां क्षेत्र के गांव अधरमई निवासी जगमोहन दिल्ली में रहकर मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। उनकी शादी लगभग तीन साल पहले शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव टीलापुर निवासी पलक पुत्री कल्लू के साथ हुई थी। 12 अगस्त को पलक रिश्ते के भाई के साथ मायके चली गई थी। जगमोहन ने पत्नी से वापस आने को बोला लेकिन उसने आने से इनकार कर दिया। जिसके चलते जगमोहन परेशान था। वह दिल्ली से गांव लौट आया था। शनिवार को खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। रात में किसी समय घर से निकल गया।

## कर्नल एकेडमी में गूंजे देशभक्ति के तराने

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कर्नल एकेडमी ग्लोबल में स्वतंत्रता दिवस जोशोखरोश के साथ मनाया गया। संस्थापक रिटायर्ड कर्नल केके चौधरी (सेना मेडल) ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने बच्चों को देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीत, नृत्य, नाटक, भाषण आदि प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं।

डायरेक्टर नीला चौधरी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एकेडमिक डायरेक्टर पूनम अभिनव चौधरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत पर भावपूर्ण नृत्य एवं एकेडमी गीत के साथ हुआ। डॉ. प्रणव चौधरी, डॉ. मणिका समेत स्कूल स्टाफ का योगदान रहा।

## मारपीट से आहत युवक ने फंदे पर लटककर जान देने का किया प्रयास

संवाददाता, खुटार

- **शराब पीने के दौरान गांव के एक व्यक्ति से हुआ था सत्यपाल का विवाद**
- **रविवार रात विपक्षियों ने सत्यपाल के घर पहुंचकर की गाली गलौज**
- **विरोध करने पर आरोपियों ने सत्यपाल की जमकर पिटाई कर दी**

**अमृत विचारः** मारपीट से आहत युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते घरवालों ने देख लिया और नीचे उतार लिया।

क्षेत्र के गांव खंडसार निवासी छोटेलाल का पुत्र सत्यपाल(20) का गांव के एक व्यक्ति के साथ शराब पीने गया था। जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। हालांकि वहां मामला शांत हो गया और दोनों अपने घर पहुंच गए। रविवार रात करीब आठ बजे विपक्ष के करीब चार-पांच लोग सत्यपाल के घर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे।

विरोध करने पर उक्त लोगों ने सत्यपाल की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह मामूली रूप से घायल हो गया। विवाद के बाद सत्यपाल कमरे में पहुंचा और धोती से फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो चीख पुकार मच गई। इसके बाद उसे फंदे से नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने एंबुलेंस से सत्यपाल को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया है कि शराब पीने के दौरान सतपाल और गांव के कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया था। इससे नाराज होकर सत्यपाल ने फांसी लगा ली। मामले की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचा और एंबुलेंस से उसे अस्पताल में भिजवाया। जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया है।

## एसपी के आदेश पर मारपीट का केस दर्ज

**तिलहर, अमृत विचारः** मुकदमे की रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने युवक को पीट कर अधमरा कर दिया। युवक की मां ने पुलिस पर कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की। एसपी के निर्देश पर युवक की मां की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया।

बंथरा गांव की रेखा सिंह ने बताया कि उनके गांव के ही गामा सिंह, रघुवीर सिंह, मानसिंह, सोहन सिंह ने उसके पति राकेश सिंह को गायब करके सारी जमीन बिकवा कर उसका रुपये हड़प लिए थे। जमीन बिकने के बाद से उनके पति का कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले में उसने 11 सितंबर 2019 को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। आरोप है कि इसी रंजिश को लेकर 9 अगस्त को आरोपियों ने उनके पुत्र भानु प्रताप सिंह को लोहे की सरिया से जमकर पीट कर लहूलुहान कर दिया और तमंचे से फायर भी किया। आरोपी भानु प्रताप सिंह को मरा हुआ समझकर उसे घसीटते हुए ले जा रहे थे।

## वीरेश सिंह बने बमरोली व्यापार मंडल के अध्यक्ष


पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपते अध्यक्ष अवनीश जायसवाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संरक्षक सुनील सक्सेना मन्ने की अध्यक्षता में रविवार को बंडा रोड स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में कई रिक्त पदों के लिए व्यापारियों का चयन किया गया। नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल की संस्तुति पर नगर के उर्वरक व्यापारी शुभम मिश्रा को युवा इकाई के लिए नगर कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कस्बा बमरोली में ठाकुर वीरेश सिंह चौहान को नगराध्यक्ष बनाया गया। दोनों पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर जल्द कमेटी का विस्तार करने का निर्देश दिया गया।

इस मौके पर अवनीश जायसवाल, महामंत्री मो.रेहान, युवा अध्यक्ष देवदत्त सक्सेना, सुमित जायसवाल, अंकित जायसवाल, शिवम, शक्ति, राहुल,आदेश, आकाश,बंटू जायसवाल, राहुल सिंघल, दिलराज सिंह,नाव उल्लाह खान, जाहिद बहिदी, राजीव गुप्ता मौजूद रहे।

## मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने लुटेरा दबोचा, लूटे कुंडल किए बरामद

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचारः** पुलिस से मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक लुटेरा घायल हो गया। इससे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास महिला से लूटा कुंडल बरामद हुआ। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी जगदेवी अपने घर लौट रही थीं। तभी एक युवक ने झपट्टा मारकर उसके कानों से सोने के कुंडल नोच लिए और भाग गया। इस घटना के खुलासे को एसपी अविनाश पांडे के नेतृत्व में दो टीम बनाई गई थी। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि कुंडल लूटने वाला रामलीला मेले से ग्राम भसूडा की ओर जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास बैठा है। इस पर प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल अपने साथ उप निरीक्षक राहुल सोम, आयुष कुमार और कांस्टेबल सनी, सूर्य राठौर, हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही लुटेरे ने फायरिंग कर दी। पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई। पुलिस की गोली आरोपी के पैर में जा लगी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेने के बाद उससे पूछताछ की। उसने अपना नाम सूरज उर्फ कालिया निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद बताया। उसके पास से एक तमंचा मय कारतूस के साथ बरामद हुआ।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक पाल ने बताया की सूरज उर्फ कालिया पर कोतवाली में अलग-अलग अपराधों में सात मुकदमे पूर्व से ही पंजीकृत चल रहे हैं। आरोपी का चालान कर उसे जेल भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया आरोपी सूरज कालिया। ● अमृत विचार

- **पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ आरोपी सूरज कालिया**

## बच्चों ने प्रस्तुति से मन मोहा


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे और स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** डॉ. जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। इससे पूर्व डॉ. रश्मि कनौजिया ने ध्वजारोहण किया। अंत में विद्यालय के प्रशासक अवधेश वर्मा, प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने बच्चों की हौसला आफजाई की और स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## अब्दुल हमीद का शहीदी दिवस मनाने पर विचार-विमर्श

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अंजुमन इदरीसिया एवं वीर अब्दुल हमीद शहीद स्मारक समिति की बैठक**

**अमृत विचारः** सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया एवं वीर अब्दुल हमीद शहीद स्मारक समिति की बैठक रविवार को मोहल्ला चौक आला खां में मोहम्मद शमीम इदरीसी के आवास पर हुई। इस अवसर पर राष्ट्र गौरव परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का 59वां शहीद दिवस सितंबर माह में मनाने की रूपरेखा पर विचार किया गया।

बैठक में जिलाध्यक्ष महबूब हुसैन इदरीसी ने वीर अब्दुल हमीद की शहादत और उनके जीवन पर रोशनी डाली। उन्होंने हमीद के शहीदी दिवस की तैयारियों के लिए नगर अध्यक्ष मोहम्मद अजीम रजा इदरीसी के नेतृत्व में टीम का गठन किया, जिसमें मोहम्मद रफीक इदरीसी, सलीमुद्दीन इदरीसी, नौशाद हसन, फखरुद्दीन इदरीसी, मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद आरिफ, शमीम इदरीसी को सम्मिलित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष हफीजुद्दीन इदरीसी, मो. नकी इदरीसी समेत ताहिर अली, शमशुद्दीन इदरीसी, मोहम्मद जफर, राशिद राही, शकील अहमद इदरीसी, फहीम अहमद, मोहम्मद इमरान, याक़ूब इदरीसी, नजरुल हसन, इदरीसी, सरताज मियां, जलालुद्दीन इदरीसी आदि मौजूद रहे। शमीम इदरीसी ने शुक्रिया अदा किया।


शहीदी दिवस संबंधी बैठक को संबोधित करते महबूब हुसैन इदरीसी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर विकास खण्ड बिथरी चैनपुर, बरेली**

**निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भीकमपुर वि. खं. बिथरी चैनपुर में मनरेगा व ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईट का रोड़ा, महीन रेता, प्रथम ईट, इण्टरलॉकिंग सीमेन्ट ईट, सरिया आदि की सीलबंद निविदायें दिनांक 23.08.2024 को 12:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदायें उसकी निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष उसी दिन दिनांक 23.08.2024 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में सायं 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | कबीर अहमद के घर से इकरार अली के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण | 329386/– |
| 2. | सामुदायिक खाद्य भन्डारण केन्द्र के प्रांगण में सी.सी./इटरलॉकिंग कार्य | 255917/– |
| 3. | रियासत के घर के पीछे से सरताज के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 154526/– |
| 4. | आर.आर.सी. सेन्टर से ताजुद्दीन के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 179252/– |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने इन्टर लॉकिंग कार्य | 136451/– |
| 6. | सदाकत की दुकान से शाकिर के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य | 399500/– |

ग्राम प्रधान
श्री मो. आरिफ

सचिव
श्री मोरपाल गंगवार


## डीसीएम ने ऑटो में मारी टक्कर महिला की मौत, चार लोग घायल

संवाददाता, दातागंज

- **रक्षाबंधन पर्व पर भाई के घर जा रही थी शाहजहांपुर की महिला मौके से भागे वाहनों के चालक**
- **घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में कराया है भर्ती हालत बनी हुई है गंभीर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव बेलाडांडी स्थित पुल के पास डीसीएम ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। महिला शाहजहांपुर की रहने वाली थी। वह रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाई के घर जा रही थी। इस हादसे में चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने महिला के शव को पीएम के लिए भेजा है। साथ ही घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए।

जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव आलमपुर निवासी मुनेश दिल्ली में नौकरी करते हैं। रक्षाबंधन पर उनकी पत्नी माधुरी (29) अपने भाई के बेटे मोनू निवासी थाना हजरतपुर के गांव शेरपुर के साथ दिल्ली से लौटी थी। बस से उतर कर मोनू के साथ वह ऑटो में बैठकर गांव शेरपुर के लिए रवाना हो गई। ऑटो बेला डांडी पुल पर पहुंचा ही था कि विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही डीसीएम ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार लोग घायल हो गए। हादसा होने के बाद दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए। इधर मौके पर जुटी भीड़ ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी है।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ऑटो, पास में घायल सवारी। ● अमृत विचार

## बाढ़ की मुसीबत टली, अब संक्रामक रोग का बढ़ा खतरा


हाईवे पर बाढ़ के पानी के बीच निकलते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** गंगा की बाढ़ की लहरें थमने से बाढ़ का कहर तो थम गया लेकिन संक्रामक रोग का खतरा बढ़ गया है। वहीं हाईवे व संपर्क मार्गों पर बाढ़ का पानी चल रहा है और फसलें जलमग्न हो गई हैं।

बीते पांच दिन से तबाही मचा रही गंगा की लहरें शनिवार शाम से कुछ थमती दिखीं। जिससे तटवर्ती गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी भी शमशाबाद जलालाबाद हाईवे पर चौरा गांव के पास पानी चल रहा है।

वहीं नगला बसोला मार्ग तथा पैलानी मार्ग पर बाढ़ का पानी तेज रफ्तार से बह रहा है। बाढ़ से फसलें जलमग्न हो गई है। खेतों में चारों तरफ पानी ही पानी दिख रहा है। जिससे तिल, उर्द, शकरकंद, ज्वार, बाजरा, धान और गन्ने की फसलों को नुकसान हो रहा है। जलभराव के चलते जानवरों के चारे की भी विकराल समस्या है।


**कार्यालयः सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक 1422 /स्वी0 अनु0/धा0ख0/सी.एम.आर. परि0-ई-निविदा/2024-25 / बरेली — दिनांक 17/08/2024

**ई–टेण्डर नोटिस (सी.एम.आर.परिवहन)**

कार्यालय आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ, के पत्रांक 3098/मु.वि.आ./धा.खा.–नीति प्रस्ताव–1/2024–25 दिनांक 24.07.2024 के साथ संलग्न शासनादेश सं0 553/29–4–2024/1831/2020 दिनांक 24.07.2024 के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय व्यवस्था संबंधी समय सारिणी में दिये गये निर्देशों तथा शासनादेश सं. 591/29–4–2023/4013 (99)/7/2022 दिनांक 16.05.2023 शासनादेश सं. 1215/29–4013 (99)/7/2022 दिनांक 15.09.2022 शासनादेश सं.–571/29–4–2023/4013 (099)/7/2022 दिनांक 03.05.2023, शासन के पत्र संख्या 831/29–4–2023–385/19 दिनांक 25.07.2023 एवं अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश ज्वाहर भवन लखनऊ के पत्रांक 3773/आ.वि.श./है.परि./परि. दर/359 /2022 दिनांक 25.07.2023 के साथ संलग्न राज्य स्तरीय कमेटी (एस.एल.सी.) की दिनांक 10.07.2023 की सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त के आलोक में बरेली सम्भाग के जनपद बरेली, बदायूं, पीलीभीत एवं शाहजहांपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध होने वाली राइस मिलों से भारतीय खाद्य निगम के निर्धारित डिपो तक सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदायें जनपदवार मिलवार प्राप्त की जायेंगी। राइस मिलों की ई–निविदाओं हेतु गतवर्ष में कार्यरत राइस मिलें सम्मिलित की गयी है, वर्तमान सत्र में राइस मिलों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है। सत्यापन उपरांत राइस मिलों की सूची में मिलों की संख्या घट व बढ़ सकती है। वर्तमान प्रकाशित ई–टेण्डर वर्ष में राइस मिलों के सत्यापन एवं पंजीयन के अधीन होंगे। निविदा समिति द्वारा उन्हीं राइस मिलों की ई–निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा जिन राइस मिलों की सूची सत्यापन एवं पंजीयन उपरांत जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करायी जायेगी।

गत वर्ष में कार्यरत राइस मिलों के आधार पर संलग्न सूची के अनुसार जनपद बरेली में 61 जनपद बदायूँ में 05, जनपद पीलीभीत में 81 एवं जनपद शाहजहाँपुर में 95, कुल 242 राइस मिलों पर सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु जनपदवार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदादाता/फर्म द्वारा प्रत्येक राईस मिल के लिए पृथक–पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेगें तथा निविदा शुल्क (प्रत्येक राइस मिल हेतु) एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य, धरोहर धनराशि निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। सी.एम.आर. परिवहन कार्य हेतु निविदा प्रपत्र शुल्क 500+90 (जी.एस.टी.)=590/– तथा प्रत्येक निविदा के साथ सी.एम.आर. परिवहन कार्य के लिये धरोहर धनराशि रू. 15,000/– सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य), बरेली के पदनाम से खाता संख्या 0232104000190848 आई.एफ.एस.सी. कोड IBKL0000232 आई.डी.बी.आई. बैंक सिविल लाइन्स बरेली में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. से जमा किया जायेगा । प्रत्येक निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि के रिसीट/यू.टी.आर. की ''स्कैन्ड कापी'' ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी ।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.08.2024 को अपराह 02:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टेक्निकल बिड दिनांक 30.08.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तदर्थ गठित ई–निविदा समिति के द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के प्रपत्रों की जाँचोपरान्त इसमें अर्ह निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जायेगा तदोपरांत वित्तीय निविदा निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली के पास सुरक्षित होगा ।

निविदा की शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई–टेण्डर वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगें ।

**(मनिकन्डन ए0)**
**सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक**
**बरेली सम्भाग, बरेली**

यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

जिस प्रकार सोने का परिक्षण घिसने, काटने, तापने और पीटने जैसे चार प्रकारों से होता है। ठीक उसी प्रकार पुरुष की परीक्षा त्याग, शील, गुण और कर्मों से होती है।

## संपादकीय

# तैयार रहना होगा

थाइलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैटोंगटार्न शिनावात्रा रविवार को शाही मंजूरी पत्र मिलने के बाद देश की प्रधानमंत्री बन गईं। प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को बुधवार को संवैधानिक न्यायालय ने नैतिकता उल्लंघन के कारण पद से हटा दिया था। अदालत के इस फैसले के बाद देश में राजनीतिक उथल-पुथल की स्थिति पैदा हो गई। प्रधानमंत्री बनने के बाद पैटोंगटार्न शिनावात्रा अपने अरबपति पिता और चाची यिंगलक शिनावात्रा के बाद इस पद पर आसीन होने वाली तीसरी शिनावात्रा हैं। दोनों को तख्तापलट के जरिए पद से हटा दिया गया था। 37 वर्षीय पैटोंगटार्न शिनावात्रा की उम्र और अनुभव की कमी को देखते हुए, उनके पिता द्वारा निर्देशित किए जाने की उम्मीद है, जो भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण संयुक्त अरब अमीरात में अपने निर्वासन से प्रतिष्ठान के साथ समझौते के बाद वापस आ गए हैं। उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य थाईलैंड की सुस्त अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाना होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैटोंगटार्न को बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हैं। वास्तव में भारत और थाइलैंड में आंतरिक और बाहरी कारकों के कारण संबंधों की बदलती प्रकृति के बावजूद, संबंधों में निरंतरता बनी हुई है। भारत के बाहरी इलाकों में चीन का प्रभाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। ऐसे में भारत की अपने क्षेत्रीय एजेंडे को आगे बढ़ाने की क्षमता प्रभावित हो रही है। यह घटनाक्रम भी के पड़ोस में अस्थिरता के समय सामने आया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन ने देश को अनिश्चितता के दौर में धकेल दिया है, जिससे अंतरिम सरकार को निपटना होगा। यह घटनाक्रम उग्रवादी समूहों और म्यांमार के जुंटा के बीच हिंसा में वृद्धि के बाद हुआ है, जिसने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ लगी सीमा पर शांति को जोखिम में डाल दिया है। अब जबकि आर्थिक संकट से घिरा श्रीलंका चुनावी चौराहे पर खड़ा है, वहां सितंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और थाईलैंड संकट से 4 सितंबर को बैंकॉक में बिम्सटेक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना पर अनिश्चितता छा गई थी, आशा की जानी चाहिए कि इस शिखर सम्मेलन को अब स्थगित करने की जरूरत नहीं होगी। बिम्सटेक के सदस्य देश बांग्लादेश, भारत, म्यांमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान हैं। पैटोंगटार्न का प्रधानमंत्री बनना भले ही कुछ स्थिरता के संकेत दे रहा है, परंतु भारत को पड़ोस में संभावित संकटों से निपटने के लिए अपने को तैयार रखना होगा।

# विकास के लिए समग्र चिंतन प्रक्रिया जनोन्मुखी हो


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है।

आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं, साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

गांधी, सावरकर, सुभाष, सरदार भगतसिंह, नेहरू, अंबेडकर, पटेल आदि को लेकर इतनी उग्र चर्चा होती है कि कभी-कभी तो डर लगने लगता है। वे किसी भी महापुरुष के संबंध में कुछ भी कह सकते हैं,कौन रोकेगा? जिनके परिवेश में स्वार्थ की क्षुद्रताएं ही हैं,वे महापुरुष की कल्पना करें भी तो किस आधार पर करें?

एक नेता ने पार्टी दफ्तर से एक तस्वीर हटा दी और दूसरी दो तस्वीर सजा ली, अब उनसे कौन बात करे? वे इस प्रकार से बहस करते हैं, जैसे ये सब अंग्रेजों से नहीं लड़ रहे थे,आपस में ही लड़ रहे थे। इसका कारण यह है कि आज वह पीढ़ी सत्ता में या सत्ता की सीढ़ियों के आसपास आ चुकी है,जिसने स्वतंत्रता संग्राम को तो क्या, स्वतंत्रता सेनानियों को भी न देखा,न जाना। उसने स्वतंत्रता आंदोलन की कहानियों को गप्पों में सुना है। पढ़ने वालों के लिए तो संपूर्ण गांधी वाङ्मय है और भी इतना साहित्य है कि एक नहीं, दस पुस्तकालय बन जाए,परंतु जब गप्पों से ही काम चल रहा है तो उनको पढ़ने की जरूरत ही क्या है? उनकी बुद्धि में यह बात नहीं आ सकेगी कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम इसलिए अनोखा था कि वह दो-चार, दस-पांच, हजार-दो हजार व्यक्तियों ने नहीं लड़ा,वह दो सेनाओं का भी युद्ध नहीं था। उनकी बुद्धि में यह सच नहीं समा सकेगा कि भारत की स्वतंत्रता का संग्राम सामान्य जन ने लड़ा था,जनता ने लड़ा था।

ये लोग अपने मतलब के लिए जाति और मजहब की बात करेंगे, ये समझकर भी नहीं समझ पाएंगे कि स्वतंत्रता का संग्राम जाति और मजहब ने नहीं लड़ा, सामान्य जन ने लड़ा था, जो सशस्त्र क्रांतिकारी थे, वे भी इसी जनता में से आए थे और जो सविनय अवज्ञा आंदोलन के सत्याग्रही थे, वे भी इसी जनता में थे। अंग्रेजी साम्राज्य को परास्त करने वाली यही जनता है। यही जनता थी, जिसमें से एक दिन क्रांतिकारी भी आए थे और असहयोगी भी आए थे। रास्ते भले ही दो हों, किंतु विद्रोह तो एक ही था। यही जनता ज्वालामुखी बन गई थी, जब जनता को भरोसे का नेतृत्व मिल जाता है, एक उदार और समन्वयी नेतृत्व मिल जाता है, लेकिन होता भूडोल बबंडर उठते हैं, जनता जब कोपाकुल हो भृकुटि चढ़ाती है। वास्तव में सामान्य जनता निर्गुण ब्रह्म की तरह व्यापक है। जनता एक भी नहीं है और बहुत भी नहीं है, वह तो सर्व है। एक को प्रत्यक्ष किया जा सकता है, बहुत को भी प्रत्यक्ष किया जा सकता है, किंतु सर्व को प्रत्यक्ष नहीं किया जा सकता। आप बहुतों को एक साथ देख सकते हैं, किंतु सर्व को नहीं देख सकते और जनता सर्व है। इसीलिए वह निराकार है, निर्गुण ब्रह्म के समान। राजा पृथु ने जब पद की शपथ ली थी, तब प्रजा को धरती का ब्रह्म कहकर सम्मान दिया था-पालयिष्याम्यहं भौमं ब्रह्म इत्येव चासकृत्! (महा .शांति. 59-106)

आखिर जनता मनुष्य की समष्टि है, उसका जीवन निरंतर प्रवाह की तरह है, उसके संबंध में ऐसी-वैसी कोई धारणा बना लेना मनुष्य और मनुष्यता का अपमान है। जनता के बीच एकता के सूत्रों को सशक्त बनाए बिना वर्तमान परिदृश्य से निकल पाना असंभव है। देश के विकास की राजनैतिक बातें कुछ भी कहो, किंतु सच्चाई यह है कि देश के विकास के लिए राजनीति ही नहीं,साहित्य को भी जनोन्मुखी होना होगा। पत्रकारिता को भी जनोन्मुखी होना होगा। हमारी समूची चिंतन प्रक्रिया को जनोन्मुखी होना होगा। दूसरा और कोई रास्ता है ही नहीं। भेद-विभेद बहुत बढ़ाए जाते रहे, बुद्धिजीवी भी अपनी विचार धाराओं में जकड़े रहे, लोकजीवन से बहुत दूरी बनाकर रहे। आज भी हैं। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने जब साहित्य को परिभाषित किया तब कहा प्रत्येक देश का साहित्य वहां की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।

जनता की चित्तवृत्ति में परिवर्तन होता है तो उसी के साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है, लेकिन आगे आने वाले महंतों ने साहित्य को राजनतिक मतवाद से जोड़ दिया। उनका स्वार्थ था, जो जाति को जानता है, वह जनता को नहीं जानता, वह मनुष्य को ही कहां जानता है और जो मनुष्य को नहीं जानता वह न धर्म को समझ सकता है, न राष्ट्र को। वह पाखंड को ही धर्म जानता है। जाति-बिरादरी अथवा मजहब-पंथ के नाम पर समाज के ताने-बाने को कौन छिन्न-विच्छिन्न नहीं कर रहा है, किंतु सभी एक-दूसरे पर समाजद्रोह और राष्ट्रद्रोह का आरोप भी लगा रहे हैं। जिंदाबाद-मुर्दाबाद के कर्णभेदी कोलाहल से आकाश भर गया है, लेकिन सवाल तो यह है कि (पक्ष और विपक्ष में) जनता के साथ कौन है? पुराण कथाओं में आता है कि असुर ने मायाजाल बिछा दिया। मोहपाश में कस दिया। असुर ने उच्चाटन और सम्मोहन अस्त्र का प्रयोग किया। बुद्धि को कुंठित कर दिया, उन मनोवैज्ञानिक अस्त्रों का मतलब यही था, जो व्यवहार आज मीडिया कर रहा है। झूठे और जनविरुद्ध तथ्यों का बिजनेस, अभिव्यक्ति के अधिकार की ओट में मीडिया का आचरण देश की सामान्य जनता के ऊपर आक्रमण की तरह है। झूठ का आक्रमण, अफवाह और प्रवाद का आक्रमण। भारत के एक सौ चालीस कोटि जन के सामान्य दर्द, कठिनाइयों और विघ्नबाधाओं से ध्यान हटाने का षड्यंत्र। लोग लोगों का हालचाल न जान सकें। एक दूसरे की पीड़ा न सुन सके।

बातें लोकतंत्र की हैं, किंतु जनता के सारे मुद्दे गायब हैं। इधर से भी और उधर से भी,भ्रष्टाचार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। कालाधन वापस लाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। चुनाव सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। गंगा-यमुना निर्मल होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। मंहगाई पर अंकुश लगाने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। पुलिस सुधार मुद्दा जनता का मुद्दा था। प्रशासन सुधार का मुद्दा जनता का मुद्दा था। नारी को सुरक्षा मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। अपराधों पर नियंत्रण होने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। निर्बलों को न्याय मिलने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। समाज में समरसता आने का मुद्दा जनता का मुद्दा था। लोक प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार जनता का मुद्दा था, लेकिन जनता के पास आज है कौन? जो हैं वे अपने दल के हैं, अपनी बिरादरी के हैं, अपने गांव या प्रदेश के हैं, अपने मजहब और पंथ के हैं अथवा यों कहें कि वे सब अपने मतलब के हैं। जनता किसका भरोसा करे?

भारत की समस्त भूमि और प्राकृतिक संपदा भारत की जनता की है। वही जनता उसकी एक मात्र स्वामिनी है, बाकी तो लुटेरे बहुत हैं। लोकजीवन के आंगन में आकर एकता का अलख जगाना होगा। सार्वभौम सत्ता का स्रोत जनता ही है। रांगेय राघव ने कहा था- अल्प हैं हम क्षण भर के पांथ/ विश्व ही है चलती ये धार।/ व्यक्ति है केवल पथ की दीप्ति/ अरे! जन ता है स्रोत प्रकाश।/नहीं कोई अपने में पूर्ण/सत्य की धारा अतल प्रवाह।

## प्रसंगवश

# पशु पक्षी भी बोलते रहे हैं संस्कृत

देवभाषा संस्कृत पर बहुधा क्लिष्टता का आरोप लगता रहा है। हालांकि जैसा वाल्मीकि रामायण के एक प्रसंग से लगता है कि संस्कृत दो प्रकार की रही है। पहली व्याकरण सम्मत शुद्ध तत्सम और दूसरी बोलचाल की।

संदर्भित प्रसंग के अनुसार हनुमानजी जब अशोक वाटिका में सीताजी के सामने प्रकट होकर अपना परिचय देना चाहते थे,तब उन्होंने सोचा कि 'मैं छोटे आकार में वानर रूप में हूं। यदि तत्सम संस्कृत बोलूंगा,तो सीताजी कहीं मुझे छद्म वेष में आया हुआ रावण समझकर भयभीत न हो जाएं। क्योंकि रावण संस्कृत में पारंगत था। अंततः मैं मानवोचित बोलचाल की संस्कृत भाषा में उनसे संवाद करूंगा'। वैसा ही हुआ।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पुराने वृत्तांत खंगालने पर हम यह पाते हैं कि अपने देश में संस्कृत तो पशु-पक्षी भी बोलते रहे हैं। तेरहवीं शताब्दी में महाराष्ट्र में हुए संत ज्ञानेश्वर ने भैंसे से गायत्री/वेद मंत्र पढ़वा दिए थे। कथानुसार एक व्यक्ति अपने भैंसे को चाबुक मारते लिए जा रहा था। वहां संत ज्ञानेश्वर व कुछ अन्य पंडित बैठे थे। उन्होंने देखा कि चाबुक के निशान संत की पीठ पर भी बन गए हैं। पूछने पर ज्ञानेश्वर जी ने कहा 'ईश्वर एक है, अतः भैंसे का दर्द निशानों सहित मुझ पर क्यों नहीं आ सकता?' तब वे ईर्ष्यालु पंडित बोले,'तब तो यह भैंसा तुम्हारी तरह वेद मंत्र भी पढ़ देगा?' संत बोले 'अवश्य'। परीक्षा हुई और भैंसे ने वेद मंत्रोच्चार कर दिया।

इसी तरह जब शंकराचार्य जी मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ करने माहिष्मती नगरी पहुंचे और नगरी के बाहर पनिहारिनों से मिश्र जी के घर का पता पूछा,तो उन महिलाओं ने बताया कि 'जिस घर के द्वार पर पिंजड़ों में बंद तोता-मैना दर्शन पर चर्चा कर रहे हों कि संसार ध्रुव है या मिथ्या तथा वेद स्वयं में प्रमाण हैं या उन्हें बाहरी प्रमाण की आवश्यकता है' तो समझ लेना कि यही पंडित मंडन मिश्र का आवास है। जगद्धुवंस्यात् जगद्धुवंस्यात् कीरांगना यत्र गिरं गिरंति।/ द्वारस्थ नीड़ान्तर सन्निरुद्धा जानीहि तन्मण्डन पण्डितौकः।।

शंकराचार्य आगे बढ़े और एक द्वार पर ऐसा ही पाया। वही मंडन मिश्र का निवास था। उदाहरण और भी हैं। ऐसी स्थिति में संस्कृत रही है इस पवित्र भारत भूमि में।

# अंतरिक्ष में फंसे यात्रियों पर नासा की चुप्पी


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में दो ऐस्ट्रोनॉट ऐसे बुरे फंसे हैं कि पुराणोक्त त्रिशंकु की सुध हो आई, जिनमें एक तो भारतीय मूल की अमेरिकन सुनीता विलियम्स हैं,जिन्हें स्नेहवश सुन्नी कहा जाता है और दूसरे हैं बुच विलमोर। विगत 6 जून को वे आईएसएस पर पहुंचे और उन्हें केवल आठ दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद वापस लौटना था,मगर जिस यान-बोइंग स्टारलाईनर से वे गए थे उसमें जाते समय ही प्रणोदन प्रणाली (थ्रस्टर) और हीलियम लीकेज की समस्या देखी गई थी।

बोइंग आईएसएस पर पहुंच तो गया और कुशलता से उससे जुड़ (डाकिंग) भी गया, मगर उसी यान में वापस लौटना अब खतरे से खाली नहीं है। वहीं नासा तथा बोइंग यान के कर्ता-धर्ता यही नहीं बता पा रहे कि उन अंतरिक्ष यात्रियों की कब सकुशल धरती पर वापसी होगी। उहापोह बढ़ती जा रही है और धीरे-धीरे तीन माह होने जा रहे। अजब बेबसी और असमर्थता है। विश्व भर के तमाम अंतरिक्ष यात्रा प्रेमी इस मामले से क्षुब्ध हैं। कहीं न कहीं यह वाकया हमारी निरापद अंतरिक्ष यात्राओं के भविष्य पर गहरे सवाल भी उठाता है? आश्चर्य है कि नासा के पास कोई ठोस वैकल्पिक आपात योजना और तैयारी ही नहीं थी। बोइंग स्टारलाईनर के प्रबंधक भी सीधे सवालों से बच रहे हैं और गोलमोल जवाब दे रहे हैं।

यह भी सुनने में आ रहा है कि आईएसएस से जुड़े बोईंग स्टारलाईनर में थ्रस्टिंग और हीलियम लीकेज की समस्या के साथ ही अब उसके अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से अलग हो पाने (अनडाकिंग) में भी एक सॉफ्टवेयर की खराबी से दिक्कत है। मतलब अधर में अटके यात्रियों को खुद यह काम बोईंग में घुसकर अपने हाथों से करना होगा,मगर यह बहुत जोखिम भरा है। बोईंग को दुरुस्त करने के लिए ग्राउंड स्टाफ प्रयास में जुटा तो है,मगर ठोस नतीजे की सूचना नहीं है। साथ ही उसके वापसी, डिआर्बिट होने के दौरान कई संभावित जटिलताओं और सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा की जा रही है। यह तो तय है कि नासा दोनों यात्रियों के जीवन के साथ कोई जोखिम नहीं ले सकता है। इसलिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

एक तरह से यह पूरा मामला नासा की नाकामयाबी की भी कहानी कह रहा है। क्या ऐसी ही तैयारी के दम पर हम सौरमंडल विजय की पेंगे बढ़ा रहे हैं। जब तयशुदा कार्ययोजना के तहत हम अपने निकट के अंतरिक्ष से ही अंतरिक्ष यात्रियों की सहज वापसी में लाचार से दिख रहे हैं। हालांकि आईएसएस के दोनों यात्री बड़े ही धैर्यवान हैं और अपनी कुशलता की सूचना देते जा रहे हैं। प्रत्यक्षतः तो वे निश्चिंत से लगते हैं, मगर उनके मन में विचारों का कैसा झंझावात होगा इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। वे तो इस मनस्थिति के साथ गए थे कि एक सप्ताह में वापस होना है,मगर अब वापसी की अनिश्चितता उन्हें जरूर क्लांत कर रही होगी। भले ही वे इसे सार्वजनिक न करें। एक आपात योजना यह भी बन रही है कि उन्हें एक अलग यान से वापस लाया जाए, मगर इसमें कई माह लग जाएंगे। बोईंग स्टारलाईनर के बाद स्पेस एक्स क्रू 9 मिशन को भी पांच यात्रियों के साथ रवाना होना था। यह भी सोचा जा रहा है कि उससे केवल तीन अंतरिक्ष यात्रियों को ही भेजा जाए,दो स्थान रिक्त रखे जाए और फंसे यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो सके।मूल रूप से, नासा और स्पेसएक्स के क्रू-9 मिशन को रविवार, 18 अगस्त 2024 को लॉन्च किया जाना था,लेकिन अब त्रिशंकु बने बोइंग स्टारलाइनर के कारण के वहां फंसे होने के कारण नई लॉन्च तिथि 24 सितंबर से पहले नहीं है। इसमें नासा के जेना कार्डमैन, निक हेग और स्टेफनी विल्सन और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोरबुनोव को क्रू मेंबर के रूप में शामिल किया गया है। नासा ने यह नहीं बताया है कि अगर बोइंग स्टारलाईनर के यात्रियों के रेस्क्यू की आकस्मिक योजना आगे बढ़ती है तो मिशन से किन दो को हटाया जाएगा। आईएसएस में फंसे हुए यात्रियों को उनकी जगह वापस लाया जाएगा। जो भी हो नासा की चुप्पी उलझन में डालने वाली है। यह एक शीर्ष वैश्विक अंतरिक्ष संस्थान की अक्षमता को इंगित करती है या फिर उनके किसी अन्य मंतव्य की इंगिति है, कौन जाने? हम तो दोनों यात्रियों की सकुशल धरती वापसी की कामना करते हैं।

## सोशल फोरम

# भारतीय संस्कृति और खगोल शास्त्र

आकाश वर्षा ऋतु में पहाड़ों में छली हो जाता है। तीन चार दिन पहले सुबह मंगल ग्रह और बृहस्पति ग्रह की पूर्ण युति के दर्शन के लिए बाहर निकल आया तो पूरा आकाश ही घनघोर बादलों से घिरा हुआ था। दो दिन से पूर्व आकाश स्वच्छ है,लेकिन मंगल ग्रह देवगुरु बृहस्पति के चरणों में प्रणाम करता हुआ आगे बढ़ रहा है।


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति में खगोल विज्ञान का सम्मिश्र जिस कलात्मकता से किया गया है वह अतुलनीय है और वह अन्यत्र जैसे यूनानी/अरबी या पाश्चात्य संस्कृति में नहीं है। पहला उदाहरण। उत्तरी गोलार्द्ध के शीर्ष पर जो तारा हम देखते हैं वह ध्रुव है और ध्रुव की कहानी आपको बताने की जरूरत नहीं है। ध्रुव का अर्थ है स्थिर। बालक ध्रुव की नारायण में अविचल भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान ने उसे ध्रुव स्थिति प्रदान की। ध्रुव के सहयोगी तारा मंडल को हम सप्तर्षि मंडल कहते हैं। इसे अंग्रेजी में उरसा मेजर कहते हैं और अल्फा-बीटा आदि तारे नामित किया गए हैं। क्या आपने कभी सोचा कि हमारी संस्कृति में इन तारों के नाम हमारे पूर्वज ऋषियों के नाम पर हैं ताकि हम उन्हें सर्वदा स्मृति में रखें। क्रतु,पुलह,पुलस्त्य अंगिरा,अत्रि,वशिष्ठ,मरीच ये सात सप्तर्षि मंडल के तारों के नाम हमने अपने पूर्वजों के नाम पर दिए हैं। सोने में सुहागा यह है कि अरुंधती की पति सेवा को याद करने के लिए वशिष्ठ के युग्म तारे को अरुंधती का नाम दिया है। सप्तर्षि मंडल के छठवें तारे को हम वशिष्ठ कहते हैं और इस तारे की परिक्रमा जो छोटा सा तारा करता है वही अरुंधती है। भारतीय संस्कृति की प्राचीनता और खगोल शास्त्र से इसके मिश्रण के अनेक उदाहरण हैं। प्रजापतिः ब्रह्म हृदय नक्षत्र हमारी आकाशगंगा का केंद्र बिंदु है। पाश्चात्य नाम कैपेला है। इसे रथी या सारथी भी कहते हैं।

सूर्य सिद्धांत की रचना के समय भी हमारे खगोल शास्त्र के विद्वानों को ज्ञान था कि आकाश गंगा के तारे एक केन्द्र के चतुर्दिक भ्रमण करते हैं। सूर्य सिद्धांत के 8.11-12 में बृह्मह्रदय की आकाश में स्थिति का वर्णन है।

-फेसबुक वॉल से

# संगठन को शक्ति प्रदान करता है अनुशासन


महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों, पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े।

"साहब! व्हाई डिड यू डिसमाउंट विदाउट ऑर्डर्स? (साहब! आप बिना आदेश के घोड़े से क्यों उतरे?) "केंद्रीय पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज माउंट आबू में आईपीएस प्रोबेशनर्स का घुड़सवारी का प्रशिक्षण चल रहा था। राइडिंग इंस्ट्रक्टर के ट्रौट बोलते ही जब घोड़े ने दुलकी मारी कि बाला सुब्रमानियम घोड़े की पीठ से चारों खाने चित गिर पड़ा था। वह अपनी चोट सहलाता हुआ उठने का प्रयास कर रहा था और हम सभी प्रोबेशनर्स उसकी ओर सहानुभूति पूर्वक देख रहे थे। हम इस आशा में थे कि राइडिंग इंस्ट्रक्टर बाला से सहानुभूति के कुछ शब्द बोलेगा और उठ खड़े होने को प्रोत्साहित करेगा। परंतु उसका उपर्लिखित प्रश्न सुनकर हमारी समझ में नहीं आ रहा था कि हम ऐसे में रोएं या हंसें? राइडिंग इंस्ट्रक्टर के चेहरे को यादकर आज समझ में आता है कि उसका उद्देश्य हमारे मन में अनुशासन की इस सच्चाई को स्थापित करना था कि कठिनाई की स्थिति में भी हमें उसके द्वारा दिए जाने वाले आदेशों के अनुसार ही कार्य करना है। इस प्रकार का अनुशासन व्यक्ति को धैर्य रखते हुए दृढ़तापूर्वक कर्तव्य मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है और संगठन को शक्ति प्रदान करता है।

सार्वजनिक सेवाओं की कार्य संस्कृति एवं उनकी दक्षता बहुत कुछ उनमें व्याप्त अनुशासन पर निर्भर करती है। पुलिस सहित समस्त सशस्त्र बलों में अनुशासन का अतिरिक्त महत्व इसलिए भी होता है कि अनुशासन विहीन सशस्त्र बल समाज, संविधान एवं देश के लिए घातक सिद्ध हो सकते हैं। इसी कारण से अन्य सेवाओं की अपेक्षा सशस्त्र बलों के सेवा नियम अधिक कठोर बनाए जाते हैं जैसे पुलिस विभाग में किसी सिपाही द्वारा दाढ़ी ठीक से न बनाने, अच्छी वर्दी न पहनने अथवा अन्य किसी प्रकार की छोटी-मोटी गलती कर देने पर एसपी उसे अर्दली रूम में बुलाकर और उसका उत्तर मौखिक रूप से सुनकर चेतावनी या एक्स्ट्रा परेड का दंड दे सकता है। लगभग पचास वर्ष पूर्व तक पीएसी के कमांडेंट को सिपाहियों को 15 दिन तक सेल (जेलनुमा कमरा) में बंदकर देने का अधिकार भी था।

अंग्रेजी जमाने में और उसके पश्चात भी बहुत वर्षों तक शासन यह ध्यान रखता था कि राजनीतिक रूप से कैसे भी बाध्यकारी कारण हों,पर कोई ऐसा निर्णय न लिया जाए, जिससे अवज्ञाकारी कर्मचारियों का मनोबल बढ़े। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी का है, जिसमें अधिकतर सदस्य तत्कालीन अंग्रेजी फौज के बागी सिपाही थे और जो देश को स्वतंत्र कराने हेतु अंग्रेजों से लड़े थे। स्वतंत्रता के उपरांत इसके सदस्य स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी मान लिए गए और उन्हें सम्मानित किया गया। परंतु गंभीर राजनीतिक दबाव के बावजूद उनको फौज में वापस नहीं लिया गया, क्योंकि देश के लिए ही सही इन्होंने फौज में बगावत तो की थी। उन दिनों न्यायालय भी सशस्त्र बलों के अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्यवाही में कम ही हस्तक्षेप करते थे। धीरे-धीरे यह सैद्धांतिक मान्यता समाप्त हो गई और पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा पारित आदेश शासन व न्यायालयों द्वारा उलटे जाने लगे। पुलिस की विशेष दंड नियमावली शासन द्वारा निरस्त कर दी गई और पुलिसजनों पर भी अन्य कर्मचारियों वाली नियमावली लागू कर दी गई। परिणामस्वरूप अनुशासन का अभाव बढ़ता गया, जिसका कुपरिणाम प्रशासन में दृष्टिगोचर होता रहता है।

सशस्त्र बलों में अधीनस्थ कर्मचारी एवं उच्च अधिकारियों के बीच तादात्म्य एवं अधीनस्थ कर्मचारियों में अपने उच्च अधिकारियों के प्रति श्रद्धा भाव का होना आवश्यक होता है,क्योंकि सशस्त्र बलों की दिनचर्या में ऐसे अवसर आते हैं जब अधीनस्थों तथा अधिकारियों को अपनी जान जोखिम में डालकर एक दूसरे की प्राण रक्षा करनी होती है। यह तादात्म्य बहुत कुछ उच्च अधिकारियों को अपने अधीनस्थों को पुरस्कृत एवं दंडित करने के अधिकार की उपलब्धता पर निर्भर करता है, जैसा कि तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा भी है 'भय बिन प्रीत न होय गोसाईं'। पुलिस के कार्य में असफलता का एक कारण विभागीय अनुशासन की कमी भी होता है।

# श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल की शाश्वत परंपरा


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

उपाकर्म का अर्थ है प्रारंभ करना। धर्मग्रंथों में लिखा गया है कि जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं,श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। इस अध्ययन सत्र का समापन, उत्सर्जन या उत्सर्ग कहलाता था। यह सत्र माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी उपाकर्म का पवित्र संयोग बनता है। हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं,अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष हैं प्रायश्चित्त संकल्प,संस्कार और स्वाध्याय।

सर्वप्रथम होता है- प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित कर जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं। यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्मसंयम का संस्कार है। आज के दिन जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका होता है, वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नया धारण करते हैं और पुराने यज्ञोपवित का पूजन भी करते हैं। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। श्रावणी धार्मिक स्वाध्याय के प्रचार का पर्व है। सद्ज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के लिए इसे निर्मित किया गया, इसलिए इसे ब्रह्मपर्व भी कहते हैं। श्रावणी पर रक्षाबंधन बड़ा ही हृदयग्राही है।

श्रावणी वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे। इसे 'उपाकर्म' कहा जाता था। वेद का अर्थ है सद्ज्ञान और ऋषि का तात्पर्य है वे आप्त महामानव,जिनकी अपार करुणा के फलस्वरूप वह सुलभ-सरल हो सका। सद्ज्ञान का वरण जितना आवश्यक है और जिनसे वह प्राप्त हुआ था,जिनके परिश्रम, त्याग, तप व करुणा से सुगम हो सका,उनके दृष्टा ऋषि-मनीषियों को भी उतना ही श्रद्धास्पद मानना चाहिए एवं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। सामूहिक कल्याण की भावनाः शास्त्रोक्त मान्यता है कि अनुकूल मौसम में पौधरोपण करने पर अनंत गुणा पुण्य लाभ होता है। अतः श्रावणी पर्व से अपने जीवन को सत्पथ पर बढ़ाने, रक्षासूत्र द्वारा नारी के प्रति पवित्रता का भाव रखने तथा पौधरोपण द्वारा इन भावनाओं को क्रियाओं में परिणत करने का संकल्प लिया जाता है,जो कि इस पर्व का प्राण है। इसे हम सबको पूरा करना चाहिए। इसी में हमारी पर्व परंपरा के साथ-साथ सामूहिक कल्याण निहित है।

## बांके बिहारी मंदिर के भीड़ में दम घुटने से बुजुर्ग की मौत

**मथुरा, अमृत विचार :** बांके बिहारी मंदिर में एक श्रद्धालु की दम घुटने से मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया और वह सब को लेकर घर रवाना हो गए।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के कुरुक्षेत्र के शाहाबाद गांव के रहने वाले 68 वर्षीय मनचंदा की मंदिर में भीड़ में के दबाव में तबियत बिगड़ गई। वह चबूतरे पर लेट गए। परिजन उनको डॉक्टर के ले गए लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने सब को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही तो परिजनों ने पोस्टमार्टम करने से इनकार कर दिया।

### पुल बंद करने से कंपनी के अधिकारियों पर भड़के भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी

# पानी में खड़ा कर बनवाऊंगा मुर्गा, पहनाऊंगा जूतों की माला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** जलनिगम की कंपनी केआरएमपीएल की लापरवाही से जूही खलवा पुल 4 दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

इससे त्योहार के मौके पर बढ़ी लोगों की समस्या देखते हुए रविवार को भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी जूही राखी मंडी स्थित पंपिंग स्टेशन पहुंचे और वहां कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को खरी-खोटी सुनाते हुए कहा कि अगर लापरवाही नहीं छोड़ी तो भरे पानी में कान पकड़वाकर मुर्गा बनवाऊंगा और जूतों की माला पहनाऊंगा। इसके बाद कंपनी के सीईओ को फोन करके भी जमकर बिफरे। विधायक का 1.29 मिनट का यह कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

जूही खलवा पुल शनिवार को सीवर ओवरफ्लो होने के कारण बंद कर दिया गया था। नगर आयुक्त सुधीर कुमार और मुख्य अभियंता को मौके पर पता चला था कि पुल पर बने पंपिंग स्टेशन की मोटर खराब होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। रविवार को क्षेत्रीय विधायक महेश त्रिवेदी



मौकेअधिकारियों पर भड़कते भालपा विधायक महेश त्रिवेदी। ● अमृत विचार

जूही राखी मंडी स्थित आईपीएस पंपिंग स्टेशन पहुंचे। उन्होंने काम में लापरवाही पर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मानवेंद राय पर जमकर गुस्सा निकाला। केआरएमपीएल के सीईओ राजीव अग्रवाल को भी फोन करके फटकार लगाई। विधायक ने उनसे कहा कि तुम लोगों ने मजाक बना दिया है। क्या आप सब मौत के सौदागर हैं। आपको लज्जा नहीं आती है। यहां पानी में डूबकर लोगों की मौत हो रही है, हादसे होने की आशंका है और आप लोग मजाक बनाए हो। मैं दिल्ली आकर मुर्गा बनवाऊंगा सबको, नहीं तो यहां की समस्या ठीक कर दो । भाजपा विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द व्यवस्था ठीक की जाए।

## स्कूल में बच्ची की चोटी पकड़कर पीटने वाला आरोपी शिक्षक निलंबित

बलिया, एजेंसी

जिले के रेवती क्षेत्र में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा की छात्रा की चोटी पकड़कर खींचने के बाद उसे लात से मारने के आरोपी शिक्षक को रविवार को निलंबित कर दिया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र रेवती के विसौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापक अजीत यादव के खिलाफ शिकायत मिली थी कि उसने पिछले दिनों स्कूल की एक छात्रा की दोनों चोटियां पकड़कर खींची और उसे लात से मारा था। इस सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी ने 13 अगस्त को मामले की जांच की। इस दौरान पांचवीं कक्षा के बच्चों से पूछने पर पता चला कि शिक्षक अजीत यादव ने काजल नामक छात्रा की चोटी खींचकर उसे लात से मारा था। काजल से भी पूछताछ की गयी तो पता चला कि यादव पर लगाया गया आरोप बिल्कुल सही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सहायक अध्यापक का यह कृत्य बच्चों के निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों एवं बाल अधिकारों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन है। आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया गया। प्रकरण की आगे की जांच बैरिया के खण्ड शिक्षा अधिकारी को सौंपते हुए उन्हें 15 दिन के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से: योगी

### मुख्यमंत्री ने 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को कल्याण निधि से दी सहायता राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। रूल ऑफ लॉ समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को लोकभवन में 28 करोड़ 31 लाख रुपये अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि देने के बाद कही। 12 ऐसे आश्रित हैं, जिन्होंने 50 हजार रुपये व 565 आश्रितों को पांच-पांच लाख उपलब्ध कराया। 3758 युवा अधिवक्ताओं को तीन वर्ष तक पुस्तक-पत्रिका क्रय करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई।

योगी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर चेहरे पर खुशहाली लानी है, तो नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी। योगी ने कहा कि कॉपर्स फंड की राशि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया है।

आवश्यकता पड़ने पर इसमें वृद्धि भी करेंगे। इसके ब्याज से ही अधिवक्ताओं को कोई समस्या नहीं होगी। कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 10 हजार अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैंबर व मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण हो रहा है। उनके लिए सरकार ने 608 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर प्रयागराज में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का शुभारंभ 16 फरवरी को हो चुका है। इसके लिए राज्य सरकार ने 387 करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है।

इस अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, बार कौंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़, अवध हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष आरडी शाही, प्रमुख सचिव (न्याय) विनोद सिंह रावत आदि मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लोक भवन सभागार, लखनऊ में स्मृति शेष अधिवक्ताओं के आश्रितों को सहायता राशि का वितरण करते हुए।

### अधिवक्ताओं को चैंबर वादिकारियों के बैठने की भी व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दस जनपदों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं बन पाए थे। वहां इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिवक्ताओं के लिए चैंबर, कैंटीन, पार्किंग, वादिकारियों के बैठने की व्यवस्था भी यहां होगी। अन्य जनपदों में भी अधिवक्ता चैंबर के लिए धनराशि उपलब्ध कराई है। झांसी, सुल्तानपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, बलरामपुर, गोरखपुर में राशि उपलब्ध कराने के साथ ही कासगंज, लखनऊ, मेरठ, श्रावस्ती के लिए धनराशि पहले भी उपलब्ध करा चुके हैं।

## सौतेली बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को 20 वर्ष जेल की सजा

**प्रतापगढ़, एजेंसी :** जिले की एक विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में सौतेले पिता को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष की जेल और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) देवेश चंद्र त्रिपाठी ने रविवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) पारुल वर्मा की अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। त्रिपाठी ने बताया कि थाना नगर कोतवाली में दी गई शिकायत में एक महिला ने आरोप लगाया कि नौ सितंबर 2019 की रात उसके पति राकेश ने शराब के नशे में दस वर्षीया सौतेली बेटी के साथ क्रूरता की। शिकायत के अनुसार, बेटी के चिल्लाने पर उनकी आंख खुल गई और उन्होंने देखा कि उनका पति गैस के पाइप से बेटी का गला दबाकर उसे मारने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद बेटी ने उन्हें बताया कि पिता तीन वर्ष से उसका यौन शोषण कर रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर जांच पूरी करने के बाद अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया।

# जल निगम अभियंता की हत्या के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की हत्या में सहायक अभियंता (एई) अमित कुमार और उसके सहयोगी संविदा कर्मी प्रदीप को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार रात करीब दो बजे हुई मुठभेड़ के दौरान दोनों के पैर में पुलिस की गोली लगी है। कोतवाली नगर पुलिस ने बताया कि दोनों बिहार भागने के फिराक में थे। दोनों को अदालत में प्रस्तुत किया गया है।

बलिया के रतसड़कला के मूल निवासी जल निगम ग्रामीण अधिशासी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली नगर के विनोबापुरी स्थिति किराए के मकान में शनिवार को सुबह पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने संतोष के भाई संजय कुमार की तहरीर पर सहायक अभियंता अमित को नामजद करते हुए उसके अज्ञात सहयोगी पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने हत्यारोपियों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया था। टीमें लगातार आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। हत्या के पीछे एक्सईएन की सख्ती और फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने का मामला सामने आ रहा है। हत्या की साजिश में ऊंची पहुंच रखने वालों कुछ कांटेक्टर व पेटी डीलरों का नाम भी सामने आने की उम्मीद है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि केस का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण की शनिवार को सुबह उन्हीं के विभाग में संविदा सहायक अभियन्ता अमित और एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम प्रदीप है कर दी थी।

### 250 पन्ने की तैयार की थी चार्जशीट

बलिया के रहने वाले इंजीनियर के भाई संजय कुमार की ओर से दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया है कि 15 अगस्त की शाम भाई संतोष कुमार से मेरी बात फोन पर हुई थी। वो बता रहे थे कि जल जीवन मिशन के तहत काम कर रही एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर उसके खिलाफ 250 पन्ने की चार्ज शीट हम तैयार कर रहे हैं। ठेकेदार का पेमेंट भी रोक दिया है। ऐसे में हमे आशंका है कि जांच और भुगतान को लेकर अमित कुमार ने साथियों के साथ मिलकर मेरे भाई की हत्या की।

### पीएम रिपोर्ट में पांच जगह चोट के निशान

इंजीनियर संतोष कुमार की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में उनके सिर और गर्दन पर पांच जगह चोट के निशान मिले हैं। इंजीनियर को पहले बुरी तरह पीटा। इसके बाद मुंह दबाकर मार डाला गया। दम घुटने से मौत होने की बात सामने आई हैं।

## बीटेक के एक छात्र ने रैपिड रेल के प्लेटफॉर्म से कूदकर की आत्महत्या

गाजियाबाद, एजेंसी

जिले में एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बीटेक द्वितीय वर्ष के 20 वर्षीय एक छात्र ने रविवार को मुरादनगर इलाके में नमो भारत ट्रेन (रैपिड रेल) स्टेशन के प्लेटफॉर्म से कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि हरियाणा के बहादुरगढ़-झज्जर का केशव (20) शनिवार शाम अपने दोस्तों से हॉस्टल से घर जाने की बात कहकर निकला था और शाम करीब चार बजे वह मुरादनगर रैपिड रेल स्टेशन पहुंचा, जहां वह प्लेटफॉर्म के किनारे पर जाकर रेलिंग से कूद गया।

उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने उसे तुरंत मुरादनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उनका कहना है कि छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तिवारी का कहना है कि केशव के कमरे या सामान में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और उसके रिश्तेदारों ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की है, जिसमें आत्महत्या की पुष्टि हुई है। उनका कहना है कि अगर कोई शिकायत दर्ज की जाती है तो उचित कारवाई की जाएगी।

### रेल हादसे में साजिश की हो रही जांच: पाठक

**कानपुर, अमृत विचार :** सीसामऊ के उपचुनाव की तैयारी बैठक लेने रविवार को शहर आये डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच जारी है। सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद को तैयार है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। पाठक ने जीटी रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद कहा कि जो रिपोर्ट मेरे सामने आई है उससे तय है कि भाजपा सीसामऊ का उपचुनाव प्रचंड बहुमत से जीतने जा रही है। दोपहर 12 बजे हुई बैठक में ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल शामिल हुये।

## राम गोपाल कोरी मिल्कीपुर सीट से बसपा प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधानसभा उप चुनाव को लेकर बसपा ने तैयारी तेज कर दी है। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के लिए राम गोपाल कोरी व मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से शाह नजर को प्रभारी बनाया गया है। दोनों नेताओं के संबंधित सीट से प्रत्याशी बनाया जाना तय है। बसपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी जिसे विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाती है, वही प्रत्याशी होता है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, कुंदरकी, करहल, मिल्कीपुर, कटेहरी और सीसामऊ पर उप चुनाव होना है। मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी व मीरापुर से शाह नजर के अलावा सीसामऊ से बीआर अहिरवार, कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से शिव बरन पासी व मझवां से दीपू तिवारी को पहले ही प्रभारी बनाया जा चुका है। मिल्कीपुर सीट के प्रभारी बनाए गए राम गोपाल कोरी वर्ष 2017 में इस सीट से चुनाव लड़ चुके हैं।

# केन्द्र में सीधी भर्ती का निर्णय सही नहीं:मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● बसपा प्रमुख ने कहा, इससे संविधान का सीधा उल्लंघन होगा

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में सीधी भर्ती का निर्णय सही नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर नीचे के पदों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। इससे संविधान का सीधा उल्लंघन होगा।



सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक व उप सचिव के 45 पदों पर सीधी भर्ती से नीचे के पदों पर काम कर रहे कर्मचारियों को पदोन्नति के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। सरकारी नियुक्तियों में एससी, एसटी व ओबीसी वर्गो के लोगों को उनकी संख्या के अनुपात में नियुक्ति नहीं दी जाती है तो यह सीधे संविधान का उल्लंघन होगा। इन उच्च पदों पर सीधी नियुक्तियों को बिना किसी नियम के बनाए हुए भरना भाजपा सरकार की मनमानी होगी, जो गैर कानूनी व असंवैधानिक होगा।

बसपा प्रमुख ने अन्य पोस्ट में कहा कि राजस्थान के उदयपुर में दो स्कूली बच्चों के आपसी झगड़े के कारण वहां हुई हिंसा को रोक पाने में वहां की सरकार विफल रही है। राज्य सरकार ने कथित आरोपी बच्चे का मकान बताकर उसको बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कानून का राज नहीं लगता। इसे न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा शासित राज्यों में खराब कानून-व्यवस्था पर पर्दा डालने व उस पर लोगों का ध्यान बांटने के लिए की जा रही राजनीतिक द्वेषपूर्ण कार्रवाईयां अनुचित है। सरकार कानून का निष्पक्षता से पालन करे। उसका रखवाला बनकर कार्य करे तो बेहतर होगा।

### वर्ग पहेली-165

**बाएं से दाएं**

2. 1. तरंग, लहर, हिलोर 2. मन की तरंग, उमंग 3. सुख, आनंद 4. समृद्धि। (मु.) –में आना : उमंग या मस्ती में आना।

5. 1. जहां अपाहिजों व दरिद्रों को मुफ्त में दवा या भोजन इत्यादि दिया जाता है 2. मोहताजखाना, अनाथाश्रम 3. लंगर, अन्नसत्र।

7. 1. रंगबिरंगा, तरह-तरह के रंगोंवाला, अनेक रंगों का 2. विविधतापूर्ण।

6. (रामायण) रघुकुल में उत्पन्न एक प्रसिद्ध राजा, काकुत्स्थ।

8. 1. रंगीन होने की अवस्था या भाव, रंगीलापन 2. सुखद और सुंदर परिस्थिति 3. श्रृंगार, सजाव 4. सौंदर्यछटा।


9. एक जाति जो बाल काटने तथा विवाह आदि तय कराने का काम करती है, हज्जाम।

**ऊपर से नीचे**

1. बारह माह का समय, वर्ष, बरस।

3. पानी की लहर या धारा।

4. चिकना होने की अवस्था या भाव, चिकनाई, चिकनाहट।



### वर्ग पहेली -164 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 सु | ■ | ■ | 2 न | ■ | ■ |
| 3 न | सी | ब | व | र | ■ |
| ना | ■ | ■ | यु | ■ | ■ |
| ■ | 4 भ | या | व | 5 ह | ■ |
| 6 हाँ | क | ■ | 7 क | र | ई |
| ■ | भ | ■ | ■ | फ़ | ■ |
| 8 लो | क | री | ति | ■ | ■ |

### सुडोकू -78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | 8 | 4 | | |
| 2 | | 4 | | | 1 | 6 | | |
| 1 | 5 | | | 3 | | | | 7 |
| | 2 | | | | 5 | | 8 | 9 |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| 5 | 9 | | 1 | | | | 7 | |
| 6 | | | | 1 | | | 9 | 5 |
| | | 1 | 6 | | | 2 | | 3 |
| | | 5 | 9 | 4 | | | | |

### सुडोकू -77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अगस्त सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास- श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- पूर्णिमा 23.55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। घर की साज-सजावट पर खर्च करेंगे। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अच्छे अवसर मिलेंगे। नई नौकरी के लिए इंटरव्यू दे सकते हैं। विद्वान जनों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष** – आज विदेश यात्रा आपके लिए काफी उत्तम रहेगी। नए कार्यों को लेकर थोड़े असहज रहेंगे। आपका मन काफी प्रसन्न रहने वाला है। दांपत्य संबंध काफी मधुर रहने वाला है। अनचाहे भय से व्याकुल हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर हो सकता है। थकान और कमजोरी महसूस होगी। नए कार्यों की शुरुआत न करें। व्यापार में नकदी की समस्या हो सकती है।

**कर्क** – आज कई दिनों से रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। उच्चाधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन होता रहेगा। बेरोजगारों को नौकरी संबंधी साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। प्रेम संबंध वैवाहिक संबंधों में परिणित हो सकते हैं।

**सिंह** – आज क्रोध के कारण काम बिगड़ सकते हैं। दोस्तों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार में आपको शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। कानूनी मामलों का समाधान निकाल सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या** – आज मित्रों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा हो सकती है। मेहनत से आपको पीछे नहीं हटना चाहिए। दूसरों के मामलों में जबरदस्ती हस्तक्षेप न करें। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आप लोगों की सहायता करने का अवसर नहीं चूकेंगे।

**तुला** – आज व्यवसाय में कुछ तकनीकी अवरोध आ सकते हैं, लेकिन उन्हें आप जल्द सुलझा लेंगे। घर में बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। काम की अधिकता के कारण परिवार को पूरा समय नहीं दे पाएंगे।

**वृश्चिक** – आज सेहत को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। इसके लिए आप नित्य व्यायाम करने का भी संकल्प ले सकते हैं। सुबह से ही आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। समाज में अपनी तार्किक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

**धनु** – आज व्यापार में अचानक उलटफेर का सामना करना पड़ सकता है। भविष्य की योजनाओं को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त पड़ेगा। किसी को वचन न दें वरना परेशानी में फंस सकते हैं।

**मकर** – आज लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ सकता है। पुरानी बातों को लेकर ज्यादा परेशान न हों। व्यापार में साझेदारों के बीच तालमेल की कमी दूर कर लेंगे। जिस कार्य के लिए आप लंबे समय से प्रयासरत थे वो पूर्ण हो सकता है।

**कुंभ** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर चिंता हो सकती है। अति आत्मविश्वास के कारण आपसे कुछ चूक हो सकती है। क्रोध व उत्तेजित होकर किसी से बात न करें। प्रतियोगी परीक्षा में आपको आशा से उत्तम परिणाम मिलेंगे।

**मीन** – आज व्यापार में नकदी की समस्या का समाधान होगा। प्रेमी जन आपको करियर और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक शाम का आनंद लेंगे। आप अपने घर पर समय बिताना ज्यादा पसंद करेंगे।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पूर्व। **ऋतु**–वर्षा।

चन्द्रबल– मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र– श्रवण 08.10 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
देवता – सुबह : 09.00
घोस्ट – रात : 09.00


**&pictures**
वलाटी – सुबह : 11.28
पलटन – रात : 08.00

**SONY PIX**
जस्टिस लीग – दोपहर : 12.18
ओलिम्पस हेज फॉलेन – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
रक्षा बंधन – सुबह : 11.24
स्कंदा – रात : 08.00

**colors CINEPLEX**
हसीं तो फंसी – सुबह : 10.17
पॉवर अनलिमिटेड – शाम : 05.48

#### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.24 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली– तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी –पांच साल
बिल्ली–लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी–आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली– 25 साल
हाथी– लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली– झंडू केसरी जीवन, बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला– मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति– बस एक
बीवी– हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## खेल डायरी

### आई रन फॉर द नेशन मैराथन के विजेता रहे अंशुल खत्री

**नई दिल्ली।** नरेला विधानसभा के शाहपुर गढ़ी गांव में रविवार सुबह युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरणा के लिए आयोजित आई रन फॉर द नेशन मैराथन को अंशुल खत्री ने जीता। यहां समाजसेवी सौरभ खत्री द्वारा आई रन फॉर द नेशन मैराथन का आयोजन किया गया। नशे के विरोध में आयोजित इस मैराथन के लिए समाजसेवी सौरभ खत्री ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया। दो चरणों में आयोजित इस मैराथन के सात किलोमीटर की दौड़ को अंशुल खत्री ने जीता। उन्हें ग्यारह हजार रूपये, दूसरे स्थान पर के लिए सात हजार तथा तीसरे स्थान के लिए पांच हजार रुपए के पुरस्कार से प्रतिभागियों को नवाजा गया। इसके साथ ही तीन किलोमीटर की दौड़ में भाग ले रहे प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरुस्कार दिए गए। इस कार्यक्रम में दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया, बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता विद्युत जामवाल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही। यह मैराथन दौड़ भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत नरेला के समाज सेवी सौरभ खत्री का एक सराहनीय प्रयास है।

### एमेच्योर चैंपियनशिप में हारीं मन्नत बरार

**एलवुडले (ब्रिटेन)।** आर एंड ए गर्ल्स एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मन्नत बरार को अंतिम चार के मुकाबले में पोलैंड की मैटिल्डा क्रॉजिनस्का के खिलाफ शिकस्त मिली। भारतीय गोल्फ यूनियन की मेरिट सूची में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मन्नत इस टूर्नामेंट में अंतिम चार में जगह बनाने वाली देश की पहली गोल्फर हैं। टूर्नामेंट में 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच स्वीडन ने लड़के और लड़कियों दोनों के वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के फाइनल में हेवाना टोर्सटेनसन ने मैटिल्डा को हराया जबकि लड़कों के वर्ग में विगो ओल्सन मोर्क ने नीदरलैंड के स्कॉट वॉल्टरिंग को शिकस्त दी।

### लाहिड़ी संयुक्त 49वें स्थान पर खिसके

**व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी यहां लिव गोल्फ ग्रीनबियर टूर्नामेंट में दूसरे दौर में एक ओवर 71 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर खिसक गए। लाहिड़ी 54 खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर थे। ओल्ड व्हाइट कोर्स में आसान परिस्थितियों के बावजूद वह दूसरे दौर में एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कर बैठे। जॉन रहम दूसरे दौर में आठ अंडर 62 के स्कोर के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए। उनका कुल स्कोर 14 अंडर का है और उनके पास दो शॉट की बढ़त है।

### प्रिया के पांच विकेट से भारत 'ए' ने जीता आखिरी वनडे

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया)।** युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा के पांच विकेट के अलावा तेजल हसबनिस और राघवी बिष्ट के अर्धशतक से भारत 'ए' ने रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 171 रन से रौंद दिया। ब्रिसबेन में तीन टी-20 और यहां पहले दो एकदिवसीय मुकाबले गंवाकर लगातार पांच शिकस्त झेलने के बाद भारत 'ए' ने अंततः दौरे पर जीत का स्वाद चखा। तेजल की 66 गेंद में 50 और राघवी की 64 गेंद में 53 रन की पारी की बदौलत भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 243 रन बनाए। दिल्ली की 20 साल की प्रिया ने इसके बाद 14 रन देकर पांच विकेट चटकाते हुए ऑस्ट्रेलिया 'ए' को सिर्फ 72 रन पर ढेर करके मेहमान टीम को दौरे की पहली जीत दिलाई। कप्तानी मीनू मनि ने भी चार रन देकर दो विकेट हासिल किए। दौरे का अपना पहला मैच खेल रही प्रिया ने सलामी बल्लेबाज मैडी डार्क (22) और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज टीस फ्लिंटॉस (20) को पवेलियन भेजा। प्रिया ने इसके बाद निकोल (02), केट (01) और निकोला (00) को आउट करके मेजबान टीम को 22.1 ओवर में समेटने में अहम भूमिका निभाई।

## 'ब्रेकिंग द बैरियर्स' भारत के पैरालंपिक नायकों की दस्तां

नई दिल्ली, एजेंसी


- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखी पुस्तक की प्रस्तावना

भारतीय पैरालंपिक के 26 नायकों के पदक जीतने की अनसुनी दस्तां बयान करती 'ब्रेकिंग द बैरियर्स' पुस्तक का आधिकारिक विमोचन किया है। अनुभवी खेल पत्रकार अभिषेक दुबे और महावीर रावत द्वारा लिखित इस पुस्तक की प्रस्तावना उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखी है। यह पुस्तक भारत के पैरालंपिक एथलीटों की अदम्य साहस को श्रद्धांजलि है।

पुस्तक के लेखक पूर्व एनडीटीवी खेल संवाददाता, एंकर और पेरिस पैरालिंपिक 2024 के लिए प्रेस सहयोगी महावीर रावत ने कहा मुझे यह अवसर देने के लिए मैं अभिषेक दुबे सर और कोणार्क प्रकाशक का बहुत आभारी हूँ। उनके सहयोग से ही ब्रेकिंग द बैरियर्स को मूर्त रूप मिल सका। दीपा मलिक ने कहा यह पैरा एथलीटों पर पहली पुस्तक है। अन्य एथलीटों के बारे में कुछ कहानियाँ मेरे लिए भी बहुत नई हैं।

## लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की होगी जीत : विनेश

नई दिल्ली, एजेंसी



पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी। विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे।

### फोगाट ने कहा-पदक गंवाना था सबसे बड़ा झटका

विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटी टीम, 2014 से 2023 तक चार शृंखलाओं में हारा है भारत

# जायसवाल से निपटने के लिए लियोन ने मांगी हार्टले से मदद

सिडनी, एजेंसी



दिग्गज ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी है और उन्होंने उभरते हुए स्टार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल से निपटने के लिए इंग्लैंड के स्पिनर टॉम हार्टले से सलाह ली है। पिछले साल वेस्टइंडीज में पदार्पण पर शतक बनाने वाले जायसवाल ने इस साल की शुरुआत में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 712 रन बनाए थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर मिलने वाली गति और उछाल मुंबई के इस बल्लेबाज के लिए अलग चुनौती पेश करेगी।

'ईएसपीएनक्रिकइंफो' ने लियोन के हवाले से कहा मेरा अभी तक जायसवाल सामना नहीं हुआ है लेकिन यह हम सभी गेंदबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा जिस तरह से जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ खेला, मैंने उसे काफी करीब से देखा और मुझे लगा कि यह शानदार था। लियोन ने कहा मैंने टॉम हार्टले (इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर) के साथ अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ उसके खेलने के तरीकों के बारे में काफी अच्छी बातचीत की जो मुझे काफी दिलचस्प लगी। लियोन लंकाशर की ओर से इंग्लिश काउंटी में खेले और उन्हें हार्टले के साथ बातचीत करने का मौका मिला जिन्होंने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैच में 20 विकेट लिए थे और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें जायसवाल के खिलाफ खेलने का अनुभव है।


लियोन के अलावा 2014-15 श्रृंखला में खेलने वाले जोश हेजलवुड अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के हालिया परिणाम उनके रिकॉर्ड में एक बड़ी कमी दर्शाते हैं। यह दस साल का अधूरा काम है, यह लंबा समय रहा है और मुझे पता है कि हम चीजों को बदलने के लिए बेहद भूखे हैं, खासकर यहां घरेलू मैदान पर। उन्होंने कहा मुझे गलत मत समझिए, भारत एक सुपरस्टार टीम है और उनका सामना करना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मैं चीजों को बदलने के लिए भूखा हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हम उस ट्रॉफी को वापस लाएं।

### सिर्फ एक बार जीता भारत

ऑस्ट्रेलिया ने 2014-15 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2-0 से जीतने के बाद से भारत के खिलाफ अगली चार श्रृंखलाएं गंवाई हैं। इनमें से दो श्रृंखलाएं विराट कोहली (2016-17, 2018-19) की अगुआई में जबकि एक-एक अजिंक्य रहाणे (2021) और रोहित शर्मा (2023) की अगुआई में खेली गईं।

### कप्तान कमिंस ने लिया आठ सप्ताह का ब्रेक

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं।



ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। फॉक्स स्पोर्ट्स ने कमिंस के हवाले से कहा ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर सकता हूं। उन्होंने कहा मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं।

### अंडर-19 महिला क्रिकेट

## टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान अलग-अलग ग्रुप में

**दुबई।** मलेशिया की मेजबानी में अगले वर्ष जनवरी में होने वाले अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में भारत और पाकिस्तान को दो अलग-अलग ग्रुपों में रख गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2025 के लिए जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार 18 जनवरी 2025 से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में 16 टीमों के बीच 41 मैच खेले जायेंगे और टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दो फरवरी होगा।

यह टूर्नामेंट मलेशिया के चार शहरों में खेला जाएगा। सेलांगोर में बायुमास ओवल ग्रुप ए के सभी मैचों और फाइनल की मेजबानी करेगा। जोहोर का दातो डॉ. हरजीत सिंह जोहोर क्रिकेट ऐकेडमी ग्रुप बी के मैचों की मेजबानी करेगा। सारावाक का बोर्नियो क्रिकेट ग्राउंड ग्रुप सी मुकाबलों का आयोजन स्थल होगा जबकि सेलांगोर में यूकेएम वाईएसडी ओवल ग्रुप डी के मैच होंगे। समोआ के लिए ये किसी भी आयु वर्ग में यह पहला विश्व कप होगा, जो न्यूजीलैंड, द. अफ्रीका और एक अन्य टीम अफ्रीका क्वालिफायर के साथ ग्रुप सी में है। ग्रुप बी में इंग्लैंड के साथ पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका है। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, स्कॉटलैंड और एक एशियाई क्वालीफायर है। भारत के ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया शामिल है।

## पाकिस्तान-बांग्लादेश का दूसरा टेस्ट रावलपिंडी में

**लाहौर।** कराची के नेशनल स्टेडियम में चल रहे निर्माण के कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला दूसरा टेस्ट मैच भी रावलपिंडी में होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खेल के घंटों के दौरान भी निर्माण कार्य जारी रहता, जिसकी आवाज से खेल प्रभावित हो सकता था। इसके अलावा निर्माण कार्य से उठने वाली धूल भी खिलाड़ियों के लिए ठीक नहीं रहती।

पीसीबी चाहता है कि स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाए। इंग्लैंड के साथ कराची में होने वाले मैच पर टिप्पणी से इंकार करते हुए उन्होंने कहा अभी उस मैच के बाबत कुछ नहीं कहा जा सकता, वह अभी 15 से 19 अक्टूबर के बीच होना है। हम निर्माण कार्यों की प्रगति पर करीबी निगाह रखे हुए हैं और इसके बारे में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी देते रहेंगे। पहले बताया गया था कि 30 अगस्त से तीन सितंबर तक चलने वाला दूसरा टेस्ट कराची में ही बिना किसी दर्शकों के खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरे होने पर खेलेंगे मैच

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड टेस्ट के 150 वर्ष पूरा होने मेलबर्न के ऐतिहासिक क्रिकेट मैदान पर मार्च 2027 में टेस्ट मैच खेलेंगे। दोनों देशों के बीच 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रनों से जीता था।

टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरा होने पर भी दोनों देशों के बीच 1977 में टेस्ट मैच खेला गया था इस मुकाबले को भी ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था। इसके साथ यह भी समझौता हुआ अगले सात वर्षो तक बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न तो नए साल का टेस्ट सिडनी में ही आयोजित होगा। 2030-31 सत्र तक हुए इस समझौते के अनुसार क्रिसमस से तुरंत पहले का टेस्ट ऐडिलेड जबकि सत्र का पहला टेस्ट पर्थ में आयोजित होगा। हालांकि पर्थ ने केवल अगले तीन साल के लिए ही अनुबंध किया है। अगले वर्ष का ऐशेज श्रृंखला पारंपरिक गाबा, ब्रिस्बेन की मैदान की जगह पर्थ में होगी। उल्लेखनीय है कि 2032 के ओलंपिक को देखते हुए गाबा के स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान वहां बहुत कम टेस्ट होंगे।

## चयन नीति से हो रहा है नुकसान : राणा

नई दिल्ली, एजेंसी



- एनआरएआई की अपनी नीतियों में अंतिम समय बदलाव की प्रवृत्ति पर कोच ने की आलोचना

पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा। एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की।

राणा ने शुक्रवार को पीटीआई मुख्यालय में उसके संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे।

राणा ने कहा सौरभ चौधरी कहां हैं, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम (10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज) अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है। राणा ने कहा कि वह बदलाव के खिलाफ नहीं हैं लेकिन ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक निरंतरता बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा अभी हमारे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक विजेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। हम ओलंपिक पदक विजेताओं को लंबे समय तक नहीं देखते क्योंकि हमारे पास उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है।

### छह माह में बदलती नीति

राणा ने कहा महासंघ की चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे। तोक्यो ओलंपिक खेलों में फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए।



आईएसपीएल की घोषणा करते सचिन तेंदुलकर, करीना व सैफ अली खान।

## टेप लगी गेंद और रिवर्स स्विंग से होगी बल्लेबाजों की परीक्षा : तेंदुलकर

मुंबई, एजेंसी

### आईएसपीएल

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को खुलासा किया कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रिवर्स स्विंग का सामना करने के अपने अनुभव का इस्तेमाल टेनिस गेंद टूर्नामेंट इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) में इसे लागू करने के लिए किया।

आईएसपीएल का दूसरा सत्र ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में 26 जनवरी से नौ फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें अक्टूबर से देश के पांच क्षेत्रों के 55 शहरों में ट्रायल होंगे। टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा लेंगी। तेंदुलकर ने उम्मीद जताई कि स्टेडियम में 30,000 और इससे अधिक दर्शकों को आकर्षित करने वाले टूर्नामेंट का जल्द ही महिला क्रिकेटर भी हिस्सा होंगी। तेंदुलकर ने कहा कि जो गेंदबाज ट्रायल और चयन के माध्यम से आए थे, वे टेप लगी गेंद से खेलने के आदी नहीं थे लेकिन कुछ समय बिताने के बाद उन्होंने इसे सीख लिया।

## इगा और सिनर सेमीफाइनल में

### सिनसिनाटी ओपन

मेसन (ओहियो), एजेंसी




<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं इगा स्वियातेक। ● एजेंसी

महिला एवं पुरुष वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी क्रमशः इगा स्वियातेक और यानिक सिनर ने कड़ी मशक्कत करने के बाद सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा पर 6-4, 3-6, 7-5 से जीत के साथ अपना विजय अभियान 15 मैच तक पहुंचाया। उनका अगला मुकाबला आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने लुडमिला सैमसोनोवा को 6-3, 6-2 से हराया।

सिनर ने आंद्रे रुबलेव को 4-6, 7-5, 6-4 से हरा कर पिछले सप्ताह मोंट्रियल के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला चुकता किया। वह ओपन युग में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। सिनर का अगला मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। पूर्व चैंपियन ज्वेरेव ने बेन शेल्टन को 3-6, 7-6, 7-5 से हराया। ज्वेरेव ने सिनर के खिलाफ लगातार चार जीत हासिल की हैं। फ्रांसिस टियाफो ने ह्यूबर्ट हर्काज़ के पिंडली की चोट के कारण दूसरे सेट से हट जाने के बाद लगातार दूसरे वर्ष सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई। महिला वर्ग के अन्य मैचों में जेसिका पेगुला ने लेयला फर्नांडीज को 6-2, 6-7, 7-6 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला पाउला बडोसा से होगा। बडोसा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को हराया।



मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ कांस्य विजेता हॉकी टीम। ● एजेंसी

## मान ने हॉकी टीम को किया सम्मानित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों को रविवार को यहां एक-एक करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। मान ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि राज्य और देश के लिए गौरव बढ़ाने वाले इन सभी माटी के लाल को सम्मानित किया जा रहा है। मान ने भारतीय टीम में शामिल पंजाब के आठ हॉकी खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये से सम्मानित किया। उन्होंने ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी 15-15 लाख रुपये से पुरस्कृत किया। मान ने कहा कि उन्होंने भारतीय टीम का हर हॉकी मैच देखा और इन खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने सभी को गौरवान्वित महसूस कराया है। पदक जीतना हर देशवासी के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने जिम्मेदारी के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की सराहना की। मान ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने पुराने गौरव को हासिल करते हुए पुनरुद्धार की राह पर है।

## वेस्टइंडीज को हराकर दक्षिण अफ्रीका ने कब्जाई टेस्ट शृंखला की ट्रॉफी

प्रोविडेंस (गयाना), एजेंसी



ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई।

यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई। वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। जवाब में वेस्टइंडीज 144 रन पर आउट हो गई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



**रक्षाबंधन** बीएसएफ की महिला कांस्टेबलों ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट के पास बांग्लादेश-भारत सीमा पर रक्षाबंधन त्योहार से एकदिन पूर्व पुरुष सहकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी।

# फोन से निकल रहा रेडिएशन हो सकता है जानलेवा

आजकल स्मार्टफोन जिन्दगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है, जेब से लेकर बिस्तर तक हर समय साथ रहता है। स्मार्टफोन के कई सारे नुकसान हैं तो कई फायदे भी हैं लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि यह फायदे के साथ-साथ फोन से लोगों को नुकसान भी पहुंच रहा है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन सेहत के लिए बहुत हानिकारक माना जाता है, इसके कारण हमारे शरीर को कई सारी बीमारियां घेर लेती हैं। चलिए जानते है ये रेडिएशन कितना हानिकारक है :



### क्या है मोबाइल टॉवर रेडिएशन

मोबाइल फोन के नेटवर्क के लिए टेलीकॉम कंपनियां अलग-अलग क्षेत्रों में जरूरत के मुताबिक टावर इंस्टॉल करती हैं, टावर का रेडिएशन हमारे सीधे संपर्क में नहीं रहता है, इसलिए इसका गलत प्रभाव शरीर पर बहुत कम पड़ता है लेकिन फोन 24 घंटे हमारे साथ रहता हो तो इसका प्रभाव बहुत ज्यादा पड़ता है। अगर आप अपने मोबाइल फोन के रेडिएशन को चेक करना चाहते हैं, तो इसके लिए मोबाइल से *#07# डायल करना होगा।

### इन बीमारियों का बढ़ता है खतरा

रेडिएशन के कारण दिमाग और दिल दोनों पर बुरा असर पड़ता है। धड़कन अनियमित हो सकती है और दिमाग की याददाश्त प्रभावित होती है। ये फर्टिलिटी पर भी बुरा असर डालती है। कैंसर, आर्थराइटिस, सर्वाइकल, अल्जाइमर और हार्ट डिजीज का रिस्क बढ़ाती है। इतना ही नहीं एकाग्रता, आंख की समस्याएं के साथ न्यूरोडेगेनेरेटिव डिसऑर्डर होने का भी खतरा रहता है।

### ऐसे प्रभाव करें कम

- यदि फोन पैंट की जेब में है तो यह फर्टिलिटी को प्रभावित करता है इसलिए ऐसा करने से बचें। अच्छे मोबाइल केस का इस्तेमाल करें।
- कई बार आप फोन में मल्टी-टास्किंग कर रहे होते हैं या गेम खेल रहे होते हैं या फिर लो बैटरी में भी लगातार फोन चला रहे होते हैं। इन तमाम चीजों से बचें. चार्जिंग के दौरान भी फोन पर काम न करें।
- रेडिएशन का असर दिमागी सेल्स पर भी पड़ता है, अगर लंबे समय तक फोन पर बात करते हैं तो आपके दिमाग पर इसका असर हो सकता है। सबसे सही तरीका है कि आप फोन को स्पीकर में रखकर बात करें, या इयरफोन का प्रयोग करें।
- कमजोर सिग्नल के दौरान इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन सबसे ज्यादा होता है, खासकर जब आप बेसमेंट या लिफ्ट जैसी जगहों पर हों तो फोन कॉल करने से बचें।

## एक नजर

### फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का निधन

पेरिस। द लेपर्ड और रोक्को एंड हिज ब्रदर्स जैसी सुपर हिट फिल्मों में अभिनय का जौहर दिखाने वाले फ्रांस के मशहूर अभिनेता एलेन डेलन का रविवार को निधन हो गया। वह 88वर्ष के थे। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विश्व प्रसिद्ध फ्रांसीसी अभिनेता एवं फिल्म निर्माता डेलन को 20वीं सदी के उत्तरार्ध के सबसे बेहतरीन यूरोपीय सितारों और सेक्स प्रतीकों में से एक माना जाता है। डेलन कई वर्षों से स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रहे थे और पूरी तरह से एकांतप्रिय हो गए थे। डेलन को 1960 में रिलीज हुई फिल्म पर्पल नून से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली।

### ब्राजील में संचालन बंद करेगा एक्स

मेक्सिको सिटी। सोशल मीडिया मंच एक्स ने ब्राजील में अपना संचालन बंद करने की शनिवार को घोषणा की। कंपनी ने आरोप लगाया कि ब्राजीलियाई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जांद्रे डि मोरेज ने सेंसरशिप से जुड़े आदेशों का अनुपालन न करने पर ब्राजील में एक्स के न्यायिक प्रतिनिधि को गिरफ्तार करने की चेतावनी दी है।

### रूस में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर भूकंप के तेज झटके

मास्को। रूस के सुदूर पूर्व में कामचटका प्रायद्वीप के तट पर शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। रूसी विज्ञान अकादमी (आरएएस) ने कहा भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7 .0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 108 किलोमीटर 67 मील दूर सतह से छह किमी गहराई में था।

### अमेरिका में सैन्य अड्डे पर गोलीबारी

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के टेक्सास में ज्वाइंट बेस सैन एंटोनियो-लैकलैंड (जेबीएसए) में सुरक्षा बलों ने जेबीएसए-चैपमैन ट्रेनिंग एनेक्स को तोड़ने का प्रयास कर रहे संदिग्धों के साथ गोलीबारी की घटना हुई। सैन्य अड्डे ने यह जानकारी दी। जेबीएसए की अनुसार सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 :30 बजे गोलीबारी करने वालों के जवाबी गोलीबारी की।

# सत्ता हस्तांतरण में सहयोग करे भारत

## राजनीतिक विश्लेषक बोले- अल्पसंख्यकों से व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में महत्वपूर्ण कारक होगा

ढाका, एजेंसी

कई राजनीतिक विश्लेषकों और विदेशी संबंध एवं सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि अगर भारत बांग्लादेश में हो रही सत्ता हस्तांतरण प्रक्रिया का समर्थन करता है और किसी एक व्यक्ति और पार्टी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अन्य राजनीतिक दलों के साथ भी संबंध बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो इससे उसे फायदा होगा। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ व्यवहार दोनों देशों के संबंधों में एक महत्वपूर्ण कारक होगा।

अग्रणी थिंकटैंक बांग्लादेश एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट (बीईआई) के प्रमुख हुमायूं कबीर ने कहा मुझे लगता है कि हमारे संबंधों को फिर से तय करने के लिए आपसी समझ शुरुआती बिंदु होनी चाहिए, क्योंकि हम एक-दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए हमें अपने संबंधों को पुनर्निर्धारित करने के लिए एक-दूसरे की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश का पड़ोसी होने के नाते भारत मुश्किल समय में हमेशा हमारे साथ रहा है और बदलाव की मौजूदा प्रक्रिया के दौरान भी यदि वह हमारा समर्थन करता है तो मुझे लगता है कि बांग्लादेश के लोग भारत को एक मित्र के रूप में देखेंगे। कबीर ने कहा बांग्लादेश शांति एवं सुरक्षा अध्ययन संस्थान (बीआईपीएसएस) के अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर जनरल मुनीरुज्जमां ने कहा कि भारत को बांग्लादेश की वास्तविकता देखनी चाहिए, जहां जन क्रांति हुई है। उन्होंने कहा उन्हें (भारत को) इतिहास के सही पक्ष की तरफ होना चाहिए और बांग्लादेश के लोगों के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करनी चाहिए।



### हसीना ने बांग्लादेश की हर संस्था को नष्ट किया : यूनुस

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता बरकरार रखने की कोशिश के तहत हर संस्था को तबाह कर दिया। यूनुस ने वादा किया कि जैसे ही उनकी सरकार अहम सुधार करने की जरूरी प्रक्रिया पूरा कर लेगी, वह स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव कराएंगे। सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद 76 वर्षीय हसीना ने 5 अगस्त को इस्तीफा दे दिया और भारत चली गईं। हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद 84 साल के यूनुस ने 8 अगस्त को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के रूप में शपथ ली। यूनुस ने कहा सत्ता बरकरार रखने की कोशिश में शेख हसीना की तानाशाही ने देश की हर संस्था को नष्ट कर दिया। न्यायपालिका चरमरा गई। डेढ़ दशक तक चली क्रूर कार्रवाई के जरिये लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला गया।

### हसीना पर सामूहिक हत्या के आरोप में वाद दायर

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत में रविवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 33 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए एक अर्जी दायर की गई, जिसमें उन पर 2013 में हिफाजत-ए-इस्लाम द्वारा आयोजित एक रैली पर अंधाधुंध गोलीबारी करके सामूहिक हत्या करने का आरोप लगाया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बांग्लादेश पीपुल्स पार्टी (बीपीपी) के अध्यक्ष बाबुल सरदार चखारी ने ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर की है।

### एक महीने बाद शिक्षण संस्थान खोले गए

ढाका। बांग्लादेश में सभी शिक्षण संस्थान रविवार को खोल दिए गए। इन्हें छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा होने के कारण एक महीने से अधिक समय पहले बंद कर दिया गया था। विरोध प्रदर्शनों के कारण हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर जाना पड़ा था। नौकरियों में आरक्षण से संबंधित प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर हाल में हुए आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 17 जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए गए थे।


## कुवैत के प्रधानमंत्री और युवराज से द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

# भारत और कुवैत के बीच सद्भावना व मित्रता सदियों पुरानी : जयशंकर

कुवैत सिटी, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कुवैत के प्रधानमंत्री शेख मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा और युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनसे चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और कुवैत के बीच सद्भावना और मित्रता के सदियों पुराने संबंध हैं। हमारी समकालीन साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। हमारे संबंधों को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने से जुड़े उनके विचार और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद।

रविवार को एक दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जयशंकर ने भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने के लिए शेख सबा के विचारों को सराहा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कुवैत के प्रधानमंत्री शेख डॉ. मुहम्मद सबा अल-सलेम अल-सबा से मुलाकात कर खुशी हुई। उन्होंने कहा भारत-कुवैत संबंधों को और मजबूत बनाने के उनके विचारों की सराहना करता हूं। आगे के आर्थिक सहयोग के संबंध में उनके विचारों को महत्व दिया। जयशंकर ने इससे पहले देश के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के बारे में मशविरा किया। उन्होंने पोस्ट कर कहा कुवैत के युवराज शेख सबा अल-खालिद अल-सबा से मुलाकात करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।



कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ एस जयशंकर।

### विदेश मंत्री से अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का हुआ आदान-प्रदान

विदेश मंत्रालय ने कहा कि उनकी यात्रा से दोनों देशों को राजनीतिक मसलों, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास समेत भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने का मौका मिला है और आपसी हितों के जुड़े क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी हुए।

# सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने 85 की हत्या की

- लूटपाट, आगजनी के बाद महिलाओं व बच्चों को बनाया निशाना
- 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की ताजा घटना

काहिरा, एजेंसी

सूडान में अर्धसैनिक समूह के लड़ाकों ने एक गांव में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी के बाद महिलाओं एवं बच्चों समेत कम से कम 85 लोगों की हत्या कर दी। प्राधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। देश में 18 महीने से जारी विनाशकारी संघर्ष में रक्तपात की यह ताजा घटना है। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अर्धसैन्य बल 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ)' ने जुलाई में सेन्नार प्रांत के गलगानी में हमले शुरू किए और पिछले सप्ताह आरएसएफ लड़ाकों ने गांव के निहत्थे निवासियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। ग्रामीणों ने अपहरण और महिलाओं व लड़कियों के साथ यौन शोषण का विरोध किया, जिसके बाद उन पर हमला किया गया। इसमें बताया गया है कि हमले में 150 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए। एक स्वास्थ्य देखभाल कर्मी ने बताया कि शुक्रवार तक चिकित्सा केंद्र में 24 महिलाओं और नाबालिगों समेत कम से कम 80 मृतकों के शव आए।



# सड़क हादसे में भारतीय मूल के तीन सदस्यों की मौत

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास राज्य में एक कार दुर्घटना में भारतीय मूल के एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह दुर्घटना टेक्सास के लैम्पासस काउंटी के पास हुई। ऑस्टिन अमेरिकन स्टेट्समैन की रिपोर्ट के अनुसार, अरविंद मणि (45), उनकी पत्नी प्रदीपा अरविंद (40) और उनकी 17 वर्षीय बेटी एंड्रिल अरविंद की कार दुर्घटना में मौत हो गयी। इसमें कहा गया है कि सभी लिएंडर के रहने वाले थे। उनका एकमात्र पारिवारिक सदस्य बच गया है। मृतक दंपती का 14 वर्षीय पुत्र आदिरयान दुर्घटना के दौरान उनके साथ वाहन में नहीं था। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि टक्कर से पहले वाहन तेज गति से उनके पास से गुजरा था।

# इजराइली हमलों में 28 की मौत, संघर्ष विराम को प. एशिया रवाना हुए ब्लिंकन

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

गाजा में बीती रात इजराइल के हमलों में एक महिला और उसके छह बच्चों समेत 28 लोगों की मौत हो गई। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन महीनों से जारी जटिल वार्ताओं के बाद एक संघर्ष विराम समझौता कराने के उद्देश्य से रविवार को पश्चिम एशिया के लिए रवाना हो गए। दोहा में दो दिन की वार्ता के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी मध्यस्थ देश मिस्र और कतर समझौता कराने के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली अधिकारियों ने समझौते को लेकर सावधानीपूर्वक आशा व्यक्त की है। लेकिन हमास ने लड़ाई जारी रखने के संकेत दिए हैं। संघर्ष विराम प्रस्ताव में तीन चरण वाली प्रक्रिया की बात कही गई है, जिसके तहत हमास 7 अक्टूबर को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करेगा। बदले में, इजराइल गाजा से अपनी सेना वापस बुलाएगा और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मध्यस्थों को इस युद्ध के समाप्त होने की उम्मीद है, जिसमें 40,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

### नेतन्याहू से मुलाकात कर सकते हैं अमेरिकी विदेश मंत्री



इस बीच, इजराइल का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ताओं के लिए रविवार को मिस्र की राजधानी काहिरा जाएगा जबकि सोमवार को ब्लिंकन के इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करने की संभावना है। हमास ने निकट भविष्य में समझौता होने को लेकर संदेह जताया है। इसने कहा है कि नवीनतम प्रस्ताव पिछले प्रस्ताव से काफी अलग है, जिसे उसने सैद्धांतिक रूप से स्वीकार कर लिया था।

# नेपाल की विदेश मंत्री की भारत में पांच दिवसीय यात्रा शुरू

काठमांडू। नेपाल की नवनियुक्त विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा ने रविवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा शुरू की और इस दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि जयशंकर के निमंत्रण पर राणा भारत की यात्रा कर रही हैं। यह पदभार संभालने के बाद राणा की विदेश की पहली आधिकारिक यात्रा है। इसमें कहा गया है, इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री राणा भारत के अपने समकक्ष जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगी और नेपाल-भारत संबंधों को मजबूत करने तथा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए परस्पर हित के मामलों पर चर्चा करेंगी।

# ट्रंप बोले- हैरिस से बेहतर दिखता हूं

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ने पेंसिल्वेनिया में एक रैली में की टिप्पणी

- ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के खिलाफ निजी हमला करते हुए कहा कि वह उनसे कहीं ज्यादा अच्छे दिखते हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक रैली में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने टाइम पत्रिका के हालिया आवरण पृष्ठ का हवाला दिया, जिसमें उपराष्ट्रपति हैरिस को दिखाया गया है।

ट्रंप (78) ने टाइम पत्रिका के चित्रकार द्वारा हैरिस (78) के चित्र के साथ अत्यधिक उदारता दिखाने की आलोचना करते हुए कहा मैं उनसे कहीं अधिक अच्छा दिखता हूं। ट्रंप पिछली रैलियों में भी इस तरह की टिप्पणियां कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा टाइम पत्रिका के पास उनकी (हैरिस) कोई तस्वीर नहीं है। उनके पास एक अविश्वसनीय कलाकार है जो उनके चित्र बना रहा है। उन्होंने बहुत सारी तस्वीरें लीं जो काम नहीं आईं, इसलिए उन्होंने स्केच कलाकार को काम पर रखा। ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस पर उनकी आर्थिक नीति को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि उन्हें हैरिस पर व्यक्तिगत रूप से हमला करने का अधिकार है, क्योंकि वह उनके प्रति बहुत सम्मान नहीं रखते। ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की रैली के दौरान चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला किया। अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए पेंसिल्वेनिया की महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि ट्रंप ने 2016 में राज्य को बहुत कम अंतर से जीता था, लेकिन फिर 2020 में बाइडन से मामूली अंतर से हार गए।



### कहा- बाइडन हैरिस से नफरत करते हैं

हालांकि, ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि वह कीमतों को नीचे ला सकते हैं, लेकिन उन्होंने अमेरिकी तेल उत्पादन को बढ़ाने की कवायद के अलावा कोई अतिरिक्त विवरण नहीं दिया। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने लगातार दावा किया कि हैरिस ने राष्ट्रपति बाइडन से राष्ट्रपति पद की दावेदारी चुरा ली। ट्रंप ने दावा कि बाइडन गुस्से में हैं और वह हैरिस से नफरत करते हैं। ट्रंप ने कहा बाइडन उनसे नफरत करते हैं क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### हैरिस की टीम बोली- फिर वही पुराना शो

ट्रंप की रैली के बाद एक बयान में हैरिस की चुनाव प्रचार टीम ने कहा एक और रैली, वही पुराना शो। हैरिस की चुनाव प्रचार टीम के प्रवक्ता जोसेफ कोस्टेलो ने कहा डोनाल्ड ट्रंप अपने खतरनाक प्रोजेक्ट 2025 एजेंडे को नहीं बेच सकते, जिसमें कामकाजी परिवारों पर करों में 3,900 डॉलर की वृद्धि, किफायती देखभाल कानून को समाप्त करना और हमारी स्वतंत्रता को छीनना शामिल है। इसलिए वह झूठी, बेतुकी और भ्रमित करने वाली बातों का सहारा लेते हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 35 साल बाद फिर से रिलीज होगी फिल्म मैंने प्यार किया

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री भाग्यश्री की सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया 35 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनीं सुपरहिट फिल्म मैंने प्यार किया वर्ष 1989 में प्रदर्शित हुयी थी। बतौर मुख्य अभिनेता सलमान खान की यह पहली फिल्म थी। भाग्यश्री ने भी इसी फिल्म से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। राजश्री प्रोडक्शन ने मैंने प्यार किया को फिर रिलीज करने का फैसला किया है। राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसको दोबारा रिलीज किए जाने की जानकारी दी है। फिल्म मैने प्यार किया 23 अगस्त को पीवीआर और सिनेपॉलिस में रिलीज की जायेगी।



# अमिताभ बच्चन ने काम करने की बताई वजह

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 81 साल की उम्र में भी काम करने की वजह बतायी है। अमिताभ बच्चन को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये करीब छह दशक हो गये हैं। अमिताभ आज भी जोशो-खरोश के साथ 81 वर्ष की उम्र में काम कर रहे है।अक्सर उनसे यह सवाल पूछा जाता है कि वह काम क्यों करते रहते हैं। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में इसका जवाब दिया है। अभिनेता ने लिखा कि वे काम के सिलसिले में मुझसे पूछते रहते हैं, मेरे काम करने का कारण और मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है, सिवाय इसके कि यह मेरे लिए एक और नौकरी का अवसर है और क्या कारण हो सकता है।दूसरों के पास अवसरों और स्थितियों का अपना आकलन होता है और अक्सर वे अपने मॉडल को सर्वोपरि मानते हैं। मेरे जूते पहनें और पता करें। हो सकता है आप सही हों और हो सकता है नहीं। आपको अपने निष्कर्ष निकालने की स्वतंत्रता है और मुझे अपने काम की स्वतंत्रता है।मेरा काम मुझे दिया गया था। जब यह आपको दिया जाता है, तो उस प्रश्न का उत्तर दें। मेरे कारण आपसे सहमत नहीं हो सकते हैं, लेकिन अभिव्यक्ति के अधिकार को उपस्थिति की कई सुरंगें दी गई हैं, आपको सुना जाता है।आपने कहा, मैंने सुना, मैंने काम करने का कारण दिया। वह मैं हूं, मेरे पास जो कारण है वह मेरा है। बंद शटर और ताला लगा हुआ है और सामग्री की नपुंसकता आपको अपने रेत के महल बनाने और इसके निर्माण का आनंद लेने के लिए मजबूर करती है।

